जबलपुर
गुरुवार, 19 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष–08
वर्ष : 20, अंक : 50
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 38
न्यून. 29

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

इंटरनेट पर मजेदार प्रतिक्रियाएं

## लीची मोमो बेचने वाले का वीडियो वायरल



**नई दिल्ली।** फूड फ्यूजन का चलन काफ़ी समय से है, लेकिन इसकी भी कुछ सीमाएं हैं। न तो सभी खाद्य पदार्थ एक दूसरे के साथ अच्छे लगते हैं और न ही हर खाद्य पदार्थ को मिलाना चाहिए। इंटरनेट पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दिल्ली के एक स्ट्रीट वेंडर को लीची ग्रेवी मोमोज बनाते हुए देखा जा सकता है।

*इंदौर ने 64वां ग्रीन कॉरिडोर बनाकर रच दिया इतिहास*

# उज्जैन के ब्रेन डेड बुजुर्ग के अंगदान से 2 मरीजों को मिल गया जीवनदान

*सुबह 9 बजे सीएचएल केयर हॉस्पिटल से चोइथराम हॉस्पिटल के लिए ग्रीन कॉरिडोर*

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर



शहर में बुधवार सुबह 64वां ग्रीन कॉरिडोर बना। 69 वर्षीय बुजुर्ग उज्जैन में सीवियर ब्रेन हेमरेज का उपचार करा रहे थे। उपचार के दौरान डॉक्टर ने ब्रेन डेथ की जानकारी परिवार को दी। इसके बाद परिवार ने अंगदान के लिए मुस्कान ग्रुप से संपर्क किया। मुस्कान ग्रुप के सेवादार जीतू बगानी ने बताया कि उज्जैन निवासी तुलसीराम रावल (69) को ब्रेन हेमरेज हो गया था। उन्हें वहीं के पाटीदार हॉस्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। ब्रेन डेथ के बाद रावल को 16 जून को इंदौर लाया गया। यहां सीएचएल अस्पताल में अंगदान की प्रक्रिया शुरू की गई। चार चिकित्सक दलों की ब्रेन डेथ सर्टिफिकेशन कमेटी ने रोगी का प्रथम ब्रेन डेथ 17 जून सुबह 10:35 तथा द्वितीय ब्रेन डेथ सर्टिफिकेशन शाम 5:30 पर पूरा किया।

बुजुर्ग की एक किडनी सीएचएल केयर हॉस्पिटल में मरीज को प्रत्यारोपित की गई, दूसरी किडनी चोइथराम हॉस्पिटल के मरीज को मिली



### व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी करते रहे डॉक्टर और अधिकारी

*बगानी ने बताया कि सांसद शंकर लालवानी, संभाग आयुक्त दीपक सिंह, इंदौर सोसाइटी फॉर ऑर्गन डोनेशन के सचिव एवं एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन मेडिकल कॉलेज डॉ. अरविंद घनघोरिया, संस्थापक सचिव डॉ. संजय दीक्षित लगातार मॉनिटरिंग करते रहे। इसके अलावा सोटो मध्य प्रदेश के नोडल ऑफिसर डॉ. मनीष पुरोहित, निधि शर्मा, शुभम वर्मा ने भी समन्वय किया। मृतक तुलसीराम के बेटों संतोष और शैलेन्द्र ने अंगदान प्रक्रिया में सहयोग करने वाले राजेश पेड़वा, डॉ. सुरेंद्र सिंह परिहार, मोनिशा बगानी, डॉ. निखिलेश जैन, डॉ. शिव शंकर शर्मा, डॉ. सौरभ जुल्का, डॉ. विपिन शर्मा, संदीपन आर्य, लकी खत्री, जुगल नागपाल, राजेन्द्र माखीजा, जेठानंद जयसिंघानी, विशाल चंदानी, राजू धनवानी और तरुण रोचवानी का आभार माना।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### फिर टल गई शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा



**नई दिल्ली।** भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को स्पेस में ले जाने के लिए तैयार एक्सियॉम मिशन-4 की लॉन्चिंग को एक बार फिर स्थगित कर दिया गया है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने इसका जानकारी दी। नासा ने बताया कि यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में आवश्यक मरम्मत कार्यों के कारण लिया गया है। अब यह मिशन 22 जून, 2025 को लॉन्च किया जाएगा। नासा के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर कुछ तकनीकी समस्याओं का समाधान करने के लिए समय की आवश्यकता है। ये मरम्मत कार्य कार्यक्षमता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### 6.5% से ज्यादा रहेगी भारत की जीडीपी ग्रोथ



**नई दिल्ली।** प्रमुख रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने अपने ताजा अनुमान में कहा है कि 2025-26 वित्त वर्ष में भारत की असली सकल घरेलू उत्पाद बढ़ोतरी 6.5 प्रतिशत से अधिक रह सकती है। वहीं, सकल मूल्य वर्धन (ग्रॉस वैल्यू एडेड) की बढ़ोतरी 6.3 प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना जताई गई है। आईसीआरए ने बताया कि ग्रामीण मांग मजबूत बनी रहेगी, जिसका कारण रबी की फसलों से होने वाली आमदनी और जलाशयों का सामान्य से अधिक जलस्तर है। खुदरा महंगाई 4.2 प्रतिशत से ऊपर रह सकती है। वहीं थोक महंगाई 2.7 प्रतिशत से अधिक रह सकती है। इस दौरान राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। जबकि चालू खाता घाटा -1 फीसदी रह सकता है।

सीएम ने कहा कि मप्र में होम-स्टे बन रहा है अतिथि देवो भव: के भाव को चरितार्थ करने का माध्यम

# उत्तराखंड की तर्ज पर धर्मस्थलों के लिए 'हेलीकॉप्टर सर्विस' शुरू होगी

मुख्यमंत्री ने 241 होम-स्टे का किया वर्चुअल लोकार्पण

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पर्यटकों के लिए वेलनेस सुविधाएं बढ़ाने के लिए समिट की है। वे यहां आएंगे तो उन्हें वन्य जीव पर्यटन, धार्मिक पर्यटन के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिलेंगी*



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में विकसित हो रहे होम-स्टे भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के अतिथि देवो भवः के भाव को चरितार्थ करने का माध्यम बन रहे हैं। होम-स्टे संचालनकर्ता और राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रदेश में आने वाले सभी अतिथि प्रदेश के बारे में सकारात्मक छवि और अच्छी स्मृतियां साथ लेकर जाएं।

उन्होंने कहा कि मप्र जल्द ही उत्तराखंड की तर्ज पर स्टेट टूरिज्म बोर्ड के माध्यम से धर्मस्थलों के बीच पर्यटकों के लिए हेलीकॉप्टर सर्विस शुरू की जाएगी। पर्यटन के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य विभाग समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में ग्रामीण रंग पर्यटन संग के राज्य स्तरीय उत्सव में यह बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पर्यटन आत्मनिर्भरता और आत्म गौरव का प्रभावी माध्यम है।

***होम-स्टे निर्माण में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने वाले 10 जिला कलेक्टर हुए सम्मानित***



**रेस्पॉन्सिबल टूरिज्म मिशन के लिए वेबसाइट लॉन्च**

### प्रतिभागियों और संस्थाओं ने लगाई प्रदर्शनी


मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति में तीर्थाटन की परंपरा सदियों से रही है। दुनिया के लोग शौक और आनंद के लिए घर से निकलते हैं, जबकि भारत के लोग चारधाम की मोक्ष यात्रा पर निकलते हैं, जहां वे सनातन सांस्कृतिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए अन्य प्रदेशों की विविध जीवनशैली और परंपराओं से परिचित होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीण पर्यटन पर केंद्रित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ग्रामीण रंग पर्यटन संग उत्सव के अंतर्गत विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों और संस्थाओं की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही चाक पर मिट्टी की कलाकृतियां भी बनाई।



### पर्यटन को बढ़ावा देते हुए एमओयू

*कार्यक्रम में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए सिग्निफाइंग और टूरिज्म बोर्ड के बीच 61 गांवों में एलईडी एवं सोलर लाइट्स लगाने के लिए एमओयू का आदान प्रदान किया गया। साथ ही स्कोप ग्लोबल स्किल यूनिवर्सिटी और टूरिज्म बोर्ड के बीच फिल्म निर्माण एवं डिजिटल प्रमोशन के लिए एमओयू और एमपी टूरिज्म बोर्ड एवं एमपीएसईडीसी के बीच एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पर्यटकों के लिए वेलनेस सुविधाएं बढ़ाने के लिए समिट की है। वे यहां आएंगे तो उन्हें वन्य जीव पर्यटन, धार्मिक पर्यटन के साथ स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिलेंगी। इससे प्रदेश का मेडिकल टूरिज्म बढ़ेगा और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। प्रदेश टूरिज्म बोर्ड अपने दम पर विकास के पथ पर अग्रसर है। टूरिज्म बोर्ड के प्रचार-प्रसार के लिए तैयार की गई फिल्में अद्भुत थीं। नए सिरे से इनके उपयोग के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए। मध्यप्रदेश पर्यटन क्षेत्र में भारत ही नहीं दुनिया में शीर्ष स्थान प्राप्त करेगा।*

फास्टैग को लेकर नितिन गडकरी का बड़ा ऐलान



# 3000 का वार्षिक पास लाएगी सरकार, 15 अगस्त से प्रभावी

**पास विशेष रूप से गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों के लिए**

***यह एक साल या 200 यात्राओं तक के लिए वैध रहेगा***

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार 15 अगस्त से निजी वाहनों के लिए 3,000 रुपए का फास्टैग आधारित वार्षिक पास शुरू करेगी। पास विशेष रूप से गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों के लिए तैयार किया गया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि वार्षिक पास पूरे देश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध और लागत प्रभावी यात्रा प्रदान करने में मदद करेगा। यह एक्टिव होने की तारीख से एक साल या 200 यात्राओं तक के लिए वैध रहेगा।

सक्रिय होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा, में से जो भी पहले होगा, तब तक यह मान्य होगा। यह पास विशेष रूप से गैर-व्यावसायिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए डिजाइन किया गया है।

### एप और वेबसाइट पर अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा

उन्होंने एक्स पर आगे लिखा कि वार्षिक पास को सक्रिय करने, नवीनीकरण के लिए जल्द ही राजमार्ग यात्रा एप और एनएचएआई या एमओआरटीएच की वेबसाइट्स पर एक अलग लिंक उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल और सुगम होगी। यह नीति 60 किलोमीटर की सीमा के भीतर स्थित टोल प्लाजा के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को संबोधित करती है और एक ही सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सहज बनाएगी।

### तेज, सुगम और बेहतर यात्रा अनुभव के लिए प्रतिबद्ध

केंद्रीय मंत्री ने यह भी लिखा कि प्रतीक्षा समय घटाकर, भीड़ कम कर और टोल प्लाजाओं पर विवाद को समाप्त कर, वार्षिक पास नीति लाखों निजी वाहन चालकों के लिए तेज, सुगम और बेहतर यात्रा अनुभव के लिए प्रतिबद्ध है।

### तो...14,000 रुपए की बचत भी संभव

उदाहरण के लिए, अगर आप एच-8 के रास्ते गुरुग्राम से मानेसर जाते हैं तो आपको एक ट्रिप के लिए 85 रुपए का टोल चुकाना पड़ता है। अगर आप गुरुग्राम से मानेसर और मानेसर से वापस गुरुग्राम आते हैं तो आपको दो ट्रिप के लिए कुल 170 रुपए का टोल चुकाना होता है। इस तरह से, अगर आप इस रूट पर 200 ट्रिप करते हैं तो आपको कुल 17,000 रुपए का टोल चुकाना पड़ेगा। लेकिन अगर आपके पास फास्टैग एनुअल पास है तो आप सिर्फ 3000 रुपए में ही गुरुग्राम से मानेसर और मानेसर से गुरुग्राम के बीच 200 ट्रिप लगा सकते हैं। यहां आपको सीधे-सीधे 14,000 रुपए की बचत होगी।


मोरारी बापू से नाराज हैं काशी के संत

# सूतक उल्लंघन प्रकरण पर माफी मांगी फिर भी आक्रोश

एजेंसी ⏭ वाराणसी

ख्यात कथावाचक मोरारी बापू द्वारा सूतक उल्लंघन प्रकरण पर माफी मांग लेने के बाद भी काशी के संतों, विद्वानों का आक्रोश कम नहीं हुआ है। उनका कहना है कि बापू की वाणी में माफी कम, चुनौती ज्यादा है। माफी मांगने के बाद भी वे सूतक काल में श्रीरामकथा जारी रखकर काशी के धर्मशास्त्रीय परंपरा व धर्मशास्त्रों का खुला उल्लंघन कर चुनौती दिए जा रहे हैं। ऐसे में काशी के लोगों ने अब उनके विरोध की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब बापू ने काशी में आकर धर्म एवं शास्त्र के विरुद्ध आचरण किया हो। सूतक काल में निषिद्ध कथा, प्रवचन, बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन आदि वर्जित कृत्यों के विरोध पर उसे सही ठहराने के बापू के बयान से यह आक्रोश काफी बढ़ गया है।

- स्वजन के निधन पर 10 दिन के सूतक का विधान



बाली के पास ज्वालामुखी विस्फोट

# एयर इंडिया की फ्लाइट दिल्ली लौटी नहीं खुला इंडिगो के विमान का गेट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली से बाली के लिए रवाना हुई एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2145 गंतव्य एयरपोर्ट के पास ज्वालामुखी विस्फोट के कारण दिल्ली लौट गई। फ्लाइट की दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंडिंग हो गई और सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतार लिया गया। कंपनी के अनुसार एयरलाइन की ओर से यात्रियों को टिकट रद्द करने पर पूर्ण रिफंड या उनकी पसंद पर मुफ्त में उड़ान पुनर्निर्धारण की भी पेशकश की गई है।

- बुधवार को भी दो बड़ी घटनाएं



### आधे घंटे तक फंसे रहे पूर्व सीएम

रायपुर। रायपुर एयरपोर्ट पर मंगलवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दिल्ली से आई इंडिगो की फ्लाइट 6ई 6312 का मुख्य दरवाजा तकनीकी खराबी के चलते नहीं खुल पाया।

बिल्डर की शिकायत पर पुलिस ने किया गिरफ्तार

फर्जी हनीट्रैप मामले में धमकी देने का आरोप भी

# इन्फ्लुएंसर कीर्ति पटेल पर दो करोड़ की वसूली का आरोप

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

गुजरात की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कीर्ति पटेल को सूरत पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कीर्ति को कथित तौर पर जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक बिल्डर की शिकायत के बाद सूरत पुलिस ने एक्शन लिया। इन्फ्लुएंसर पर दो करोड़ रुपए की वसूली का आरोप है। कीर्ति पर शख्स ने उसे फर्जी हनीट्रैप मामले में धमकी देने का आरोप लगाया है। बिल्डर वजुभाई कटरोडिया ने करीब एक साल पहले सूरत के कपोदरा पुलिस स्टेशन में कीर्ति पटेल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि कीर्ति पटेल ने बिल्डर से दो करोड़ रुपए की फिरौती मांगी थी। साथ ही धमकी दी थी कि रकम नहीं मिलने पर उसे फर्जी हनीट्रैप केस में फंसा दिया जाएगा। शिकायत के बाद से ही कीर्ति पटेल फरार थी। पुलिस इन्फ्लुएंसर की तलाश में थी। मंगलवार को एक गुप्त सूचना के आधार पर सूरत पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। कीर्ति इंटरनेट की कंट्रोवर्सियल पर्सनैलिटी हैं। कई साल पहले कीर्ति पटेल पर हत्या के प्रयास के आरोप में भी लग चुके हैं। कीर्ति को 2020 में पुणे पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोप में सूरत से गिरफ्तार किया था।

- कीर्ति पटेल पर हत्या के प्रयास के आरोप भी



पिक्चर अभी बाकी है : राजा रघुवंशी हत्याकांड में नया मोड़, संजय वर्मा की एंट्री से गहराया रहस्य




# सोनम से 8 अप्रैल तक 234 बार बात, शिलांग पुलिस इंदौर पहुंची

**बड़े सवाल ये भी?**
1. क्या राज के लिए संजय के नाम से सिम ली गई थी, क्योंकि वह सिम बंद है
2. क्या वाकई कोई संजय है, जो सोनम का प्रेमी है और राज इसमें सिर्फ एक किरदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

इंदौर के चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में एक नया और सनसनीखेज खुलासा हुआ है। मेघालय पुलिस की जांच में एक नए किरदार संजय वर्मा का नाम सामने आया है, जिसने इस मामले को और पेचीदा बना दिया है। मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी के कॉल रिकॉर्ड्स से पता चला है कि उसने हत्या से पहले संजय वर्मा से लगातार संपर्क किया था। 1 मार्च से 25 मार्च के बीच सोनम ने संजय वर्मा को 112 बार फोन किया, यानी हर दिन औसतन 4-5 बार बातचीत हुई। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि 8 अप्रैल तक दोनों के बीच 234 बार बात हुई थी। संजय का नंबर सोनम के फोन में 'होटल' नाम से सेव था, और हत्या के बाद से उसका फोन बंद है। पुलिस को शक है कि संजय वर्मा इस हत्याकांड में अहम भूमिका निभा सकता है।



### एक संदिग्ध सूटकेस की भी जांच

*शिलांग पुलिस की विशेष जांच दल (एसआईटी) इंदौर पहुंचकर सोनम और राजा के परिजनों से पूछताछ कर रही है। संजय वर्मा की तलाश तेज कर दी गई है, और पुलिस उसके कॉल रिकॉर्ड्स और पृष्ठभूमि की जांच कर रही है। इस बीच, सोनम के मायके से एक संदिग्ध सूटकेस की भी जांच की जा रही है।*

### राज के परिजनों से भी पूछताछ

*पुलिस राज के परिजनों से भी पूछताछ कर रही है। क्योंकि, हत्या के बाद 4 दिन सोनम राज के घर आकर ही ठहरी थी। जबकि, राज की मां, दोनों बहनें लगातार इंकार कर रहीं थी कि सोनम उनके घर आई थी।*


श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
ई- पंजीयन
से अब बेहद आसान है
भूमि रजिस्ट्री की प्रक्रिया
सुगम मोबाईल एप
PAN व आधार इंटीग्रेशन
स्टांप वेंडर तक पहुंच आसान
जिओ रेफरेंसिंग प्रणाली
My Deed माड्यूल
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
(अधिक जानकारी के लिए
https://industries.cg.gov.in पर विजिट करें)
सुशासन से समृद्धि की ओर
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क




## अब 'आतंकवाद' को प्रॉक्सी वार नहीं, युद्ध की तरह देखता है भारत

### ट्रंप को पीएम मोदी की दो टूक
### ऑपरेशन सिंदूर के बाद ट्रंप और मोदी के बीच यह पहली बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात की और साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर को पाकिस्तान के अनुरोध के बाद रोका गया था। इसमें अमेरिका की मध्यस्थता या व्यापार सौदे की पेशकश जैसी कोई वजह नहीं थी।

पिछले महीने ऑपरेशन सिंदूर के बाद ट्रंप और मोदी के बीच यह पहली बातचीत थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ 35 मिनट तक फोन पर बात की।

- पीएम ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर को पाकिस्तान के अनुरोध के बाद रोका गया था। इसमें अमेरिका की मध्यस्थता या व्यापार सौदे की पेशकश जैसी कोई वजह नहीं थी
- मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को अगली क्वाड बैठक के लिए भारत आने का निमंत्रण दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने निमंत्रण स्वीकार कर लिया



ट्रंप के साथ 35 मिनट तक फोन पर बात

**भविष्य में भी मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा भारत**

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मोदी-ट्रंप फोन कॉल पर एक बयान में कहा कि पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि भारत ने कभी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं की है और भविष्य में भी इस तरह की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करेगा। ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है।

**इजराइल-ईरान और रूस यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष पर भी चर्चा**

*मिस्री ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत के दौरान इजराइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष पर दोनों नेताओं ने सहमति जताई कि दोनों पक्षों के बीच जल्द से जल्द शांति के लिए सीधी बातचीत जरूरी है। इस दिशा में प्रयास जारी रहने चाहिए।*

### पीएम मोदी को कनाडा से लौटते समय अमेरिका आने का निमंत्रण

ट्रंप ने जी-7 बैठक में भाग लेने के लिए यहां आए पीएम मोदी को कनाडा से लौटते समय अमेरिका आने का निमंत्रण दिया। हालांकि, पीएम मोदी ने कहा कि वह पहले से तय कार्यक्रम के कारण निमंत्रण स्वीकार नहीं कर सकते। पीएम मोदी ने इस साल के अंत में संभावित क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए ट्रंप को भारत आने का निमंत्रण दिया। मिस्री ने कहा कि मोदी और ट्रंप की मुलाकात जी-7 बैठक से इतर होनी थी, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति के जल्दी चले जाने के कारण यह मुलाकात नहीं हो सकी।

### क्रोएशिया की राजधानी जाग्रेब पहुंचे पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को क्रोएशिया की राजधानी जाग्रेब पहुंचे, यह यात्रा किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस यूरोपीय देश में पहली आधिकारिक यात्रा है। जाग्रेब, प्रधानमंत्री मोदी की तीन देशों की यात्रा का अंतिम पड़ाव है, जिसमें साइप्रस की यात्रा भी शामिल थी और इसके बाद वह मंगलवार को कनाडा के कनानास्किस में जी 7 शिखर सम्मेलन में भी भाग लिया।

- भारत और क्रोएशिया व्यापार, निवेश, रक्षा, कृषि जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम कर रहे

## खबर संक्षेप

### टी 20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान



**नई दिल्ली।** आईसीसी की ओर से टी20 वर्ल्ड कप के शेड्यूल का ऐलान कर दिया गया है। ये वर्ल्ड कप अगले साल होगा। शेड्यूल आने के साथ ही ये भी तय हो गया है कि किस टीम को किस ग्रुप में रखा गया है। खास बात ये है कि भारत और पाकिस्तान को फिर से एक ही ग्रुप में जगह दी गई है। इन दोनों टीमों के बीच महामुकाबला कब होगा, इसकी भी तारीख सामने आ गई है।

### मंदसौर में कार पलटी एक की मौत, 3 घायल



**मंदसौर।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बुधवार दोपहर मंदसौर के सीतामऊ थाना क्षेत्र के तितरोद के पास एक कार पलट गई। इसमें में हरियाणा के युवक की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। वहीं, दो युवकों को हल्की चोट आई है। कार में सवार युवक अपने दोस्त की मां के निधन की सूचना मिलने के बाद इंदौर एयरपोर्ट की ओर जा रहे थे।

### बाइकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, 3 की मौत



**डिंडौरी।** जिले के बिझौरी गांव के पास जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे पर एक अज्ञात वाहन ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना मंगलवार रात करीब 9 बजे की है। पुलिस के अनुसार सभी कौड़ियां गांव से देवरी जा रहे थे। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

### ईरान और इजराइल के बीच जारी युद्ध ने अब एक नया मोड़ लिया...अमेरिका की हो सकती है एंट्री

# ट्रंप ने कहा-बिना शर्त सरेंडर करो, खामनेई बोले नहीं करेंगे, अमेरिका बीच में आया तो 'पूर्ण युद्ध'

### अमेरिका से अपने 30 फाइटर प्लेन यूरोप की ओर रवाना कर दिए हैं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईरान और इजराइल के बीच जारी युद्ध ने अब एक नया मोड़ लिया है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने बुधवार को जंग का ऐलान करते हुए एक्स पर लिखा, हैदर के नाम पर जंग शुरू होती है। हम आतंकी यहूदी शासन को कड़ा जवाब देंगे। उनके इस पोस्ट के बाद ईरान ने इजराइल के विभिन्न शहरों पर 25 मिसाइलें दागीं। जवाबी हमले में इजरायल ने भी ताबड़तोड़ हमले किए। इसके बाद ईरान ने इजरायल की ओर फत्ताह मिसाइलें दागीं हैं। इधर, अमेरिका ने यरूशलेम में तीन दिन के लिए अपना दूतावास बंद कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि, हमें पता है कि खामेनेई कहां छिपा है।

### किसका कितना नुकसान?

**ईरान में** कम से कम 239 नागरिकों सहित 585 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा 1,300 से ज्यादा लोग घायल

**ईरान ने** इजराइल पर 400 मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे, इनमें 24 लोगों की मौत हो और सैकड़ों लोग घायल

इजराइल-ईरान के बीच संघर्ष की शुरुआत में अमेरिका ने खुद को इससे अलग रखा था हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अब इस जंग में भागीदारी का संकेत दिया है



ईरान ने इजराइल के तेल अवीव पर दागी मिसाइलें

### खामेनेई ने खाई कसम-दया नहीं दिखाएंगे



ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने बुधवार को कसम खाई कि उनका देश इजराइल के शासकों के प्रति कोई दया नहीं दिखाएगा। खामेनेई ने एक्स पर पोस्ट किया, हमें आतंकवादी जायोनी शासन को कड़ा जवाब देना चाहिए। हम जायोनीवादियों पर कोई दया नहीं दिखाएंगे।

### *ऑपरेशन राइजिंग लॉयन बनाम ऑपरेशन ऑनेस्ट प्रॉमिस 3*

*इजराइली सेना के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि हम अब ऑपरेशन राइजिंग लॉयन को अंजाम दे रहे हैं। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि इजराइल पर हुए हालिया हमले के दौरान हाइपरसोनिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया है। हमने ऑपरेशन ऑनेस्ट प्रॉमिस 3 की 11वीं वेव को अंजाम दिया है।*

### *तेल अवीव के एक हिस्से को खाली करने की चेतावनी*

*ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने तेल अवीव के एक हिस्से को खाली करने की चेतावनी जारी की है। इस चेतावनी में हिब्रू में एक बयान शामिल है, जिसमें निवासियों से उत्तरी तेल अवीव के हिस्से को तुरंत छोड़ने के लिए कहा गया है।*



### इजराइल समर्थक हैकिंग समूह ने एक प्रमुख ईरानी बैंक के खिलाफ विध्वंसकारी साइबर हमले की जिम्मेदारी ली

**इजराइल के पास रक्षा मिसाइलों की कमी हो रही**

ईरान के सैन्य बुनियादी ढांचे के खिलाफ बड़ी सफलताओं का दावा करने के बावजूद, इजराइल अपनी लंबी दूरी की मिसाइल इंटरसेप्टर की आपूर्ति को तेजी से समाप्त कर रहा है, जिससे उसकी रक्षा प्रणालियों की स्थिरता पर चिंता बढ़ रही है। उसके एयर डिफेंस सिस्टम भी खत्म हो रहे हैं। हालांकि, इजराइल ने कहा है कि उसने तेहरान क्षेत्र में एक सेंट्रीफ्यूज उत्पादन स्थल और कई हथियार निर्माण सुविधाओं पर हमला किया, ।

**अमेरिकी बंकर-बस्टिंग बम ही एकमात्र हथियार**

एक शक्तिशाली अमेरिकी बंकर-बस्टिंग बम ही एकमात्र ऐसा हथियार है जो ईरान की गहराई में दबी परमाणु सुविधाओं को नष्ट करने में सक्षम है, अगर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इजरायल का सैन्य समर्थन करना चाहते हैं तो यह उनके लिए पसंदीदा हथियार है।

*भारत सरकार का निकासी अभियान जारी*

**विमान में सवार हुए 90 छात्र आर्मेनिया से दिल्ली पहुंचेंगे**



नई दिल्ली। इजराइल और ईरान के बीच टकराव बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में वहां पढ़ने वाले भारतीय छात्रों और नागरिकों को बाहर निकालने के लिए भारत सरकार का अभियान जारी है। इसी के तहत, कश्मीर घाटी के 90 छात्र आज रात आर्मेनिया से दिल्ली पहुंचने वाले हैं।

### पत्नी का विवाह के बाद चल रहा था अफेयर

## हाईकोर्ट में पति द्वारा पेश वॉट्सएप चैट साक्ष्य के रूप में स्वीकार हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने एक महत्वपूर्ण फैसले में बिना सहमति के हासिल किए गए वॉट्सएप चैट को साक्ष्य के रूप में स्वीकार करने की अनुमति दी है। मामला एक वैवाहिक विवाद से संबंधित है, जहां एक पति ने अपनी पत्नी पर विवाह के बावजूद अपने प्रेमी से संबंध रखने का आरोप लगाया है। पति ने निचली अदालत में पत्नी के खिलाफ कुछ सबूत पेश किए थे। यह सबूत उस शख्स ने पत्नी के वॉट्सएप चैट से लिए थे, जिसे लेने के लिए पति ने पत्नी की इजाजत नहीं ली थी, लिहाजा गुप्त रूप से पति ने इस मिशन को अंजाम दिया था।

- पत्नी ने कहा कि निजता का उल्लंघन और साक्ष्य प्राप्त करने का अवैध तरीका

### महाराष्ट्र के भाजपा विधायक का भड़काऊ बयान

## धर्मांतरण कराने वाले को मारने पर दूंगा 11 लाख रुपए का इनाम



एक महिला ने धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाए जाने पर आत्महत्या कर ली थी

एजेंसी ▶▶ सांगली

सांगली में पिछले दिनों 28 वर्षीय महिला ऋतुजा राजगे ने धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाए जाने पर आत्महत्या कर ली थी।

इस मामले में भाजपा विधायक गोपीचंद पडलकर ने भड़काऊ बयान दिया। पडलकर ने कहा कि धर्मांतरण कराने वाले व्यक्ति को जो भी मारेगा, उसे मैं व्यक्तिगत तौर पर 11 लाख रुपए का इनाम दूंगा। उन्होंने धर्मांतरण कराने वाले...

यह बयान सांगली में ससुराल की ओर से ईसाई धर्म अपनाने का दबाव डाले जाने के बाद महिला के आत्महत्या करने के मामले में दिया।

## भोपाल में 90 डिग्री वाले पुल को अब फिर से किया जाएगा डिजाइन

**इसमें अधिक चौड़ाई मिलाकर टर्न को गोल करने की कोशिश की जाएगी**



### *रेलवे ने पुल के विस्तार की अनुमति दे दी*

*भोपाल। भोपाल में बने रेल ओवरब्रिज का डिजाइन सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद प्रशासन ने इसे फिर से डिजाइन करने का फैसला किया है। पुल पर बने 90 डिग्री के एल शेप टर्न की वजह से इसकी काफी आलोचना हो रही थी। अधिकारियों के अनुसार रेलवे ने पुल के विस्तार की अनुमति दे दी है। पुल 36 महीने से अधिक समय में बन पाया था। पुल 648 मीटर लंबा और 8.5 मीटर चौड़ा है।*

### कोर्ट में दाखिल किया शपथ पत्र

## छतरपुरः दो सहेलियों ने समलैंगिक विवाह को कर दिया सार्वजनिक

9 दिसंबर 2023 को आपसी सहमति से विवाह किया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर



जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के मऊसानिया गांव से एक बार फिर समलैंगिक विवाह का मामला सामने आया है। गांव की दो युवतियों 24 वर्षीय गायत्री रैकवार और 21 वर्षीय क्रांति श्रीवास ने नौगांव तहसील में उपस्थित होकर अपने समलैंगिक विवाह को लेकर शपथ पत्र दाखिल किया है।

दोनों ने अपने हलफनामे में बताया कि उन्होंने 9 दिसंबर 2023 को आपसी सहमति से विवाह किया था, लेकिन अब तक यह बात परिजनों से छिपाकर रखी गई थी। अब वे अपने रिश्ते को सार्वजनिक कर रही हैं। दोनों युवतियों ने कहा है कि वे अपना जीवन अपने तरीके से जीना चाहती हैं और इस रिश्ते में पूरी तरह संतुष्ट हैं।

### परिजनों ने दर्ज कराई थी गुमशुदगी रिपोर्ट

पूरा मामला जिले के नौगांव तहसील क्षेत्र के एक गांव का है. दोनों युवतियां घर से लापता हो गईं थीं। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके बाद दोनों युवतियों ने पुलिस को बताया कि वे एक-दूसरे से प्यार करती हैं और साथ रहना चाहती हैं। 21 साल की युवती ने अपने शपथपत्र में कहा कि मैं बालिग हूं, शिक्षित हूं और मानसिक रूप से सक्षम हूं।

### लगभग पूरे प्रदेश में ऑनसेट हुआ दक्षिण पश्चिमी मानसून

कई जिलों में बिना आंधी बारिश ही दाखिल हुआ मानसून

## क्लाइमेट चेंज का असरः मानसून की सीमा भोपाल से गुजरी, बारिश होगी दो दिन बाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को दक्षिण पश्चिम मानसून भोपाल सहित लगभग पूरे प्रदेश में ऑनसेट हो गया है। यह क्लाइमेट चेंज का असर ही है कि भोपाल सहित कई जिलों में बिना आंधी-बारिश के ही मानसून आगे बढ़ा है। अब इन जिलों में बारिश के लिए दो से तीन दिन का और इंतजार करना होगा। 25 से 26 जून के बीच दूसरा स्ट्रांग सिस्टम बनेगा, जो एक सप्ताह तक भोपाल सहित अधिकांश जिलों में भारी से तेज बारिश करेगा। इसी सिस्टम को ध्यान में रखकर मानसून की नॉदर्न लिमिट को फिलहाल आगे बढ़ा दिया गया है।

- ***25 जून को दूसरा स्ट्रांग सिस्टम बनने से एक सप्ताह चलेगी झमाझम बारिश***
- ***खाड़ी का सिस्टम अभी भोपाल को टच नहीं कर पाया***



शाम 4:10 बजे तलैया काली मंदिर, भोपाल

**कहां तक पहुंचा मानसून?**

बुधवार को मानसून भोपाल के साथ ही नीमच, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, सीहोर, रायसेन, विदिशा, राजगढ़, आगर, सागर, दमोह, टीकमगढ़, पन्ना, छतरपुर, निवारी, सतना, रीवा, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, अनुपपुर, उमरिया, कटनी, मैहर, जबलपुर, नरसिंगपुर, मुरैना, उत्तर/ मध्य मध्य प्रदेश में आगे बढ़ गया है।

### आज यहां भारी बारिश

गुरुवार तक बड़वानी, झाबुआ, धार, रतलाम, मंदसौर, नीमच, गुना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, अनुपपुर, डिंडोरी और बालाघाट जिलों में तेज से भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को शाम तक अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन और नीमच में बारिश हुई। श्योपुर कलां, राजगढ़, मंदसौर, इंदौर, खंडवा, बुरहानपुर, बैतूल, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, सिंगरौली, सीधी, रीवा में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई।

हालांकि हर योगासन को करने का अलग लाभ होता है लेकिन सूर्य नमस्कार एक ऐसी योगिक प्रक्रिया है, जिसमें सात आसन और बारह मुद्राएं होती हैं। इनकी विधि और इनके लाभों के बारे में जानिए।

## तन-मन में ऊर्जा का संचार करे सूर्य नमस्कार

योगिक क्रिया

संध्या रानी




सूर्य नमस्कार का अभ्यास हमारे शरीर और मन को ऊर्जा, शक्ति और स्फूर्ति से लबालब कर देता है।

**प्रणाम मुद्राः** सीधे खड़े होकर एक गहरी श्वास-प्रश्वास लीजिए। अपने हथेलियों को प्रणाम की मुद्रा में सीने के सामने रखें। आंखों को ढीली बंद कर श्वास-प्रश्वास पर अपने मन को एकाग्र करें।

**हस्त उत्तानपादः** प्रणाम मुद्रा के बाद श्वास अंदर को लेते हुए दोनों हाथों को सिर के ऊपर सीधा उठाते हुए धड़ को सुविधाजनक स्थिति तक पीछे झुकाएं।

**पाद हस्तासनः** दूसरी स्थिति के बाद श्वास धीरे-धीरे बाहर निकालते हुए, सिर तथा धड़ को धीरे से आगे की ओर इतना झुकाएं कि अंतिम स्थिति में हथेलियां पैरों के अगल-बगल जमीन पर आ जाए और माथा घुटने को स्पर्श करे। इस स्थिति में आने के लिए कोई जबर्दस्ती नहीं करना है। लेकिन यह ध्यान रखें कि स्लिप डिस्क, स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका तथा तीव्र कमर दर्द की शिकायत वाले सूर्य नमस्कार की इस अवस्था का अभ्यास न करें।

**अश्व संचालन आसनः** तीसरी अवस्था के बाद तुरंत श्वास अंदर लेते हुए दाएं पैर को पीछे ले जाएं। आगे वाले पैर को घुटने से मोड़ लें तथा पीछे वाले पैर का घुटना जमीन से स्पर्श करता है। दोनों हाथ अपने स्थान पर सीधी जमीन से लंबवत बने रहें। सिर को पीछे ले जाते हुए कमर को धनुषाकार बनाएं।

**पर्वतासनः** चौथी अवस्था के बाद श्वास बाहर निकालते हुए बाएं पैर को भी दाएं पैर के पास ले जाएं। नितंबों को भी अधिकतम सुविधाजनक स्थिति तक ऊपर उठाएं। कोशिश करें कि पैर की एड़ियां तथा तलवे जमीन को स्पर्श करें और सिर दोनों हाथों के बीच में आ जाएं। अपने श्वास को सामान्य कर लें।

**अष्टांग नमस्कारः** अब श्वास बाहर निकालते हुए हथेलियों और पैर को यथा स्थान रखते हुए पूरे शरीर को नीचे जमीन पर इस तरह ले आएं कि शरीर के आठ अंग जमीन पर रहें लेकिन छाती और घुटने के बीच का भाग जमीन से ऊपर रहे।

**भुजंगासनः** छठी अवस्था के तुरंत बाद श्वास अंदर लेते हुए हाथ के सहारे धड़ को जमीन से इतना ऊपर उठाएं कि हाथ कोहनी से सीधे हो जाए।

**पर्वतासनः** सातवीं अवस्था के तुरंत बाद सांस बाहर निकालते हुए पांचवीं अवस्था को दुहराते हुए पर्वतासन में आ जाइए।

**अश्वसंचालनासनः** पर्वतासन के तुरंत बाद श्वास अंदर लेते हुए दाएं पैर को आगे दोनों हाथों के बीच में ले आकर चौथी अवस्था अश्वसंचालनासन में आ जाएं।

**पादहस्तासनः** नौवीं अवस्था के बाद श्वास बाहर निकलते हुए बाएं पैर को भी हाथों के बीच में ले जाकर पादहस्तासन में आ जाएं।

**हस्तोतनासनः** पादहस्तासन के बाद श्वास अंदर लेते हुए दोनों हाथों को ऊपर उठाते हुए सीधे खड़े होकर धड़ को सुविधाजनक स्थिति में अधिकतम की ओर ले जाएं।

**प्राण मुद्राः** अब श्वास को बाहर निकालते हुए दोनों हाथों को पहली अवस्था की भांति सीने के सामने प्राण मुद्रा में ले आएं।

**सावधानीः** यह सूर्य नमस्कार का आधा चक्र है। यही बारह मुद्राएं अश्वसंचालनासन आसन में बाएं पैर को पीछे की ओर ले जाकर करें। अन्य मुद्राएं समान हैं। शुरू में इसके एक या दो चक्रों के अभ्यास से ही शुरुआत करें। जैसे-जैसे आपकी क्षमता बढ़ती जाए इसके चक्रों संख्या भी बढ़ाते जाएं। महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान और गर्भावस्था में तीसरे महीने के बाद भी इसका अभ्यास नहीं करना चाहिए।

**होने वाले लाभः** इसके अभ्यास से शरीर की सभी मांसपेशियां और नसें क्रियाशील हो जाती हैं। पाचन, खून का संचालन, श्वास-प्रश्वास प्रणाली, उत्सर्जन अंग, स्किन और सभी ग्रंथियां क्रियाशील, शक्तिशाली एवं पुष्ट होते हैं। शरीर में स्थित नाड़ी संस्थान को सक्रिय कर पूरे शरीर को संतुलित करता है। मोटापे को कम करता है। शरीर में खून के संचालन को सक्रिय कर लचीलापन बढ़ाता है। मस्तिष्क को शुद्ध खून पहुंचा कर स्मृति और धारण शक्ति को बढ़ाता है। मानसिक तनाव और भावनात्मक असंतुलन को दूर करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। *

**(योगाचार्य कौशल किशोर से बातचीत पर आधारित)**

इन दिनों हाई बीपी, बैड कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) जनित हार्ट डिजीज, डायबिटीज और थायरॉइड जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां अधिसंख्य लोगों को परेशान कर रही हैं। इनकी समुचित चिकित्सा के साथ-साथ रोगानुसार आसन और प्राणायाम भी किए जाएं तो स्थिति में तेजी से सुधार हो सकता है। इन्हें नियमित किया जाए तो इनके प्रकोप से बचा भी जा सकता है।

## जीवनशैली से उत्पन्न रोगों से बचाएं ये आसन और प्राणायाम

योगोपचार

वेद प्रकाश आर्य

योग प्रशिक्षक


पतंजलि योग फाउंडेशन, कोलकाता



अस्त-व्यस्त जीवनशैली और असंतुलित खान-पान से आज के दौर में हर उम्र के लोग अनेक रोगों से ग्रस्त हो रहे हैं। जीवनशैली और आहार की आदतों में सुधार के साथ अगर आप कुछ आसनों और प्राणायाम का नियमित अभ्यास करें तो इन रोगों से बचे रह सकते हैं।

### कोलेस्ट्रॉल के लिए लाभकारी योगासन

**उत्तानपादासनः** इसे रेज्ड लेग पोज भी कहा जाता है। यह पेट की चर्बी को कम करने, पाचन में सुधार करने और पीठ दर्द में राहत देने में मदद करता है। साथ ही यह कूल्हों, जांघों, पेट और पीठ की मांसपेशियों को मजबूत करने में भी मदद करता है। यह आसन आंतों को सक्रिय करके कब्ज और गैस जैसी पाचन समस्याओं में राहत देता है। इतना ही नहीं यह आसन शरीर को शांत करके तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। उत्तानपादासन एक सरल और प्रभावी आसन है।



**अर्ध मत्स्येंद्रासनः** इसे भगवान मत्स्य की अर्द्ध मुद्रा भी कहा जाता है। यह आसन रीढ़ की हड्डी को घुमाकर और पेट के अंगों को उत्तेजित करके कई लाभ प्रदान करता है। इस आसन से पाचन में सुधार, पीठ दर्द में राहत और तनाव कम होने में मदद मिलती है। यह आसन पेट के अंगों को उत्तेजित करता है, जो मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह आसन तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। साथ ही यह रक्त संचार को बेहतर बनाता है, जिससे दिमाग को अधिक ऑक्सीजन मिलती है। इसे नियमित करने से पेट के अंगों का उद्दीपन होता है, जिससे मेटाबॉलिज्म बढ़ता है और वजन कम होता है। यह आसन यकृत, गुर्दे और अग्न्याशय की मालिश करता है और उन्हें उत्तेजित करता है, जिससे वे बेहतर ढंग से काम करते हैं।

### डायबिटीज में कारगर योगासन

**मंडूकासनः** यह डायबिटीज रोगियों के लिए फायदेमंद आसन है क्योंकि यह अग्न्याशय को उत्तेजित करके इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ाता है,



जिससे ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित रहता है। यह आसन पेट के अंगों की मालिश करता है, पाचन में सुधार करता है और तनाव को कम करता है, जिससे डायबिटीज से संबंधित जटिलताएं कम होती हैं। यह आसन वसा को बर्न करने में मदद करता है, जिससे जांघों और कूल्हों पर जमी चर्बी कम होती है। मंडूकासन तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में भी मदद करता है। लेकिन पेट में कोई बीमारी या ऑपरेशन होने पर मंडूकासन करने से पहले डॉक्टर से बात करें। अगर आपको हाइपरएसीडिटी है तो भी यह आसन न करें। गर्भवती महिलाओं को भी यह आसन नहीं करना चाहिए।

**वक्रासनः** इसे स्पाइनल ट्विस्ट भी कहा जाता है, यह डायबिटीज के मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद होता है। यह अग्न्याशय (पैंक्रियाज) को उत्तेजित करता है, जिससे इंसुलिन का उत्पादन बेहतर होता है और रक्त शर्करा का स्तर नियंत्रित रहता है। यह आसन पाचन तंत्र को भी मजबूत करता है और पेट दर्द में राहत देता है। यह पीठ दर्द और लचीलेपन में सुधार करता है। यह तनाव और चिंता को भी कम करता है।

### हाई बीपी में कारगर आसन




**शवासनः** यह बेहद आसान लेकिन अत्यंत उपयोगी आसन है जो उच्च रक्तचाप (हाई बीपी) को नियंत्रित करने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह आसन शरीर को आराम देता है, तनाव को कम करता है, जिससे रक्तचाप प्राकृतिक रूप से कम होता है। शवासन में गहन विश्राम से रक्तचाप कम होता है और हृदय गति स्थिर रहती है। नियमित शवासन का अभ्यास हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है।

**वज्रासनः** डायमंड पोज कहा जाने वाला यह आसन, बीपी (ब्लड प्रेशर) को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह आसन शरीर में रक्त परिसंचरण को बेहतर बनाता है, तनाव को कम करता है और पाचन में सुधार करता है। यह आसन तंत्रिका तंत्र को शांत करता है और तनाव को कम करता है, जो बीपी का एक प्रमुख कारण है। वज्रासन पाचन तंत्र को भी मजबूत बनाता है, जिससे भोजन का बेहतर पाचन होता है और यह बीपी को नियंत्रित करने में मदद करता है। यदि आपको घुटनों में दर्द या कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो इसे करने से पहले अपने योग प्रशिक्षक से सलाह लें।

### थायरॉइड में कारगर योगासन

**हलासनः** योगासन की यह मुद्रा थायरॉइड ग्रंथि और योग के बीच के अनोखे संबंध को दर्शाती है। इस मुद्रा में, आपकी गर्दन में खिंचाव होता है, जो आपकी थायरॉइड ग्रंथियों को उत्तेजित करने में मदद करता है। हलासन विशेष रूप से हाइपोथायरॉयडिज्म वाले व्यक्तियों के लिए फायदेमंद है क्योंकि इस आसन को करने पर थायरॉइड हार्मोन स्रावित होते हैं। यदि आपको हाइपरथायरॉयडिज्म है, तो आपको हलासन करने से बचना चाहिए। थायरॉइड स्राव को विनियमित करने के अलावा, यह स्थिति पीठ और पेट की मांसपेशियों को मजबूत करती है और स्वायत्त तंत्रिका तंत्र को आराम देने में मदद करती है। हलासन को सही तरीके से करने के लिए योग प्रशिक्षक की निगरानी में ही करना चाहिए।

**सर्वांगासनः** शोल्डर स्टैंड यानी सर्वांगासन, थायरॉयड ग्रंथि पर दबाव डालकर काम करता है। इससे थायरॉयड ग्रंथि को पर्याप्त मात्रा में रक्त की



आपूर्ति होती है। सर्वांगासन रक्त को थायरॉयड ग्रंथियों में स्वतंत्र रूप से और आसानी से प्रसारित करने की अनुमति देता है। यह आसन थायरॉयड ग्रंथि में रक्त के स्राव के साथ हाइपोथायरॉयडिज्म के लक्षणों को रिवर्स करने में मदद करता है।

**ध्यान दें:** यहां बताए गए किसी भी आसन या प्राणायाम का अभ्यास करने से पहले, किसी अनुभवी योग प्रशिक्षक से सलाह अवश्य लें। *

**प्रस्तुतिः शिखर चंद जैन**

### प्राणायाम भी हैं लाभकारी



**बीपी, थायरॉइड**, डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में मदद के लिए कई प्राणायाम भी उपयोगी हो सकते हैं, जैसे कपालभाति, उज्जाई और नाड़ी शोधन प्राणायाम।

**कपालभातिः** यह प्राणायाम फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाता है और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है। यह ब्लड सर्कुलेशन को भी बेहतर बनाता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है। लेकिन इसमें 1 मिनट में अधिकतम 40 स्ट्रोक्स ही करने चाहिए वरना बीपी हाई हो सकता है। यह 5 मिनट से शुरू करके 20 मिनट तक किया जा सकता है।

**अनुलोम-विलोमः** यह लगभग हर प्रकार की लाइफस्टाइल डिजीज में फायदेमंद होता है। सावधानी यह बरतनी चाहिए कि ग्रीष्म ऋतु में बाएं नाक से और शीत ऋतु में दाहिने नाक से इसे किया जाए। कम से कम 10 मिनट और अधिकतम 20 या 25 मिनट इसे करें। एक मिनट में 6 स्ट्रोक्स का ही चक्र पूरा करें।

**उज्जाई प्राणायामः** उज्जाई प्राणायाम रक्तचाप को कम करने में मदद करता है और तनाव को कम करने में भी सहायक है।

**नाड़ी शोधन प्राणायामः** यह प्राणायाम शरीर को शांत करता है और थायरॉइड को नियंत्रित करने में मदद करता है।

**भ्रामरी प्राणायामः** भ्रामरी प्राणायाम तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है, जिससे बीपी और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

योगासन और ध्यान की महत्ता को अनेक देशों के वैज्ञानिक और डॉक्टर्स स्वीकार करते हैं। कई शोध बताते हैं कि इससे सिर्फ शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को भी बहुत लाभ होता है। इस बारे में जानिए।

## मानसिक-आध्यात्मिक स्वास्थ्य सुधारता है योगासन और ध्यान

प्रभाव

अंजू जैन

वास्तव में योग एक प्राचीन भारतीय अभ्यास है, जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को संवारता है। यह आसन, प्राणायाम, ध्यान और अन्य तकनीकों का एक संयोजन है, जो शरीर और मन को एक साथ जोड़कर एक संतुलन बनाता है। योग का अर्थ है 'जुड़ना।' यह व्यक्तिगत चेतना को सार्वभौमिक चेतना से जोड़ता है। इसके अभ्यास से मन और शरीर के बीच सामंजस्य बैठाना, तनाव और चिंता कम करना और ऊर्जा में वृद्धि करना संभव है।

**कई तरह से लाभकारीः** हार्वर्ड हेल्थ पब्लिशिंग में प्रकाशित शोध से यह पता चलता है कि योगासन और ध्यान से कई मानसिक कार्यों के एग्जीक्यूशन में सुधार कर सकते हैं, जैसे तर्क, निर्णय लेने की क्षमता, स्मृति, सीखना, प्रतिक्रिया का समय और मानसिक तीक्ष्णता के परीक्षणों में सटीकता। कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि यह पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर से पीड़ित लोगों को उनके लक्षणों से निपटने में मदद करने का एक प्रभावी तरीका हो सकता है। नियमित योग करने से ब्रेन का ग्रे मैटर बढ़ता है और मस्तिष्क में मौजूद न्यूरॉन्स के नेटवर्क में पॉजिटिव बदलाव आता है। अध्ययनों से पता चलता है कि योग सहनशक्ति और शारीरिक-मानसिक स्फूर्ति में सुधार करता है। मिर्गी के रोगियों में, योग का अभ्यास करने से दौरे की संख्या में काफी कमी देखी गई है, यहां तक कि उन्हें पूरी तरह से रोका भी जा सकता है। ब्रिटेन में कार्डिफ यूनिवर्सिटी ब्रेन रिसर्च इमेजिंग सेंटर (क्यूब्रिक) की कॉग्निटिव नर्व साइंटिस्ट क्लाउडिया मेट्जलर-बैडेली का कहना है कि योग आपको लंबे समय तक स्वस्थ जीवन जीने में भी मदद कर सकता है। योग मस्तिष्क की बनावट को भी बदल देता है। अध्ययनों से पता चलता है कि योग का अभ्यास करने से ब्रेन का हिप्पोकैंपस, एमिग्डाला, प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स, सिंगुलेट कॉर्टेक्स और मस्तिष्क नेटवर्क सहित मस्तिष्क के कुछ हिस्सों की संरचना और कार्य दोनों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। कुछ शोधकर्ताओं का कहना है कि इसमें उम्र से संबंधित और न्यूरोडीजेनेरेटिव गिरावट को कम करने की क्षमता है।

कई अध्ययनों से पता चला है कि योग से मस्तिष्क में गामा-अमीनोब्यूटिरिक एसिड (गाबा) का स्तर बढ़ता पाया गया है। यह



न्यूरोट्रांसमीटर तंत्रिका कोशिकाओं की रासायनिक संदेश प्राप्त करने और भेजने की क्षमता को अवरुद्ध करके मस्तिष्क की गतिविधि को धीमा कर देता है।

शोधकर्ताओं ने पाया है कि जो लोग योग और ध्यान का अभ्यास करते हैं, उनमें साइटोकाइंस के उत्पादन में कमी देखी जाती है और इस प्रकार सूजन से संबंधित बीमारियों और स्थितियों के जोखिम में भी कमी आती है। अध्ययनों से पता चलता है कि योग अवसाद को कम कर सकता है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि योग अन्य उपचारों, जैसे दवा और मनोचिकित्सा के बराबर है।

**ध्यानः** यह एक अभ्यास है, जिसमें व्यक्ति अपने मन को एकाग्र और शांत करने के लिए शारीरिक और मानसिक तकनीकों का उपयोग करता है। यह ध्यान और जागरूकता को प्रशिक्षित करने की एक तकनीक है। ध्यान में, व्यक्ति को किसी एक वस्तु, ध्वनि, या विचार पर ध्यान केंद्रित करना होता है, ताकि मन को भटकने से रोका जा सके। ध्यान का अभ्यास करने से मानसिक शांति, भावनात्मक जागरूकता और तनाव कम करने में मदद मिलती है। ध्यान की कई अलग-अलग तकनीकें हैं, जैसे कि सांस पर ध्यान केंद्रित करना, मंत्रों का जप करना या किसी वस्तु पर ध्यान केंद्रित करना। ध्यान का अभ्यास नियमित रूप से करने से व्यक्ति को तनाव कम करने, मानसिक शांति प्राप्त करने और अपने बारे में अधिक जागरूकता प्राप्त करने में मदद मिलती है।

**ध्यान के फायदेः** यद्यपि ध्यान तनाव और चिंता को कम करने की एक तकनीक के रूप में जाना जाता है, यह आपके मूड को बेहतर बनाने, स्वस्थ नींद पैटर्न को बढ़ावा देने और संज्ञानात्मक कौशल को बढ़ाने में भी मदद कर सकता है। इसका इस्तेमाल खुद के और अपने आस-पास के माहौल के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कर सकते हैं। स्मृति हानि वाले लोगों में यह न्यूरोसाइकोलॉजिकल परीक्षणों में प्रदर्शन को बेहतर बनाता है।

अध्ययनों और शोध से पता चलता है कि ध्यान, तनाव से प्रभावित कुछ स्थितियों के लक्षणों में भी सुधार कर सकता है, जिनमें शामिल हैं- किसी आकस्मिक हादसे, नुकसान या प्रियजन को खोने के बाद का तनाव विकार आदि। स्टडी में पाया गया है कि माइंडफुलनेस मेडिटेशन करने से सामान्यीकृत चिंता विकार वाले लोगों में चिंता के लक्षणों को कम करने में मदद मिली, साथ ही सकारात्मक अफर्मेशन में वृद्धि हुई और तनाव प्रतिक्रिया और मुकाबला करने में सुधार हुआ। 3,500 से अधिक वयस्कों को दिए गए उपचारों में पाया गया कि माइंडफुलनेस मेडिटेशन से अवसाद के लक्षणों में सुधार हुआ।

प्रतिदिन थोड़ी देर के लिए ध्यान करने से भी आपको लाभ हो सकता है। इस पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि प्रतिदिन मात्र 13 मिनट ध्यान करने से 8 सप्ताह में ध्यान और स्मरण शक्ति में वृद्धि हुई। *

## योग से होता है हमारा तन-मन शांत-ऊर्जावान

आम लोग ही नहीं कई सेलिब्रिटीज भी योग का नियमित अभ्यास करते हैं। योगासन और ध्यान करने से क्या फायदे होते हैं, उनका योगा रूटीन क्या है, बता रहे हैं कुछ टीवी एक्टर्स अपनी जुबानी।

स्टार्स फिटनेस



### बैलेंस बनाने में मदद करता है योगः अभिषेक शर्मा

**जी टीवी** पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'वसुधा' में देवांश का किरदार निभाने वाले अभिषेक शर्मा योग की अपनी लाइफ में महत्ता के बारे में बताते हैं, 'मैं बचपन में ही योग से जुड़ गया था। मुझे आज भी याद है, मेरी दादी हर सुबह प्राणायाम करती थीं। वो आंखें बंद करके बिल्कुल शांत बैठती थीं और धीरे-धीरे सांस लेती थीं। तब तो समझ नहीं आता था, लेकिन आज लगता है कि वही मेरा पहला परिचय था योगासन और ध्यान से। अब जब मैं एक्टिंग प्रोफेशन में हूं और रोज नए-नए किरदार निभाने होते हैं, तो योग मेरे लिए बहुत बड़ा सहारा होता है। इससे दिमाग शांत हो जाता है और हर सीन में बेहतर ढंग से परफॉर्म कर पाता हूं। यह सिर्फ शरीर को लचीला या फिट रखने का तरीका नहीं है, बल्कि मन को शांत करने और सोच को साफ करने का जरिया भी है। योग करने से मेरी नींद बेहतर हो गई है, इम्यूनिटी बढ़ी है और सबसे बड़ी बात यह कि अब मैं खुद को बेहतर समझने लगा हूं। इसका असर मेरे काम पर भी दिखता है। योग मुझे बैलेंस बनाए रखने में मदद करता है। सच कहूं तो योग ने सिर्फ मेरी बॉडी को नहीं, मेरी सोच और जिंदगी जीने का नजरिया बदल दिया है।' *




### योग से दूर होते हैं थकान-तनावः आदित्य रेडीज

**सोनी सब** चैनल पर आ रहे शो 'तेनाली रामा' में राजा कृष्ण देव राय की भूमिका में नजर आ रहे आदित्य रेडीज योग के बारे में कहते हैं, 'हमारा एक्टिंग प्रोफेशन, अपने साथ कई तरह की चुनौतियां लेकर आता है, जैसे लंबे काम के घंटे, जो अकसर थकान और मानसिक तनाव का कारण बनते हैं। ऐसे समय में मुझे योग बहुत मदद करता है। यह सिर्फ शारीरिक लचीलापन नहीं लाता है, बल्कि मन को रीसेट करने की जगह देने और शांत करने का एक माध्यम भी है। थोड़ी देर का भी योगाभ्यास या श्वास-प्रश्वास की क्रिया, थकान और तनाव से हमें शांति दिलाती है। हालांकि, जो मुझे वास्तव में संतुलित रखता है, वह है डेली अच्छी नींद। इसीलिए मैं इसे अपनी प्राथमिकता बनाकर रखता हूं, क्योंकि यही मुझे मानसिक और शारीरिक रूप से सबसे अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करती है। योग करने से मुझे नींद भी अच्छी आती है।' *

### योग से मैं ऊर्जावान महसूस करता हूं: आसिफ शेख

**इन दिनों** एंड टीवी पर आ रहे शो 'भाबीजी घर पर हैं' में विभूति नारायण मिश्रा का रोल निभाने वाले आसिफ शेख बताते हैं, 'योग मेरी जिंदगी में बहुत बड़ा बदलाव लाया है। यह सिर्फ एक एक्सरसाइज नहीं है, बल्कि जीवनशैली है। इससे मेरा तन और मन दोनों शांत रहते हैं। शूटिंग के लंबे घंटे और तनाव भरे



शेड्यूल के बावजूद मैं अंदर से संतुलित और ऊर्जावान महसूस करता हूं। हालांकि मेरे शूटिंग शेड्यूल की वजह से रेग्युलर टाइम पर योग करना थोड़ा मुश्किल होता है, लेकिन मैं जहां भी मौका मिलता है, वहां योग कर ही लेता हूं। इससे मुझे बहुत रिलैक्स महसूस होता है और मैं दिनभर फिट बना रहता हूं। मेरे दिन की शुरुआत का सबसे जरूरी हिस्सा पद्मासन है। जब मैं इस आसन में बैठता हूं, तो ऐसा लगता है मानो पूरा शरीर स्थिर हो गया है और मन एकदम शांत हो गया है। यह स्थिति मुझे अपने अंदर झांकने का अवसर देती है। जैसे ही मैं पद्मासन में बैठकर आंखें बंद करता हूं और कुछ गहरी सांसें लेता हूं, एक अलग ही शांति महसूस होती है। ध्यान करने से मुझे सिर्फ मानसिक स्पष्टता ही नहीं मिलती, बल्कि यह मुझे मेरे काम पर भी बेहतर फोकस करने में मदद करता है। कई बार जब मैं थका हुआ होता हूं या मानसिक रूप से तनाव महसूस करता हूं, तब कुछ मिनटों का ध्यान मुझे बिल्कुल तरोताजा कर देता है। इसके अलावा प्राणायाम भी करता हूं, जिससे मेरी सांसें नियंत्रित रहती हैं और मानसिक स्पष्टता बनी रहती है।' *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**



## आयुक्त, जबलपुर संभाग की अनूठी पहल

# एक माह में 100 से अधिक राजस्व न्यायालयों की ऑनलाईन समीक्षा

### 74 हजार से अधिक राजस्व प्रकरण हुए निराकृत



हरिभूमि, जबलपुर।

जबलपुर संभाग अंतर्गत राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रकरणों का मिशन मोड में निराकरण के लिए संभाग आयुक्त द्वारा दैनिक आधार पर न्यूनतम निराकरण वाले 10 राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारियों की वीडियो कान्फ्रेंसिग के माध्यम से नियमित समीक्षा की जा रही है। इसी तारतम्य में विगत एक माह के अंदर ही जबलपुर संभाग के कुल 119 राजस्व न्यायालयों की समीक्षा की जा चुकी है। संभागायुक्त धनंजय सिंह द्वारा प्रत्येक पीठासीन अधिकारी के न्यायालय में लंबित सबसे पुराने प्रकरण सहित मदवार लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु समीक्षा एवं कार्ययोजना निर्धारित की जा रही है। पीठासीन अधिकारियों की समीक्षा में राजस्व के लंबित प्रकरणों की मदवार चर्चा होती है। साथ ही संबंधित राजस्व न्यायालय के सबसे पुराने राजस्व प्रकरण की केस डायरी के साथ राजस्व अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उपस्थित होते हैं।

### विलम्ब के कारणों की समीक्षा भी की जाती

राजस्व प्रकरण के निराकरण में विलम्ब के कारणों की समीक्षा भी की जाती है। सघन समीक्षा का नतीजा यह है कि लगभग एक माह की अवधि में ही जबलपुर संभाग में राजस्व प्रकरणों का निराकरण 34 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है। महत्वपूर्ण है कि इस अवधि में नामान्तरण के दर्ज प्रकरणों का निराकरण 40 प्रतिशत से बढ़कर 57 प्रतिशत, बंटवारा के प्रकरणों का निराकरण 32 प्रतिशत से बढ़कर 52 प्रतिशत तथा अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों का निराकरण 31 प्रतिशत से बढ़कर 51 प्रतिशत हो गया है। सबसे ज्यादा निराकरण सीमांकन के प्रकरणों का हुआ है। जिसमें निराकरण प्रतिशत 36 प्रतिशत से बढ़कर 66 प्रतिशत हो गया है। विगत एक माह में संभाग में 17044 सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण हुआ है। इस प्रकार संभाग में एक माह की अवधि में कुल 74007 राजस्व प्रकरणों का निराकरण हुआ है जो कि उल्लेखनीय उपलब्धि है।

### हो रही सघन मॉनीटरिंग

राजस्व अधिकारियों की यह समीक्षा प्रतिदिन की जा रही है। इस अनूठी पहल ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण को गति मिली है। ऑनलाईन समीक्षा से अधिक संख्या में राजस्व न्यायालयों के कार्य की सघन मॉनीटरिंग भी संभव हो पा रही है।

## हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका में आरोप, अनावेदकों को नोटिस जारी

# आबकारी विभाग की शह पर एमआरपी से महंगे दामों पर बिक रहीं शराब

जबलपुर।

जिले में शराब ठेकेदारों द्वारा एमआरपी से अधिक मूल्य पर शराब बेचकर अधिक धन लाभ लेकर सरकार व लोगों को आर्थिक क्षति पहुंचाने को हाईकोर्ट में जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई है। दायर मामले में आरोप है कि आबकारी विभाग की शह पर उक्त पूरा गोरखधंधा चल रहा है, जिसका किसी प्रकार का कोई टैक्स भी नहीं दिया जा रहा है। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।



यह जनहित याचिका जबलपुर निवासी एडवोकेट दीपांशु साहू की ओर से दायर की गई है। जिनकी ओर से अधिवक्ता अमित खत्री ने पक्ष रखा। दायर याचिका में महंगी शराब बेचने में आबकारी विभाग की मौन स्वीकृति और मिलीभगत के आरोप लगाये गये है। आवेदक का कहना है कि लंबे समय से एमआरपी से अधिक दाम पर बेची जा रही है। जिससे शासन और मयकशों दोनों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। आवेदक की ओर से कहा गया कि जब तब शिकायत पर यदि कार्यवाही की जाती है तो सिर्फ माफीनामा लेकर मामले को रफा दफा कर दिया जाता है, जबकि ठोस कार्यवाही होना चाहिये, लेकिन ऐसा नहीं किया जाता। जिससे शराब माफियाओं के हौसले बुलंद है और वह मनमर्जी दाम पर शराब बेचकर करोड़ों क बारे न्यारे करते आ रहे है, जिसका न तो कोई जीएसटी देना है और न ही अन्य कोई टैक्स, सिर्फ एक माफीनामा पर लूट की खुली छूट दे दी गई है। इतना ही नहीं शराब दुकानों में न रेट लिस्ट चस्पा है और न ही नियमावली के तहत शराब का विक्रय किया जा रहा है। मामले में आबकारी आयुक्त, जिला आबकारी अधिकारी जबलपुर, जिला कलेक्टर, कमर्शियल टैक्स अधिकारी भोपाल को पक्षकार बनाया गया है। मामले की सुनवाई पश्चात न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

### साइंस कॉलेज प्राचार्य डॉ एएल महोबिया का तबादला नजदीक के कॉलेज में करो हाईकोर्ट का निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने साइंस कॉलेज जबलपुर के प्राचार्य डॉ एएल महोबिया का तबादला कहीं नजदीक के कॉलेज में करने के निर्देश दिए। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने सरकार को इस संबंध में 15 दिन में निर्णय लेने के निर्देश दिए। कहा कि निर्णय आने तक उन्हें गंजबसौदा में ज्वानिंग के लिए बाध्य नहीं करें। डॉ महोबिया की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता केसी घिल्डियाल ने दलील दी कि याचिकाकर्ता का तबादला संजय गांधी मेमोरियल कॉलेज गंजबसौदा विदिशा कर दिया गया है। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, इसलिए इतने कम समय के लिए यहां से 4 सौ किमी दूर तबादला करना अनुचित है। उन्होंने कहा कि जबलपुर के आसपास ऐसे कई कॉलेज हैं जहां प्राचार्य के पद खाली हैं और वहां प्रोफेसर या सहायक प्रोफेसर प्रभारी हैं।

# उड़ीसा से गांजे की खेप लेकर आए 2 आरोपी पुलिस के हाथ लगे

जबलपुर।

क्राईम ब्रांच और लार्डगंज पुलिस ने गत शाम आदि प्लाजा के सामने गांजा की तस्करी में लिप्त उड़ीसा से आए दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 किलो 135 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत 1 लाख रुपए बताई गई है।



लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि गत शाम क्राईम ब्रांच और लार्डगंज की संयुक्त टीम द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान आदि प्लाजा के सामने नीले रंग के ई रिक्शा में बैठे दो व्यक्ति पुलिस को देखकर आटो वालें से आटो वापस मोड़ने का कहने लगे। संदेह होने पर पूछताछ करने पर आटो चालक ने बताया कि दोनों सवारियों को दीनदयाल बस स्टेण्ड से लेकर आया है दोनों किसी को ढूढ़ रहे हैं। पुलिस ने आरोपी ग्राम असीनवीर थाना मोनोमुण्डा जिला बुद्ध राज्य उड़ीसा निवासी 48 वर्षीय नेत्रो नागोर और ग्राम सगड़ा थाना मोनोमुण्डा जिला बौद्ध उड़ीसा निवासी 37 वर्षीय सत्यनारायण पंडा को गिरफ्तार कर लिया है। तलाशी लेने पर दोनों के पास से 5 किलो 135 ग्राम गांजा जब्त किया है। गांजा के संबंध मे पूछताछ करने पर आरोपी नेत्रो नागोर ने उक्त गांजा जिला बौद्ध उड़ीसा के ग्राम सगड़ा के जंगल के निवासियों से 6 हजार रूपये प्रति किलो के भाव से खरीदकर एक मोबाइल धारक पप्पू जैन को गांजा की डिलेवरी करने जबलपुर आने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 8, 20, 29 एन.डी.पी.एसएक्ट का के तहत कार्यवाही की गई।

# शहर की सफाई व्यवस्था में कसावट लाने निगमायुक्त प्रीति यादव ने दिखाई सख्ती

**जबलपुर।** मानस भवन स्थित स्मार्ट सिटी के मिनी हॉल में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने आगामी बरसात के समय होने वाली जलप्लावन की समस्या एवं घर-घर से होने वाले कचरा संग्रहण व्यवस्था के कार्यो की समीक्षा की। बैठक में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि वर्षाऋतु के दौरान शहर में कहीं भी जलप्लावन की स्थिति निर्मित न हो यह सभी लोग सुनिश्चित करें। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने शहर की सफाई व्यवस्था में कसावट लाने तथा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था को और मजबूत करने सख्ती दिखाते हुए सभी को हिदायत दी और फटकार भी लगाई कि व्यवस्था में कल से कसावट लाई जाए।उन्होंने निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को गंभीरता से व्यवस्थाओं पर निगरानी रखने और सुबह 6 बजे से ही फील्ड में सफाई कार्य कराने हेतु निर्देश प्रदान किये। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान जन्म-मृत्यु शाखा के लिपिकों को भी निर्देशित किया कि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के घोषणा के अनुरूप घर-घर जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र वितरण करने की प्रक्रिया में लापरवाही न बरतें। उन्होंने बताया की शहर में होने वाली जलप्लावन की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से वर्षा पूर्व ही शहर के समस्त संभागों में स्थित बड़े नाला-नालियों एवं कंजरवेंसियों की सफाई का कार्य लगातार करवाया जा रहा है, इसके लिए मानव संशाधनों के साथ-साथ मशीनरी संशाधनों को भी लगाया गया है। कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जा सके।

**कचरा प्रबंधन व्यवस्था को और बेहतर बनाने निर्देश**

### फर्जी एवं कूटरचित तरीके से शासकीय अभिलेख तैयार किए जाने पर एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गोरखपुर ने जानकारी दी है कि नगर निगम क्षेत्र कछपुरा के उर्मिला शर्मा, नेहा चकवर्ती, सोहिल यादव, प्रियंका बेन, रूकमणी पटेल, किरण वर्मन, रिया केवट के बीपीएल कार्ड की जांच किए जाने पर प्रकरण संज्ञान में आया। इस संबंध में नायब तहसीलदार गोरखपुर एवं प्रभात परौहा पटवारी गोरखपुर का समिति का गठन किया गया। समिति के द्वारा जांच उपरांत अपने अभिमत में सरिता कोष्टा (पीहू कोष्टा) सही नाम पार्वती कोष्टा द्वारा आवेदकों से अवैध तरीके से राशि प्राप्त कर फर्जी एवं कूटरचित तरीके से अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के हस्ताक्षर किये जाकर फर्जी बी.पी.एल कॉर्ड का आदेश आवेदकों को प्रदाय पाए जाने का प्रकरण सामने आया। फर्जी एवं कूटरचित तरीके से शासकीय अभिलेख तैयार किए जाने एवं धोखाधड़ी किए जाने के कारण थाना गोरखपुर में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 318 (4), 338, 336(3), 340 (2) प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## जबलपुर के सभी तालाबों में पुराई करने पर लगा रखी है रोक

# गंगासागर तालाब की पुराई अलग कर हटायें अतिक्रमण

**जबलपुर।** जबलपुर के ऐतिहासिक एवं प्राचीन तालाब गंगासागर पर हो रही पुराई को अलग कर इस तालाब पर हो रहे अतिक्रमणों को तत्काल हटाया जाए। यह शिकायत बुधवार को नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ पीजी नाजपांडे तथा डीआर लखेरा ने कलेक्टर जबलपुर को भेजी है।

जबलपुर के तालाबों में हो रही पुराई तथा अतिक्रमणों के सिलसिले में डॉ पीजी नाजपांडे द्वारा पूर्व में दायर याचिका (डब्ल्यूपी 8763/2010) में हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जबलपुर नगर निगम तथा विकास प्राधिकरण के क्षेत्र में तथा रेवेन्यू रिकार्ड में दर्ज महानद्दा तथा अन्य तालाबों में पुराई एवं निर्माणों पर रोक लगाई जाए। जब पुनः महानद्दा, देवताल तथा सूरजताल के संबंध में शिकायत की गई तब कलेक्टर ने इसे क्रमांक 0054/बी-121/2022-23 पर प्रकरण दर्ज कर सुनवाई की। यह प्रकरण अभी भी कलेक्टर न्यायालय में लंबित है। अतः निवेदन किया गया कि गंगासागर तालाब के मामलों को भी महानद्दा, देवताल तथा सूरजताल के संबंध में कलेक्टर न्यायालय में दर्ज प्रकरणों में शामिल किया जाए तथा आवश्यक निर्देश जारी करे।



**पिछले 8 वर्षों में समिति गठित नहीं हुई**

कलेक्टर का ध्यान हाईकोर्ट के दिनांक 8 मार्च 2017 (डब्ल्यूपी 13607/2015) के आदेश के तरफ आकृष्ट किया, जिसमें कलेक्टर के अध्यक्षता में समिति गठित करने को कहा है, जो ऐसे सभी शिकायतों पर 8 सप्ताह के भीतर कार्रवाई करेगी। किन्तु पिछले 8 वर्षों में यह कमेटी गठित नहीं हुई है।

### लार्डगंज पुलिस क्वाटर के लोग बंदरों के आतंक से दहशत में

**जबलपुर।** विगत कई दिनों से लार्डगंज पुलिस लाईन के पीछे कछियाना, श्याम बैंड गली, गढ़ाफाटक के रहवासी बंदरों के आतंक से काफी दहशत में है क्योंकि अभी कुछ दिनों से बंदरों की पूरी टोली जिसमें 20 से 25 संख्या में बंदर आते है और रोड में चल रहे नागरिकों पर हमला करके घायल कर रहे है छत पर चढ़कर मकानों के गमले नीचे फेंक देते है जिससे आए दिन नागरिक रहवासी जन चोटिल हो रहे है। यहां तक कि घरों में घुसकर घर में रखा सामान उठाकर ले जाते है और घरों के फ्रिज से भी खाने पीने का सामान निकालकर ले जाते है। गत दिवस एक बुर्जुग महिला बालकनी में कपड़े धो रही थी तभी चार बदंरों ने आकर हमला कर दिया और कमर में काट लिया। जिससे सभी क्षेत्रीय नागरिक बहुत ही दहशत में है। कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासन से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की गई है।

## प्रपंच से बेहतर होता कि दुकानों में लगवा देते एमआरपी की रेट लिस्ट

# शराब खरीदने के पहले ही क्यूआर कोड से उड़ जाएगा नशा...!

जबलपुर।

जिला प्रशासन द्वारा पिछले दिनों शराब की ओवर रेटिंग के खिलाफ आरआई पटवारियों से कराई गए स्टिंग ऑपरेशन के बाद अन्य तरीकों से भी एमआरपी रेट पर ही शराब की बिक्री के लिए अन्य प्रयास किए जा रहे है लेकिन आबकारी विभाग नहीं चाहता कि शराब की ओवररेटिंग बंद हो। शराब सिंडीकेट के एहसान तले दबे आबकारी विभाग द्वारा शराब दुकान में लगाए गए क्यूआर कोड अब सवालों के घेरे में है। इससे तो अच्छा होता कि शराब के दामों की लिस्ट शराब दुकानों में चस्पा करा दी जाती। दरअसल आबकारी विभाग में पदस्थ जिले के शीर्ष अधिकारी से लेकर अधीनस्थ तक एमआरपी पर जिले में शराब न बिक पाए इसके लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। शहर के सुराप्रेमियों ने यह आरोप लगाते हुए कहा कि शराब दुकानों में क्यूआर कोड सिस्टम इसी तरह का प्रयास समझ में आ रहा हैं। सुराप्रेमियो द्वारा इसे आबकारी विभाग का नया प्रपंच बताया जा रहा हैं। सुराप्रेमियों का आरोप हैं कि ऐसा ही एक प्रपंच इन दिनों जिले की शराब दुकानों में नजर आ रहा है। शराब दुकानों में ओवर रेटिंग को रोकने के लिए अब विभाग के द्वारा क्यूआर कोड लगवाए जा रहे हैं। विभाग की यह कवायद सुविधा कम असुविधा ज्यादा नजर आती है। इस कवायद के पीछे आबकारी विभाग का मानना है कि इससे शराब की ओवर रेटिंग पर प्रभावी अंकुश लगेगा। बताया जा रहा हैं कि दुकानदार शराब की ज्यादा या कम कीमत न ले सकें, इसलिए अब दुकानों पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं, जिसे स्कैन करने बाद आप शराब की कीमत जान सकेंगें, लेकिन इस कीमत को जानने के लिए इतने विकल्प चुनना पड़ेंगे कि शराब की बोतल खरीदने से पहले ही सुराप्रेमियों के नशे उड़ जाएंगे। क्योंकि क्यूआर कोड स्कैन करने के लिए जहां कई सुराप्रेमियों के पास जहां एंड्राइड फोन ही नहीं होते और जिनके पास होते हैं उन्हें भी क्यूआर कोड स्कैन करने के बाद दिए जाने वाले विकल्प की पहेली होश उड़ा देती हैं। लिहाजा सुराप्रेमी शराब दुकानदार से कहने विवश हो जाते हैं कि जिस रेट पर भी मिले वे लेने तैयार हैं।




### सफल नहीं हो पा रही नई व्यवस्था

विभागीय सूत्रों के अनुसार आबकारी विभाग ने जो क्यूआर कोड तैयार किया है, जिसे हर शराब दुकान पर लगाना जरूरी है उससे शराब की कीमत पता करना आसान नहीं है। इसके लिए सबसे पहले तो आपके पास स्मार्टफोन, उसमें इंटरनेट कनेक्शन और साथ में अंग्रेजी का ज्ञान होना सबसे ज्यादा जरूरी है। इसके बाद जब आप क्यूआर कोड को स्कैन करते हैं तो ई आबकारी. एमपी.जीओवी. ईन का पेज खुलता है। इसमें सबसे पहले खुलते ही आपको मटेरियल ग्रुप में सिलेक्ट करना है कि आपको कौन सी शराब चाहिए, जैसे देशी, विदेशी या बियर। इसके बाद अगर आपने विदेशी चुना तो 12 विकल्प आ जाएंगे, जिसमें ब्रांडी, जिन, रम, वोदका, व्हिस्की और वाइन जैसे कई नाम शामिल हैं। इसके बाद आप जो भी कैटेगरी चुनते हैं उसमें उपलब्ध सभी शराब के नाम आ जाएंगे। इसमें आपको अपनी पसंदीदा शराब को चुनना है। तब जाकर आपको उसके मिनिएचर (90 एमएल), क्वार्टर (180 एमएल), हाफ (375 एमएल) और बॉटल (750 एमएल) की कीमत की सूची नजर आएगी। शराब से नशा करने के बजाए इतनी लंबी प्रक्रिया पहले से नशा उतारने से कम नहीं है। शराब का शौक रखने वालों में पढे-लिखों से लेकर मजदूर, रिक्शा चालक, हाथ ठेला वाले जैसे अनपढ़ और कम पढ़े लोग भी शामिल है ऐसे में बेहतर यही होगा कि यदि शराब दुकानों में बड़ी-बड़ी अक्षरों में हिंदी में केवल मूल्य सूची लगवा दी जाए तो वही काफी होता।

### सरल बनाने के चक्कर में बना दिया कठिन

सुरा प्रेमियों का आरोप हैं कि विद्वान बनने के चक्कर में आबकारी विभाग की यह व्यवस्था शराब की कीमत पता करने को और जटिल बना रही है। आबकारी विभाग द्वारा जारी किए गए कोड को स्कैन करने पर एक पेज खुलता हैं, जहां कई विकल्पों का चयन करने के बाद शराब की एमआरपी (मैक्सिमम रिटेल प्राइस) और एमएसपी (मिनिमम सेलिंग प्राइस) पता चल सकेगी। यह व्यवस्था लागू होते ही सवालों के घेरे में है, क्योंकि पहले से शराब दुकानदारों को दुकानों में शराब की रेट लिस्ट लगाने के निर्देश हैं। साथ ही शासन के पैकेजिंग नियम के तहत बॉटलों पर एमआरपी और एमएसपी लिखना पहले से ही अनिवार्य है, जिसका पूरी तरह पालन भी हो रहा है। ऐसी स्थिति में कीमत पता करने के लिए इतने प्रपंच करने के बजाए बॉटल उठाकर सिर्फ कीमत देखना कहीं ज्यादा आसान हैं। दुकानदार अगर कीमत कम या ज्यादा ले रहा है तो बॉटल दिखाकर ही उस पर आपत्ति ली जा सकती है और इसी आधार पर उसकी शिकायत भी की जा सकती है। ऐसी स्थिति में क्यूआर कोड व्यवस्था सिर्फ पहेलियां बुझाने से ज्यादा कुछ नहीं है।

साइंस कॉलेज का प्राचार्य बनाने को दी थी चुनौती

# प्रभारी संचालक उच्च शिक्षा डॉ. संतोष जाटव की याचिका खारिज

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने प्रभारी संचालक उच्च शिक्षा डॉ संतोष जाटव की उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उन्होंने साइंस कॉलेज का प्राचार्य बनाने को चुनौती दी थी। जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने कहा कि नियम के अनुसार अतिरिक्त संचालक का पद और प्राचार्य पीजी कॉलेज का पद समान है। अतिरिक्त संचालक का पद प्राचार्य से वरिष्ठ नहीं है, बल्कि वह केवल संभाग के विभिन्न कॉलेजों के बीच समन्वय करता है।

कोर्ट ने शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी कॉलेज बालाघाट के प्राचार्य डॉ पंजाब राव चंदेलकर को अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा जबलपुर संभाग के पद पर पदस्थापना देने को भी सही करार दिया। याचिका में दलील दी गई थी कि डॉ पंजाब से याचिकाकर्ता वरिष्ठ हैं। प्राचार्य के पद पर रहने से उन्हें अपने से कनिष्ठ अधिकारी के अधीन कार्य करना होगा। याचिकाकर्ता की सेवानिवृत्ति को 5 माह शेष हैं।



शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता वेदप्रकाश तिवारी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि उच्च शिक्षा विभाग के शिक्षकों और प्राचार्यों की सेवाओं को नियंत्रित करने वाले वैधानिक नियमों के अनुसार, प्राचार्य पीजी कॉलेज और संभाग के अतिरिक्त निदेशक का पद एक ही रैंक का है। दोनों एक दूसरे के स्थान पर आ सकते हैं। अतिरिक्त निदेशक का पद प्राचार्य पीजी कॉलेज की तुलना में कोई पदोन्नति वाला या उच्च पद नहीं है। कोर्ट ने कहा, चूंकि याचिकाकर्ता को उसी शहर में पदस्थापना दी गई है, इसलिए इससे उनके जीवन में कोई बाधा नहीं आएगी।

## हाईकोर्ट ने जीतू पटवारी की याचिकाओं पर सुरक्षित किया आदेश

- दो अलग-अलग थाने में दर्ज एफआइआर को चुनौती का मामला
- दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर करने व पूर्व मंत्री इमरती देवी पर अशोभानीय टिप्पणी का आरोप

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की दो याचिकाओं पर सुनवाई पूरी होने के साथ ही अपना आदेश सुरक्षित कर लिया ।न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की सिंगल बेंच के समक्ष सुनवाई हुई। इन याचिकाओं के जरिए दो अलग-अलग थाने में पंजीबद्ध एफआइआर को चुनौती दी गई थी।

दरअसल, जीतू पटवारी झाबुआ में पूर्व विधायक विक्रांत भूरिया के साथ एक आदिवासी रेप पीड़ित लड़की के घर पहुंचे थे। जिसकी पहचान इंटरनेट मीडिया पर उजागर हो गई थी। जिसके आधार पर एफआइआर दर्ज कर ली गई। इसी तरह अन्य एफआइआर पूर्व मंत्री इमरती देवी पर अशोभनीय टिप्पणी के कारण दर्ज हुई। ग्वालियर में दो मई, 2024 को जीतू पटवारी ने मीडिया से कहा था कि इमरती जी का रस खत्म हो गया है। अंदर जो चाशनी रहती है, उसके लिए मैं कोई बात नहीं कर रहा हूं। उनके इस बयान पर इमरती देवी की शिकायत पर तीन मई, 2024 को ग्वालियर के डबरा थाने में आईपीसी और एसटीएससी एक्ट के प्रविधानों के अंतर्गत एफआइआर दर्ज हुई थी। लिहाजा, एफआइआर निरस्त कराने जीतू पटवारी हाई कोर्ट पहुंच गए।



पर्यावरण पर शानदार प्रस्तुति

## 'मत काटो मुझे बहुत दुखता है'

**जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद लॉर्डगंज शाखा (चंदना संभाग) के तद्वावधान में मनोरंजन मीटिंग एवं पर्यावरण पर नाटिका का आयोजन पधारो सा मैं किया गया। दीप प्रज्वलन सभी वरिष्ठ आयोजक बहनों द्वारा किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती विमला जैन द्वारा कार्यकारिणी की मीटिंग की गई। श्रीमती अंजू पेड़ा एवं श्रीमती तनूराग जैन द्वारा मंगलाचरण की प्रस्तुति नृत्य द्वारा की गई। सभी आयोजक बहनों द्वारा सामूहिक ध्वज वंदना की गई। तत्पश्चात विश्व शांति हेतु 1 मिनट का मोन रखा गया। स्वागत नृत्य अध्यक्ष पूजा विद्यार्थी, सचिव मनीषा जैन, कोषाध्यक्ष रीता पन्नी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस पर एक सुंदर नाटक 'मत काटो मुझे बड़ा दुखता है' प्रशासनिक सलाहकार आदरणीय रानी जैन के निर्देशन में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती विजयलक्ष्मी जी प्रांतीय उपाध्यक्ष श्रीमती निशा चौधरी, श्रीमती मनी जैन, श्रीमती मीना जैन,श्रीमती साधना बडकुल, संभाग अध्यक्ष संध्या कौशल, मंजू किराना, प्रतिभा जैन, नीरा सिंघई के द्वारा बहुत ही शानदार नाटिका प्रस्तुति की गई । इस लघु नाटिका में पेड़ों की पीड़ा और मनुष्यों की लापरवाही को मार्मिक रूप से दर्शाया गया है। परिषद की महिलाओं ने यह संदेश दिया कि पेड़ भी जीवित होते हैं उनको भी दर्द होता है उनका काटा जाना सिर्फ प्रकृति को नहीं बल्कि मानवता को भी आहत करता है नाटक के माध्यम से यह भी दिखाया गया कि अगर आज हमने पेड़ों को नहीं बचाया तो आने वाली पीढ़ियों को साफ हवा छाया और हरियाली नहीं मिल पाएगी। सरप्राइज गेम श्रीमती निशा चौधरी एवं प्रांतीय विशिष्ट अधिकारी श्रीमती सुषमा जैन (पू. पा) द्वारा खिलाये गये। 1 मिनट गेम श्रीमती श्वेता मोदी एवं श्रीमती वंदना मैडम द्वारा खिलाया गया। परिषद की सभी बहनों में उपस्थिति प्रदान कर मीटिंग को सफल बनाया। मनोरंजन मीटिंग का समापन शानदार सुस्वादु भोजन से किया गया। सभी बहनों ने मनोरंजन मीटिंग का भरपूर आनंद लिया एवं नाटक की भरपूर प्रशंसा की।

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री डॉ मोहन

# प्राकृतिक खेती के नाम चौपाल 26 जून को

**जबलपुर।** रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान एवं प्राकृतिक खेती के लाभ की जानकारी किसानों और आम जनों को मिले और जबलपुर के किसान प्राकृतिक खेती को प्राथमिकता दे इस हेतु प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के आह्वान पर "प्राकृतिक खेती के नाम - चौपाल" का आयोजन आगामी गुरुवार 26 जून 2025 को मानस भवन राइट टाउन में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत , मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, विशिष्ठ अतिथि प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंसाना होंगे, कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधि अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में जबलपुर जिले के किसानों को आमंत्रित किया गया है।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया हमारा देश कृषि प्रधान है, हमारी अर्थव्यवस्था का सबसे मजबूत स्तंभ कृषि है किंतु वर्तमान परिदृश्य में हम जिस तरह अन्न, फल या अन्य कृषि उत्पादों का उपभोग कर रहे है वह किसी भी तरह से हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी नही है, विभिन्न अध्यनो और शोध के बाद यह पाया कि आज खेती के लिए हमारे किसान रसायनों पर निर्भर हो रहे है जिससे न केवल भूमि की उर्वरकता कम हो रही बल्कि लोगो की सेहत पर भी इसका गहरा प्रभाव पड़ रहा है, तब मन में विचार आया है हमारे क्षेत्र के किसानों को रसायनिक खेती से होने वाले नुकसान की जानकारी होना चाहिए साथ ही विकल्प के तौर पर क्या किया जा सकता है, इस दौरान मेरी भेंट गुजरात के माननीय राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी से हुई उन्होंने रसायनिक खेती के विकल्प के रूप ने प्राकृतिक खेती के लाभ के बारे में बताया और तब हमने तय किया कि जबलपुर में एक चौपाल का आयोजन किया जाए जिसमे किसानों के किए प्राकृतिक खेती की जानकारी दी जाए और इसके लिए राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी से जबलपुर आने का आग्रह किया जिस पर उन्होंने सहमति दी।

श्री सिंह ने कहा रासायनिक खेती के कई नुकसान हैं, जिनमें मिट्टी, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव शामिल हैं। मिट्टी की उर्वरता कम हो जाती है, जल प्रदूषण होता है, और स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, वही प्राकृतिक खेती के कई लाभ हैं, जिनमें बेहतर स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, और किसानों की आय में वृद्धि शामिल हैं इसकी जानकारी हेतु इस चौपाल का आयोजन किया गया है।

### राहुल के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आज

**जबलपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी का जन्मदिवस आज नगर कांग्रेस द्वारा रक्त से संकल्प सेवा से सम्मान कार्यक्रम के साथ मनाया जाएगा। नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने बताया, आज नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्री गांधी के जन्मदिवस के मौके पर दो कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। पहला कार्यक्रम रक्तदान शिविर का है जो सुबह 11 बजे से सायं 4 बजे तक भंवरताल उद्यान में आयोजित किया गया है। दूसरा कार्यक्रम रक्त तिलक समारोह है, जो शाम 5 बजे डॉ. राजेन्द्र प्रसाद चौक (हाईकोर्ट चौक) पर आयोजित किया जाएगा. जिसमें राहुल गांधी को रक्त तिलक कर उनके विचारों, संघर्ष और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता को नमन किया जाएगा। इस आयोजन में महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवा दल, वरिष्ठ कांग्रेसजन और शहर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे।

पौधों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग (बाड़बंदी) कराने का भी लक्ष्य निर्धारित

# अमृत हरित अभियान के अंतर्गत स्कूलों में होगा व्यापक पौधरोपण

हरिभूमि सिहोरा।



सिहोरा और खितौला में नगरपालिका के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी स्कूलों में अमृत हरित अभियान के तहत बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। इसी सिलसिले में बुधवार को सिहोरा नगर पालिका में मुख्य नगरपालिका अधिकारी शैलेंद्र कुमार ओझा ने सभी सरकारी स्कूलों के प्रभारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान सीएमओ ने शिक्षकों को पौधरोपण की तैयारियों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने इस अभियान को सफल बनाने के लिए बड़े पैमाने पर पौधारोपण करने पर जोर दिया तथा कहा कि आज का पौधारोपण भविष्य की एक बड़ी आवश्यकता है और जिस तेज़ी से पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है उसे देखते हुए हमें तुरंत सतर्क हो जाना चाहिए। तथा शिक्षकों को आश्वस्त किया कि नगरपालिका सभी सरकारी स्कूलों में फलदार और छायादार पौधे रोपने के लिए गड्ढे खुदवाएगी। इसके अतिरिक्त पौधों और मिट्टी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। पौधों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग (बाड़बंदी) कराने का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### अनेक स्कूलो को सौंपी गई जिम्मेदारी

इस अवसर पर प्रत्येक स्कूल के लिए पौधों की संख्या,स्कूल प्रभारियों, स्वयंसेवी संगठनों के नाम और मोबाइल नंबर एकत्र किए गए। विभिन्न समूहों को भी इस अभियान की जिम्मेदारी सौंपी गई।बैठक में शासकीय यशोदा बाई स्कूल से अरविंद कुमार तिवारी,शासकीय प्राथमिक शाला लखराम से योगेंद्र मिश्रा,प्राथमिक शाला खितौला से जयप्रकाश तिवारी,माध्यमिक शाला खितौला बाजार से मनीष श्रीवास्तव, कन्या शाला सिहोरा से राजेश नेमा,शासकीय उमरिया नाका से विष्णु पटेल,ए के अग्निहोत्री,सांदीपनी बी डी स्कूल सिहोरा से रंजीत कोरी,एस एस ए कॉलेज सिहोरा से डॉ.आनंदीलाल कुर्मी,स्व सेवा संयोजन समिति से सुषमा कर्चुली, जय श्री राम समूह से पूजा चौबे सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

माढोताल में ई रिक्शा और गोसलपुर में बाईक की लूट का खुलासा

# महंगे शौक ने आरोपियों को बना दिया शातिर लुटेरा

हरिभूमि जबलपुर।

माढ़ोताल पुलिस ने चार शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर चार अलग अलग वारदातों का खुलासा किया है। जिसमें चाकू अड़ाकर ई रिक्शा लूटने वालें आरोपी भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ई-रिक्शा, 1 मोटर सायकिल, 1मोबाईल तथा 1 चोरी की बाईके जब्त की है। जब्त किए गए माल की कीमत लगभग 6 लाख रूपये बताई गई है। पुलिस के मुताबिक महंगे शौक करने की आदत ने आरोपियों को लुटेरा बना दिया।



पुलिस अधीक्षक समर वर्मा ने बताया कि माढ़ोताल पुलिस ने शातिर आरोपी संजय नगर यादव कॉलोनी थाना लॉर्डगंज निवासी 21 वर्षीय राहुल विश्वकर्मा, गौतम जी की मडिया कुम्हार मोहल्ला थाना गढ़ा निवासी 19 वर्षीय सक्षम साहू, शास्त्री नगर थाना तिलवारा निवासी 20 वर्षीय सूजल सोंधिया और शास्त्री नगर थाना तिलवारा निवासी 18 वर्षीय सचिन उर्फ सच्चू बेन को गिरफ्तार किया। इन चारों ने माढ़ोताल में ई रिक्शा लूट की वारदात की थी। वहीं कटंगी बायपास पर मोबाइल लूटे थे। इसी तरह इन्होंने एक ढाबे के बाहर खड़ी बाईक चोरी की थी और गोसलपुर में बरनू तिराहा के पास एक होटल कर्मचारी पर चाकू से हमला कर एक बाईक लूटी थी। आरोपियों से पूछताछ की जा रही हैं। लूट का मामला दर्ज कर लिया है।

भाई को मारने निकाला चाकू खुद को लगा

# इंदिरा मार्केट में शराब के नशे में चाकूबाजी ने ली जान

हरिभूमि जबलपुर।

सिविल लाईन थाना अतंर्गत इंदिरा मार्केट के पास शराब पीने के लिए मना करने पर छोटे भाई और बड़ भाई के बीच चल रहे विवाद में छोटे भाई को चाकू लग गया और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस इस संदिग्ध मामलें की जांच कर रही है। फिलहाल घमापुर पुलिस ने जीरो पर मर्ग कायम कर अग्रिम विवेचना के लिए केस डायरी सिविल लाईन थाना में भेज दी।



सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि घमापुर क्षेत्र के कुचबंधिया मोहल्ला निवासी मामू उर्फ सौरभ कुचबंधिया मंगलवार को शराब के नशे में इंदिरा मार्केट के पास चाकू लेकर घूम रहा था। इस दौरान उसका बड़ा भाई सुरजीत वहां पहुंचा और उसको दारु पीने के लिए मना करने लगा, जिस पर सौरभ उससे विवाद करने लगा। सौरभ ने चाकू निकाला और छीनाझपटी के दौरान चाकू सौरभ के पैर में लग गया। चाकू लगने के बाद घायल सौरभ को उसका भाई सुरजीत जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर सौरभ को मेडिकल अस्पताल के लिए रेफर कर दिया था। इधर सौरभ के परिजन और परिचित घायल को मेडिकल न ले जाकर अपने घर ले गए। घर में देर रात सौरभ की मौत हो गई।

सौरभ की मौत के बाद सिविल लाइन पुलिस ने घमापुर पुलिस को संबंधित मामले की जानकारी दी। पोस्टमार्टम नहीं कराने पर अड़े परिजनों को पुलिस ने समझाईश दी। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि मृतक सौरभ कुचबंधिया का परिवार मूलतः पिपरिया का रहना वाला है। सौरभ सहित उसके अन्य भाई ट्रेनों में ककड़ी, चना, मूंगफली आदि बेचने का कार्य करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब के नशे में भाईयों के बीच हमेशा विवाद होता रहता था। सिविल लाइन थाना प्रभारी रीतेश पांडे ने बताया कि इंदिरा मार्केट के पास हुई घटना में एक युवक घायल हुआ था। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन/परिचित उसे घमापुर थाना क्षेत्र स्थिति अपने घर ले गए, जहां सौरभ की मौत हो गई। सौरभ की मौत के बाद घमापुर पुलिस को मामले की सूचना दी गई है। मामले की हर स्तर पर जांच-पड़ताल की जा रही है।

### शासकीय मॉडल आईटीआई में युवा संगम कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** युवाओं को निजी क्षेत्र की कंपनियों में अप्रेंटिसशिप, रोजगार एवं शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने शासकीय मॉडल आईटीआई में 19 जून को युवा संगम कार्यकम का आयोजन किया जा रहा है। उपसंचालक रोजगार एम एस मरकाम ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय मॉडल आई.टी.आई जबलपुर तथा जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जाएगा।

## हेमराज कन्नोजिया को मातृ शोक

**जबलपुर।** श्रीमती कलाबाई कनोजिया का 78 वर्ष की आयु में बुधवार को निधन हो गया। आप स्व मुरलीधर कनोजिया की पत्नी, रामकुमार, श्यामकुमार और पत्रकार हेमराज कनोजिया की माता जी थीं। अंतिम यात्रा गुरुवार को सुबह 11 बजे न्यू शोभापुर से गोकलपुर शमशान घाट के लिए रवाना होगी।



# सेवा की प्रतिमूर्ति थे स्व. ईश्वरदास रोहाणी : दुबे

**जबलपुर।** माँ नर्मदा श्री उत्तम शांतिनाथ आश्रम, ग्राम हीरापुर बंधा, भोपाल रोड, तहसील शहपुरा में शांतिनाथ महाराज एवं महामंडलेश्वर ईश्वरानंद उत्तम स्वामी की पावन प्रेरणा से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. ईश्वरदास रोहाणी जी दादा की स्मृति में नर्मदा परिक्रमवासी सेवा मंगल भवन का भूमि वास्तु पूजन कार्यक्रम सांसद आशीष दुबे के मुख्यातिथ्य, विधायक केन्ट विधानसभा क्षेत्र अशोक ईश्वदास रोहाणी की अध्यक्षता एवं विधायक बरगी विधानसभा क्षेत्र नीरज सिंह, विजय रोहाणी, पूर्व आयुक्त निःशक्तजन संदीप रजक, पूर्व आईएएस वेद प्रकाश की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।



सांसद आशीष दुबे ने नर्मदा परिक्रमा पथ पर बनाए जा रहे सेवा भवन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और विधायक अशोक रोहाणी के प्रयासों की सराहना की, साथ ही इस कार्य में अपनी ओर से भी सहयोग करने आश्वस्त किया। केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा करने वाले पथिकों के लिए यह मंगल भवन सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा। इस अवसर पर माँ नर्मदा श्री उत्तम शांतिनाथ आश्रम ट्रस्ट के सदस्य संदीप पटेल, शशिकांत सोनी, सौरभ पटेल, संदीप शुक्ला, श्रीमती नीता रजक, निर्दोष यादव का सहयोग रहा।

## चोरी की योजना बनाते 3 आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** चोरी की योजना बनाते हुए सिहोरा पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक बिना नंबर की मोटर सायकिल, लोहे की रॉड, हथौड़ी, आरी ब्लेड, पिंचिस तथा पिस्टलनुमा लाईटर जब्त किया हैं। ये आरोपी ईदगाह की दीवाल के पास छिपकर किसी मकान में चोरी करने की योजना बना रहे थे। तीनों आरोपी कटनी के एनकेजे के निवासी बताए गए हैं जो सिहोरा में चोरी के इरादे से आए थे। सिहोरा थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ईदगाह की दीवाल के पास छिपकर बैठे शुभम उर्फ गोलू निषाद उम्र 25 वर्ष निवासी बड़ी खिरहनी दुर्गा चौक एनकेजे जिला कटनी , प्रदीप उर्फ परमू सूर्यवंशी उम्र 26 वर्ष निवासी उड़यि मोहल्ला थाना एनकेजे जिला कटनी, अमित चौहान उम्र 24 वर्ष निवासी नयागांव एनकेजे जिला कटनी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने सिहोरा में चोरी की नीयत से आना बताया और पूर्व में चोरी करने की वारदाते भी स्वीकार किया। आरोपियों के पास से चोरी में प्रयुक्त चोरी की सामग्री और एक मोटरसायकिल जब्त की गई हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 313 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।






**श्रीमती जयंती चौबे**- सिहोरा, वार्ड क्रमांक 13 ल ख रा म मो ह ल्ला खि तौ ला निवासी श्रीमती जयंती चौबे का 70 साल की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार आज गुरुवार को सुबह 9 बजे हिरन नदी घाट खितौला में होगा। वे पुरुषोत्तम लाल चौबे की धर्मपत्नी एंव वार्ड पार्षद राजेश चौबे की मां थी।



**श्री शिव प्रसाद शुक्ला**- डी ब्लाक, अप्सरा अपार्टमेंट साउथ सिविल लाइन निवासी श्री शिव प्रसाद शुक्ला (72) का दिल्ली में निधन हो गया। वे अनूप शुक्ला के भाई तथा प्रवीण शुक्ला के पिता थे। अंतिम यात्रा आज सुबह 10 बजे गौरीघाट मुक्तिधाम की ओर प्रस्थान करेगी।

**श्री विष्णुकांत सिंह**- पचपेढ़ी रोड साउथ सिविल लाइन निवासी श्री विष्णुकांत सिंह (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रेम सिंह खटीक**- खेरमाई वार्ड खटीक मोहल्ला निवासी श्री प्रेम सिंह खटीक (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री भुवन लाल गढ़वाल**- त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री भुवन लाल गढ़वाल (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पवन कुमार कपूर**- सत्य विहार डिपो नं. 2 के पास गोरखपुर निवासी श्री पवन कुमार कपूर (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामू यादव**- जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री रामू यादव (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मान सिंह ठाकुर**- कोल माइंस आफिस के पास कृपाल चौक गुप्तेश्वर निवासी श्री मान सिंह ठाकुर (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गुड्डी बाई अहिरवार**- रामपुर टंकी के पास निवासी श्री मुन्ना लाल अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती गुड्डी बाई अहिरवार (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि शंकर सैनी**- रानीपुर माली मोहल्ला निवासी श्री रवि शंकर सैनी (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अर्चना शर्मा**- गुडविल अपार्टमेंट चौथा पुल रोड निवासी श्री मनीष शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना शर्मा (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

## चिंतन

# जी-7 से भारत ने साधे यूएस, कनाडा व पाक

कनाडा में आयोजित दो दिवसीय जी-7 शिखर सम्मेलन में बतौर आमंत्रित देश के रूप में भाग लेने वाले भारत ने अपने तीन कूटनीतिक लक्ष्य साधे हैं। कनाडा की धरती से जी-7 मंच का उपयोग करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समूह के सभी सदस्य देशों और अन्य देशों को कहा कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद बड़ी चुनौती है। भारत का पड़ोसी पाकिस्तान आतंकवाद का प्रजनन स्थल है और आतंकवाद को लेकर जी-7 देशों के नेताओं का आंखें न मूंदे रहना मानवता के साथ विश्वासघात होगा। पीएम मोदी को जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित करने अवसर मिला, जिसमें उन्होंने विश्व का ध्यान पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की ओर खींचा। इस वर्ष 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला प्रत्येक भारतीय की 'आत्मा, पहचान और गरिमा' पर सीधा हमला था। आज जरूरी है कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी देश को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसे इसकी कीमत चुकानी चाहिए। आतंकवाद से निपटने में 'दोहरे मानदंडों' के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, क्योंकि आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जा सकता है। अपनी कनाडा यात्रा के दौरान ही पीएम नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर करीब 35 मिनट बात की, जिसमें उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर पर भारत की स्थिति को साफ किया। कश्मीर या पाकिस्तान के मसले पर भारत किसी भी सूरत में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं करता है, न पहले की और न भविष्य में करेगा। भारत और पाकिस्तान के बीच कोई भी मुद्दा द्विपक्षीय मामला है। ऑपरेशन सिंदूर को स्थगित करने का फैसला भारत व पाक के बीच हुई डीजीएमओ स्तर की वार्ता में सहमति बनने के बाद किया गया था। राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार झूठ बोल कर इस सहमति में अपना हाथ बताकर श्रेय लेने की कोशिश करते रहे, जिससे भारत की स्वतंत्र विदेश नीति को आघात पहुंचा। पीएम मोदी की ट्रंप से वार्ता ऐसे समय में हुई, जब पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर अमेरिका में हैं और उनका ट्रंप के साथ लंच है। जानकारों को पच नहीं रहा है कि आखिर अमेरिकी राष्ट्रपति प्रोटोकॉल तोड़ कर जनरल मुनीर के आवभगत में क्यों लीन है? इसमें एक ही कारण नजर आ रहा है कि अमेरिका अगर ईरान पर सैन्य एक्शन लेगा तो उसे पाकिस्तानी एयर बेस की जरूरत पड़ेगी, इसलिए ट्रंप जनरल मुनीर को भाव दे रहे हैं। ट्रंप व मुनीर के बीच वार्ता में कश्मीर पर बात होने का भी अनुमान है, इसलिए पहले ही पीएम ने मध्यस्थता पर भारत का रुख साफ कर दिया व पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के ग्लोबल खतरे पर चिंता व्यक्त की। कनाडा में पीएम मोदी और कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के बीच वार्ता हुई, जिससे दोनों देशों के संबंध सुधार की पहल के तौर देखा जाना चाहिए। कनाडा में खालिस्तान समर्थक सिख आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद वहां के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा कनाडाई संसद में इस हत्या में भारत के साथ का आरोप मढ़ने के बाद से भारत व कनाडा के संबंध खराब होते गए थे। पीएम मोदी व पीएम कार्नी ने बड़ी ही सूझबूझ के साथ रिश्तों में आई खटास को मिटाने के लक्ष्य के साथ विवादित मुद्दों से किनारा किया। इससे भारत व कनाडा के संबंध सुधरने की नींव पड़ गई है। पीएम की इस यात्रा की सार्थकता को कनाडा से संबंध सुधार, अमेरिका को मध्यस्थता पर खरी-खरी और सबके लिए आतंकवाद के खतरे के प्रति विश्व को चेतावनी देने के रूप में रेखांकित किया जा सकता है।



**मोदी-कार्नी मिलन**

प्रो. आर.के. जैन

# कनानास्किस में पिघली तकरार की बर्फ

> जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की इस मुलाकात ने बर्फ को पिघलाकर एक नई शुरुआत की नींव रखी। दोनों देशों ने एक-दूसरे की राजधानियों में उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमति जताई, जो केवल एक कदम नहीं, बल्कि आपसी सम्मान, सहयोग और साझा भविष्य की ओर एक छलांग है। यह निर्णय उस समय आया, जब भारत-कनाडा संबंध अपने निम्नतम बिंदु पर थे। वर्तमान क्षण यह साबित करते हैं कि अतीत की कड़वाहट को भुलाकर एक साझा भविष्य गढ़ा जा सकता है। दोनों देश एक ऐसी यात्रा पर हैं, जो न केवल उनके रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, बल्कि विश्व को एकजुटता का नया सबक देगी।

बर्फीली चोटियों और वैश्विक कूटनीति की गर्माहट से सजा कनाडा का कनानास्किस, उस ऐतिहासिक पल का गवाह बना, जब भारत और कनाडा ने अपने तनावग्रस्त रिश्तों को नई उड़ान देने का संकल्प लिया। यह मुलाकात, जो जी-7 शिखर सम्मेलन की पृष्ठभूमि में हुई, न केवल दो देशों के बीच विश्वास की पुनर्स्थापना का प्रतीक है, बल्कि वैश्विक मंच पर एक साहसी कूटनीतिक जीत भी है।

बीते सालों में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद दोनों देशों के बीच उपजा गहरा अविश्वास, राजनयिक निष्कासन और तीखे बयानों की आंधी में फंस गया था। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की इस मुलाकात ने बर्फ को पिघलाकर एक नई शुरुआत की नींव रखी। दोनों देशों ने एक-दूसरे की राजधानियों में उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमति जताई, जो केवल एक कदम नहीं, बल्कि आपसी सम्मान, सहयोग और साझा भविष्य की ओर एक छलांग है। यह निर्णय उस समय आया, जब भारत-कनाडा संबंध अपने निम्नतम बिंदु पर थे। 2023 में निज्जर की हत्या के बाद तत्कालीन कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए, जिन्हें भारत ने सिरे से खारिज कर दिया। इसने दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संकट को जन्म दिया। राजनयिकों का निष्कासन, उच्चायुक्तों की वापसी और संवाद का लगभग ठप होना। भारत ने निज्जर को आतंकवादी माना, जबकि कनाडा में कुछ समूह उन्हें सिख समुदाय का नायक मानते थे। इस वैचारिक खाई ने दोनों देशों को एक-दूसरे से दूर कर दिया था, लेकिन मार्क कार्नी, जिन्होंने मई 2025 में कनाडा की कमान संभाली, ने एक नया दृष्टिकोण अपनाया। उनकी आर्थिक दूरदर्शिता और वैश्विक सोच ने भारत को जी-7 में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखा। कार्नी ने न केवल भारत को इस मंच पर आमंत्रित किया, बल्कि बैठक से पहले कहा - प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी करना सम्मान की बात है। भारत की वैश्विक भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह बयान न केवल भारत के भू-राजनीतिक कद को रेखांकित करता है, बल्कि कनाडा की नई सरकार की सकारात्मक सोच को भी दर्शाता है।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इस मुलाकात को "कूटनीति का एक स्वर्णिम अध्याय" घोषित किया, जो दोनों देशों के बीच संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का वादा करता है। नेताओं ने न केवल उच्चायुक्तों की बहाली पर एकमत होकर इतिहास रचा, बल्कि व्यापार, जन-जन के बीच जुड़ाव और अत्याधुनिक तकनीकी सहयोग जैसे क्षेत्रों में क्रांतिकारी शुरुआत का संकल्प लिया। यह मुलाकात इसलिए और भी खास है, क्योंकि कनाडा में 18 लाख से अधिक भारतीय मूल के लोग सांस्कृतिक और आर्थिक सेतु के रूप में दोनों देशों को जोड़ते हैं। 2023 में भारत-कनाडा द्विपक्षीय व्यापार 9.36 बिलियन डॉलर के प्रभावशाली आंकड़े तक पहुंचा, जिसमें भारत का निर्यात 5.56 बिलियन और कनाडा का 3.80 बिलियन डॉलर रहा।

इस साझेदारी को नई गति देने के लिए, दोनों पक्षों ने स्वच्छ ऊर्जा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और महत्वपूर्ण खनिजों जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्रों में सहयोग के नए द्वार खोले। एक प्रमुख नेता ने



जोश के साथ कहा, "हम भारत के साथ ऊर्जा सुरक्षा, आतंकवाद और एआई जैसे वैश्विक मुद्दों पर मिलकर दुनिया के लिए एक मिसाल कायम करने को तैयार हैं।" यह बयान दोनों देशों के साझा सपनों और वैश्विक चुनौतियों से निपटने की अटूट इच्छाशक्ति को दर्शाता है। इस मुलाकात की सबसे बड़ी उपलब्धि है आपसी विश्वास की पुनर्स्थापना। कार्नी ने निज्जर मामले पर तीखी बयानबाजी से परहेज करते हुए कानूनी प्रक्रिया पर भरोसा जताया, जिससे यह संदेश गया कि उनकी सरकार संवेदनशील मुद्दों को कूटनीति के जरिए हल करने को प्राथमिकता देगी।

भारत ने भी इस दृष्टिकोण का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्नी को उनकी चुनावी जीत की बधाई देते हुए कहा - भारत और कनाडा लोकतांत्रिक मूल्यों और आर्थिक संभावना के दो ध्रुव हैं। हमें मिलकर विश्व में लोकतंत्र और मानवता को मजबूत करना है। यह बयान न केवल दोनों देशों के बीच गहरे रिश्ते की पुनः पुष्टि करता है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की नेतृत्वकारी भूमिका को भी रेखांकित करता है। हालांकि, यह राह आसान नहीं है। कनाडा में खालिस्तानी समूहों की गतिविधियां और उनकी भारत-विरोधी बयानबाजी अभी भी एक चुनौती है। हाल ही में कनाडा की पील रीजनल पुलिस ने 'प्रोजेक्ट पेलिकन' के तहत एक ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया, जिसमें खालिस्तानी समर्थकों की संलिप्तता की आशंका जताई गई।

यह कार्रवाई, जो मोदी की यात्रा से ठीक पहले हुई, कनाडा की नई सरकार की सख्ती को दर्शाती है। फिर भी, कनाडा में सिख समुदाय के कुछ संगठनों ने जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान मोदी के दौरे का विरोध किया, जो इस बात का संकेत है कि कूटनीतिक सुधार के रास्ते में कुछ बाधाएं अभी बाकी हैं। लेकिन कार्नी का यह बयान कि "कनाडा-भारत संबंध आपसी सम्मान और कानून के शासन पर आधारित होंगे," इन चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक मजबूत संकल्प को दर्शाता है। यह मुलाकात केवल राजनयिक नियुक्तियों तक सीमित नहीं है। यह एक ऐसी साझेदारी का प्रारंभ है, जो वैश्विक स्थिरता, आर्थिक विकास, और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगी। कनाडा की कंपनियों का भारत में निवेश और भारतीय डायस्पोरा का कनाडा में योगदान इस रिश्ते की रीढ़ हैं। दोनों देशों के बीच स्वच्छ प्रौद्योगिकी, खाद्य सुरक्षा, और आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग न केवल उनके नागरिकों के लिए अवसर पैदा करेगा, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में उनकी संयुक्त ताकत को भी प्रदर्शित करेगा। भारत, जो पहले से ही डिजिटल क्रांति और स्वच्छ ऊर्जा में अग्रणी है, और कनाडा, जो अपने नवाचार और प्राकृतिक संसाधनों के लिए जाना जाता है, मिलकर 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। कनानास्किस की यह मुलाकात विश्व को एक शक्तिशाली संदेश देती है, कूटनीति की ताकत से कोई भी खाई पाटी जा सकती है।

यह न केवल भारत और कनाडा के लिए एक नया अध्याय है, बल्कि विश्व मंच पर सहयोग और संवाद की जीत है। जैसे ही दोनों देश अपने उच्चायुक्तों को एक-दूसरे की राजधानियों में भेजने की तैयारी कर रहे हैं, यह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि विश्वास की नई नींव है। यह क्षण, जब दो लोकतांत्रिक राष्ट्र एक-दूसरे की ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाते हैं, यह साबित करता है कि अतीत की कड़वाहट को भुलाकर एक साझा भविष्य गढ़ा जा सकता है। भारत और कनाडा, अब एक ऐसी यात्रा पर हैं, जो न केवल उनके रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, बल्कि विश्व को एकजुटता का नया सबक देगी।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

**11 वर्ष**

विकास खितौलिया




# चुनौतियों के बावजूद भारत की विकास यात्रा जारी

चैन की जिंदगी जियो, रोटी खाओ, वरना मेरी गोली तो है ही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ये शब्द और विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब रेल सेतु पर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तिरंगा फहरा रहे थे तब ऐसे संदेशों से देश की करोड़ों जनता को गर्व का एहसास होता है। भले ही उनके विरोधी इसे सिनेमाई संवाद, फोटोग्राफी अंदाज़ कहें, पर कुछ भी कहिए प्रधानमंत्री मोदी के समकक्ष वर्तमान में कोई भी अन्य नेता दिखाई नहीं देता। वे देश और दुनिया के दिलों में समा गए हैं। पहलगांव आतंकी हमले के बाद हुई सफल सैन्य कार्रवाई के नामकरण 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश की जनता के खासकर महिलाओं के मन को छुआ। यह पहला मौका था, जब हमारे पास घोषित 'सुरक्षा नीति' के साथ अंदरूनी मोर्चे पर माओवाद दम तोड़ रहा है। वहीं विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब रेल सेतु का उद्घाटन करके और स्वदेशी तकनीक का लोहा बनवाकर देश को विकसित भारत की ओर ले जाने का काम किया है। हमारे देश में लगभग सभी राजनीतिक दल, चाहे वे सत्ता में हों या विपक्ष में, चुनाव के समय लोक-लुभावने वादे करते हैं, लेकिन सत्ता में आते ही उनको पूरा करना भूल जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले कहा 'सबका साथ, सबका विकास', फिर इसमें जोड़ा 'सबका विश्वास' और अब इसमें 'सबका प्रयास' जोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को केंद्र सरकार की बागडोर थामे 11 वर्ष हो गए। उन्होंने अपना तीसरे कार्यकाल का पहला साल पूरा किया है। उनके ये साल कामकाज के लिहाज से ऐतिहासिक रहे हैं। अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक पर कानून और राम मंदिर निर्माण जैसे संवेदनशील व ऐतिहासिक निर्णयों ने उनकी राजनीतिक इच्छाशक्ति को दर्शाया। वह आज तक कोई चुनाव नहीं हारे, इससे बड़ी स्वीकारोक्ति और क्या हो सकती है? यहां यह मानने की भूल मत कर बैठिएगा कि मोदी सिर्फ आत्म-प्रदर्शन के भरोसे कायम हैं। बतौर प्रधानमंत्री उनके कई काम अनूठे हैं। इसमें कोई दोराय नहीं है कि सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाईं और उनको सफलतापूर्वक लागू भी किया। हर जरूरतमंद को अन्न देने की व्यवस्था करनी हो या सस्ते मकान उपलब्ध कराना, यहां तक कि सस्ती चिकित्सा सुविधा और कम कीमत पर जेनेरिक दवाएं मुहैया कराने का काम भी इस सरकार ने किया है। इस अवधि में देश ने आर्थिक सुधारों के क्षेत्र में जीएसटी, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया जैसे ऐतिहासिक कदमों के माध्यम से न केवल निवेश आकर्षित किया, बल्कि देश की उत्पादन और तकनीकी क्षमताओं को भी मजबूत किया। वन रैंक वन पेंशन स्कीम लागू कर सेना के पूर्व सैनिकों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा किया है। वहीं सामाजिक कल्याण योजनाओं जैसे उज्ज्वला, विश्व की सबसे बड़ी खाद्यान्न वितरण योजना और सैनिक साजो-सामान के स्वदेशीकरण, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत और पीएम किसान सम्मान निधि ने गरीबों और वंचितों के जीवन को सीधे-सीधे प्रभावित किया। बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व तेजी से सड़कों, रेलवे, और हवाई सेवाओं का विस्तार हुआ। वहीं रिकॉर्ड स्तर पर राजमार्ग निर्माण, रेलवे आधुनिकीकरण, स्मार्ट सिटी मिशन और बुलेटिन परियोजनाओं की शुरुआत की। नरेंद्र मोदी पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने चीन से जुड़े संवेदनशील स्थानों तक सड़क और ट्रेन परिवहन का जाल बिछाने में गजब की तेजी दिखाई। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारतीय जनता पार्टी में संगठन का खासा महत्व है, लेकिन हमें ध्यान रखना होगा कि 2014 के बाद ही भारतीय जनता पार्टी को संसार के सबसे बड़े सियासी दल होने का गौरव हासिल हुआ। तमाम चुनौतियों के बावजूद भारत की विकास यात्रा जारी है और हम तेजी से विकासशील राष्ट्रों की कतार से निकलकर विकसित की जमात का हिस्सा बनते जा रहे हैं। इसमें नरेंद्र मोदी के योगदान से कैसे इनकार किया जा सकता है? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल में भारत ने आर्थिक, सामाजिक, तकनीकी और वैश्विक मंच पर कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। हालांकि कुछ आलोचनाएं और चुनौतियां भी सामने आईं, जैसे बेरोजगारी, महंगाई और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर प्रश्न, लेकिन संपूर्ण दृष्टिकोण से यह कालखंड भारत के पुनर्निर्माण और सशक्तिकरण का समय माना जा सकता है। उम्मीद यही है कि प्रधानमंत्री इस बार भी सभी की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। 'न्यू इंडिया' का सपना अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक सशक्त दिशा है जिसमें देश अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व भारत को एक आत्मविश्वासी, विकसित और वैश्विक रूप से प्रभावशाली राष्ट्र की ओर ले जाने वाला परिवर्तनकारी युग सिद्ध हुआ है।

(लेखक शोधकर्ता एवं विचारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र




संकलित

**दर्शन**

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्रा में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

## किसी के बारे में पहले से राय नहीं बनानी चाहिए



संकलित

**प्रेरणा**

बुद्ध अपने शिष्यों को अलग-अलग घटनाओं की मदद से भी उपदेश दिया करते थे। उनका एक शिष्य ऐसा था जो किसी से ज्यादा कुछ बोलता नहीं था। वह सिर्फ अपने काम पर ध्यान देता, काम पूरा होने के बाद एकांत में चला जाता। वह ध्यान में बैठे रहता था। कुछ शिष्य बुद्ध से एकांत में रहने वाले शिष्य की शिकायतें करने लगे। धीरे-धीरे उस शिष्य की बुराई ज्यादा होने लगी। बुद्ध के पास उस शिष्य की शिकायतें और ज्यादा पहुंचने लगी तो बुद्ध ने सोचा कि इस शिष्य से बात करनी होगी, उसके लिए इतनी शिकायतें क्यों आ रही हैं? एक दिन बुद्ध ने एकांत में रहने वाले शिष्य से पूछा कि तुम ऐसा क्यों करते हो? सभी लोग तुम्हारी शिकायतें कर रहे हैं। उस शिष्य ने कहा कि तथागत आपने घोषणा कर रखी है कि कुछ दिनों में आप ये संसार छोड़ देंगे तो मैंने ये तय किया है कि जब तक आप यहां हैं, मैं आपसे एकांत और मौन का महत्व समझ लूं। आपके बाद मुझे इन बातों को कोई और कैसे समझाएगा। शिष्य की बातें सुनकर बुद्ध ने अन्य शिष्यों से कहा कि तुम सभी इस शिष्य की गलत शिकायतें कर रहे हो। तुम लोगों ने इसे जाने बिना इसके बारे अपनी गलत राय बना ली है। तुमने देखा कुछ और समझा कुछ। तुम सभी की आदत है कि दूसरों को गलत तरीके से परखते हो।ध्यान रखें हमें किसी भी व्यक्ति के लिए जल्दबाजी में कोई राय नहीं बनानी चाहिए। किसी व्यक्ति से मिलते समय उसके बारे में पहले से कोई राय न बनाएं। पहले उस व्यक्ति की गतिविधियों को देखें, समझें और फिर किसी नतीजे पर पहुंचना चाहिए।

## बारिश



गुरुग्राम में भारी बारिश के बाद दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे पर जलभराव वाली सर्विस रोड से गुजरते यात्री।

## आज की पाती


### बढ़ती समस्याओं का कारण सादगी का अभाव

आज लोग दूसरों को धोखा देने के नए-नए रास्ते निकाल लेते हैं, मगर इससे जीवन में शांति नहीं आ सकती। शांति के लिए सादगी के साथ-साथ स्वावलंबन भी आवश्यक है। कबीर महात्मा होकर भी कपड़ा बुनते थे। गांधी जी अपना कार्य स्वयं अपने हाथों से करते थे। साबरमती आश्रम के निवासियों को स्वावलंबन की शिक्षा पहले दी जाती थी। अमरीका के प्रसिद्ध उद्योगपति हेनरी फोर्ड के जीवन की एक घटना हमें बताती है कि अमरीकावासी घरेलू नौकर से काम कराने के बजाय अपना काम स्वयं करना अधिक पसंद करते हैं। जब तक मान व छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों का मुंह ताकेगा, वह सुखी नहीं हो सकता। जीवन को सरल, सादगीपूर्ण व स्वावलंबी बनाते हुए, अपने विचारों की उच्चता में ही जीवन की सफलता है। *-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटने से कई उड़ानें हुई रद्द

इंडोनेशिया का माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी ज्वालामुखी बुधवार को फिर से धधक उठा और उसमें से राख व धुएं का गुबार फूटा, जिसके कारण आसपास के गांवों को खाली कराना पड़ा और पर्यटक द्वीप बाली आने वाली तथा वहां से जाने वाली उड़ानों समेत अन्य उड़ान सेवा को रद्द कर दिया गया। ज्वालामुखी में मंगलवार शाम से बुधवार दोपहर तक कई विस्फोटों के कारण राख आसमान में 5,000 मीटर तक फैल गयी। मंगलवार दोपहर को ज्वालामुखी फटने के बाद ज्वालामुखी से 10,000 मीटर ऊंचाई तक घने भूरे बादल देखे गये। राख का गुबार इतना विशाल था कि उसे 150 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। इस बीच, बाली हवाई अड्डे के पास ज्वालामुखी विस्फोट के कारण एअर इंडिया की बुधवार को दिल्ली-बाली उड़ान को बीच रास्ते से ही दिल्ली वापस ले जाना पड़ा। विमानन कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। एअर इंडिया ने बयान में कहा कि फ्लाइट सुरक्षित रूप से दिल्ली में उतार ली गई और सभी यात्रियों को उतार दिया गया है। ज्वालामुखी फटने संबंधी चेतावनी को उच्चतम स्तर तक बढ़ा दिया और खतरे के क्षेत्र का दायरा ज्वालामुखी से आठ किमी तक बढ़ा दिया।



## ऑफ बीट

# यूरेनियम संवर्धन क्या है कैसे होता है इस्तेमाल

यूरेनियम संवर्धन वास्तव में क्या है और यह चिंता का विषय क्यों है? यूरेनियम को 'संवर्धित' करने का क्या मतलब है, यह समझने के लिए आपको यूरेनियम आइसोटोप और अणु विखंडन प्रतिक्रिया में उसको विभाजित करने के बारे में थोड़ा जानना होगा। आइसोटोप क्या है? सभी पदार्थ अणुओं से बने होते हैं, और ये अणु प्रोटॉन, न्यूट्रॉन और इलेक्ट्रॉन से बने होते हैं। प्रोटॉन की संख्या ही परमाणुओं को उनके रासायनिक गुण प्रदान करती है, जो विभिन्न रासायनिक तत्वों को अलग करती है। अणुओ में प्रोटॉन और इलेक्ट्रॉन की संख्या बराबर होती है। उदाहरण के लिए, यूरेनियम में 92 प्रोटॉन होते हैं, जबकि कार्बन में छह होते हैं। हालांकि, एक ही तत्व में न्यूट्रॉन की संख्या अलग-अलग हो सकती है, जिससे तत्व के अलग-अलग संस्करण बनते हैं जिन्हें आइसोटोप कहते हैं। रासायनिक प्रतिक्रियाओं के लिए यह बात कोई मायने नहीं रखती, लेकिन उनकी नाभिकीय प्रतिक्रियाएं बहुत भिन्न हो सकती हैं। यूरेनियम-238 और यूरेनियम-235 के बीच अंतर जब हम यूरेनियम का खनन करते हैं तो इसका 99 .27 प्रतिशत हिस्सा यूरेनियम-238 होता है, जिसमें 92 प्रोटॉन और 146 न्यूट्रॉन होते हैं। केवल 0 .72 प्रतिशत हिस्सा यूरेनियम-235 होता है, जिसमें 92 प्रोटॉन और 143 न्यूट्रॉन होते हैं।



## ट्रेंड

### वार्षिक पास शुरू

15 अगस्त 2025 से 3,000 रुपये की कीमत वाला फास्टैग आधारित वार्षिक पास शुरू किया जा है। यह पास सक्रिय होने की तिथि से एक वर्ष तक या 200 यात्राओं तक, जो भी पहले हो, वैध रहेगा। सुलभ लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान सहज बनेगा।

**-नीतिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**



### मध्यस्थता नहीं चाहिए

पहले दिन से हमने इस बात को स्पष्ट कर दिया था कि भारत को मध्यस्थता के लिए तीसरे देश की आवश्यकता नहीं है। पाकिस्तान ने सामने से विनती की, तब हमने सीजफायर को स्वीकार किया।

**-देवेंद्र फडणवीस, सीएम, महाराष्ट्र**



### अभ्यर्थियों के लिए मुश्किल

आरपीएससी द्वारा फर्स्ट ग्रेड शिक्षक भर्ती परीक्षा 23 से 4 जुलाई तक आयोजित की जा रही है। इसी बीच यूजीसी ने नेट परीक्षा की तारीख 25 से 30 जून के बीच घोषित की है। राजस्थान सरकार को इस परिस्थिति को देखते हुए उचित निर्णय लेना चाहिए।

**-अशोक गहलौत, पूर्व सीएम, राजस्थान**



### भाजपा से उम्मीद नहीं

ये भाजपा की राजनीति की सबसे बड़ी हार है कि सैकड़ों लोगों की मृत्यु पर कोई उन भाजपाइयों से इस्तीफा भी नहीं मांगता है, जो सीधे-सीधे इसके लिए उत्तरदायी हैं। इसका साफ़ मतलब है कि जनता को भाजपा से कोई उम्मीद नहीं बची है।

**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**



**हमारा पता**

**हरिभूमि कार्यालय**

66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# रिलायंस इंफ्रा ने फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन के साथ कर ली बड़ी डील

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनिल अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की इकाई रिलायंस एयरोस्ट्रक्चर ने वैश्विक बाजारों के लिए भारत में फाल्कन 2000 'बिजनेस एग्जीक्यूटिव जेट' बनाने के लिए फ्रांस की दिग्गज कंपनी डसॉल्ट एविएशन के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। दोनों कंपनियों ने बुधवार को यह घोषणा की। यह घोषणा पेरिस एयरशो के दौरान की गयी। यह साझेदारी भारत की वैमानिकी क्षेत्र में विनिर्माण क्षमताओं को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। दसॉ एविएशन ने कहा कि पहली बार वह फ्रांस के बाहर फाल्कन 2000 जेट का विनिर्माण करेगी।

- भारत की वैमानिकी क्षेत्र में विनिर्माण क्षमताओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम

## वैश्विक बाजारों के लिए भारत में फाल्कन 2000 जेट बनाए जाएंगे

### नागपुर में बनकर तैयार होगा फाल्कन 2000

*कंपनी ने यह भी बताया, यह देश की एयरोस्पेस और मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के लिए एक ऐतिहासिक पल है क्योंकि इसी एग्रीमेंट के साथ अमेरिका, फ्रांस, कनाडा और ब्राजील जैसे नेक्स्ट जेनरेशन के बिजनेस जेट बनाने वाले देशों के एलिट क्लब में भारत की एंट्री होती है। रिलायंस इंफ्रा ने बताया कि महाराष्ट्र के नागपुर में फाल्कन 2000 बिजनेस जेट बनाए जाएंगे। यहां पहले से मौजूद फैसिलिटी में 2019 से फाल्कन 2000 जेट के कुछ हिस्से बनाए जाते थे और अब पूरा जेट यहीं बनकर तैयार होगा।*




### कंपनी को मिला 300 करोड़ का नया निवेश

इसके अलावा, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर ने बताया कि कंपनी ने अपने प्रमोटर ग्रुप की यूनिट रिसी इन्फिनिटी प्राइवेट लिमिटेड को 1.25 करोड़ रुपए के फुली पेड अप इक्विटी शेयर 240 रुपए प्रति शेयर (230 रुपए के प्रीमियम सहित) पर अलॉट किए हैं। इससे कंपनी ने 300 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाई है। इससे कंपनी की कैपिटल बढ़ेगी, तो नए प्रोजेक्ट्स पर काम तेजी से होगा।

### शेयर बाजार में चढ़े कंपनी के शेयर

*अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयरों में बुधवार, 18 जून को गजब की तेजी देखने को मिली। दोपहर में कारोबार के दौरान शेयरों की इतनी जबरदस्त खरीदारी हुई कि 5 परसेंट का अपर सर्किट लग गया। इसी के साथ यह 386.05 रुपए के इंट्राडे-हाई पर पहुंच गया। शेयरों में आई इस तेजी के पीछे एक डील है।*

***फाल्कन में है हर तरह की सुविधा :*** *फाल्कन 2000 जेट एक ट्विन इंजन बिजनेस जेट है, जो अपनी रेंज, स्पीड और आरामदायक लग्जीरियस केबिन के लिए जाना जाता है। इसमें 19 लोगों के बैठने की जगह है। यह जेट लगभग 6500 किलोमीटर की दूरी बिना रुके तय कर सकता है। वहीं, इसकी रफ्तार 610 मील प्रति घंटा है।*

## पिछले वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत रही थी

# भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में 6.2 फीसदी से अधिक रहने का अनुमान: इक्रा

- सकल मूल्य वर्धित वृद्धि दर 6.4 फीसदी से अधिक होगी
- महंगाई दर के 3.5 फीसदी से अधिक रहने का अनुमान
- थोक मूल्य सूचकांक चालू वित्त वर्ष में 1.8 फीसदी रहेगा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही थी।

एजेंसी ने अपने ताजा परिदृश्य में कहा कि इसी अवधि के दौरान देश की वास्तविक सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत से अधिक होगी।

जहां जीडीपी देश के भीतर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को बताता है, वहीं जीवीए उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य में से मध्यवर्ती वस्तुओं और सेवाओं की लागत को घटाने पर प्राप्त होता है।

### महंगाई नियंत्रण में रहेगी

रिपोर्ट में कहा गया है कि मुद्रास्फीति के संबंध में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई दर के 3.5 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान है, जबकि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) चालू वित्त वर्ष में 1.8 प्रतिशत से अधिक रहेगा।





### निर्यात में सुस्ती जारी रहेगी

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट में आयकर में बड़ी राहत, नीतिगत दर में कटौती से ईएमआई (मासिक किस्त) में कमी और खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी से घरेलू खर्च योग्य आय में वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत के वस्तु निर्यात में सुस्ती निकट भविष्य में भी जारी रह सकती है।

### राजकोषीय घाटा 4.4 फीसदी रहने का अनुमान

इक्रा ने 2025-26 के लिए राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि इसी अवधि के दौरान चालू खाता घाटा 1.2 प्रतिशत से 1.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एजेंसी के अनुसार, रबी फसल बेहतर होने और सामान्य से अधिक जलाशय स्तर के कारण ग्रामीण मांग में तेजी बनी रहने की संभावना है।

## चिप विनिर्माण के लिए भारत प्रमुख गंतव्य बना: मूडीज



पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया की विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश के लिए प्रमुख लक्ष्य हैं। मूडीज एनालिटिक्स ने बुधवार को कहा कि इनमें भारत, सिंगापुर और मलेशिया तेजी से खुद को डेटा सेंटर परियोजनाओं या चिप विनिर्माण के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित कर रहे हैं।

### सीमापार निवेश धीमा हो रहा

मूडीज एनालिटिक्स ने अपनी रिपोर्ट 'एआई इज बीटिंग द ऑड्स' में कहा कि ऐसे समय में जब सीमापार निवेश धीमा हो रहा है और वैश्विक व्यापार टूट रहा है, तब एआई पर खर्च वर्तमान के विपरीत हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, भले ही व्यापार और भू-राजनीतिक तनाव अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहे हों, लेकिन एआई की बढ़ती मांग, आपूर्ति से कहीं ज़्यादा है। इस अंतर को पाटने के लिए वैश्विक निवेशक डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में पूंजी लगा रहे हैं।

### अमेरिका में आउटबाउंड अधिक

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका में आउटबाउंड (घरेलू कंपनी द्वारा विदेश में) एआई निवेश की हिस्सेदारी इसकी इनबाउंड (विदेशी कंपनी द्वारा घरेलू बाजार में) हिस्सेदारी से अधिक है। यह बताता है कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी दिग्गज अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रही हैं।

### भारत, सिंगापुर व मलेशिया खुद को स्थापित कर रहें

मूडीज एनालिटिक्स ने कहा, "पूर्वी और दक्षिण-पूर्व एशिया में विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाएं प्रमुख गंतव्य हैं। विशेष रूप से, भारत, सिंगापुर और मलेशिया तेजी से डेटा सेंटर परियोजनाओं या चिप विनिर्माण के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में खुद को स्थापित कर रहे हैं। ये बाजार लागत लाभ, बढ़ती मांग और प्रौद्योगिकी निवेश के लिए सहायक नीतियां प्रदान करते हैं।"

# बीजों, कीटनाशकों से संबंधित कानूनों को सख्त बनाएगी सरकार : कृषि मंत्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- गुणवत्तापूर्ण लागत सुनिश्चित करने कानूनों में होगा संशोधन
- कई किसानों ने बीज और कीटनाशकों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि सरकार बीज और कीटनाशक कानूनों को सख्त बनाएगी और किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण लागत सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा कानूनों में संशोधन कर सकती है।

चौहान ने कहा कि कई किसानों ने 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के दौरान बीज और कीटनाशकों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई है। कृषक समुदाय तक पहुंच बनाने के मकसद से यह देशव्यापी अभियान 29 मई को ओडिशा के पुरी से शुरू किया गया था। इस अखिल भारतीय अभियान का 12 जून को गुजरात के बारडोली में समापन हुआ। चौहान ने इस अभियान के बारे में कहा, ''अभियान बहुत सफल रहा। इस दौरान हमने 721 जिलों के 1.43 लाख गांवों में 1.34 करोड़ किसानों से सीधे संपर्क किया। जनजातीय, आकांक्षी और सीमावर्ती जिलों सहित 60,281 कार्यक्रम आयोजित किए गए।''

कृषि मंत्री ने अभियान को 'एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम' बताते हुए कहा कि यह केंद्र और राज्यों का एक सहयोगात्मक प्रयास था जिसमें आईसीएआर और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के 8,280 वैज्ञानिकों की 2,170 टीमें शामिल थीं।

### जैविक खेती के लाभ पर चर्चा

इस दौरान नए शोध, प्रत्येक जिले की मिट्टी की सेहत और जलवायु की स्थिति के आधार पर फसल सलाह और प्राकृतिक/ जैविक खेती के लाभ पर चर्चा की गई। चौहान ने कहा, ''हमें किसानों से कई सुझाव मिले हैं जो बहुत उपयोगी हैं। कृषि संबंधी योजना और नीतियां बनाते समय हम उन सुझावों को ध्यान में रखने की कोशिश करेंगे।

## खबर संक्षेप

### डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे टूटकर 86.47 पर बंद



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 13 पैसे की गिरावट के साथ 86.47 (अस्थायी) पर बंद हुआ। जोखिम लेने से बचने तथा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण रुपये में यह गिरावट आई। घरेलू शेयर बाजारों और डॉलर की मजबूती के बीच रुपये में गिरावट आई।

### बैंकों के पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक में मार्च में सुधार



**मुंबई।** आरबीआई ने बुधवार को कहा कि वाणिज्यिक बैंकों का पर्यवेक्षी डाटा गुणवत्ता सूचकांक मार्च 2025 में बढ़कर 89.3 हो गया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 88.6 था। आरबीआई ने एक पर्यवेक्षी डेटा गुणवत्ता सूचकांक बनाया है, जो डूबे ऋण, विभिन्न प्रमुख वित्तीय मापदंडों में सटीकता, समयबद्धता, पूर्णता और स्थिरता के संदर्भ में डेटा गुणवत्ता का मूल्यांकन करता है।

### ब्रिटेन की मुद्रास्फीति मई में घटी, कम रही गिरावट




**लंदन।** ब्रिटेन में मई माह में मुद्रास्फीति में मामूली गिरावट आई है। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी मिली। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने कहा कि उपभोक्ता कीमतें मई में 3.4 प्रतिशत बढ़ीं, जो अप्रैल के 3.5 प्रतिशत से कम है। इसका अर्थ यह है कि मुद्रास्फीति बैंक ऑफ इंग्लैंड के दो प्रतिशत के लक्ष्य से काफी ऊपर बनी हुई है।

### गूगल सेफ्टी इंजीनियरिंग सेंटर का हैदराबाद में उद्घाटन




हैदराबाद। गूगल सेफ्टी इंजीनियरिंग सेंटर, इंडिया (जीएसईसी इंडिया) का बुधवार को यहां उद्घाटन किया गया। यह एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शुरू की जाने वाली पहली और वैश्विक स्तर पर चौथी ऐसी सुविधा है। कंपनी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने इस सुविधा का उद्घाटन किया।

### वनप्लस का ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स से करार



**नई दिल्ली।** चीन की स्मार्टफोन विनिर्माता वनप्लस ने भारत में 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' उपकरण बनाने के लिए ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ साझेदारी की है। वनप्लस के आईओटी उत्पादों में टीडब्ल्यूएस (ट्रू वायरलेस स्टीरियो) उत्पाद और वायरलेस नेकबैंड (गले में पहनने वाला श्रव्य उपकरण) शामिल हैं।

### जापान के निर्यात में मई में 1.7 प्रतिशत की गिरावट



**टोक्यो।** जापान के निर्यात में मई महीने में गिरावट आई है। अमेरिका को मोटर वाहनों के निर्यात में सालाना आधार पर करीब 25 प्रतिशत की भारी गिरावट इसकी मुख्य वजह रही। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि निर्यात में सालाना आधार पर 1.7 प्रतिशत की गिरावट आई जो विश्लेषकों द्वारा पूर्वानुमानित गिरावट से कम है। आयात में 7.7 प्रतिशत की गिरावट आई, जो कमजोर घरेलू मांग को दर्शाता है। यह अप्रैल में दर्ज दो प्रतिशत की गिरावट से भी बदतर है। '


# पश्चिम एशिया में तनाव से सेंसेक्स 139 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

- निफ्टी 41 अंक के नुकसान में रहा

स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला बुधवार को दूसरे कारोबारी सत्र में भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 139 अंक और टूट गया। वहीं एनएसई निफ्टी 41 अंक के नुकसान में रहा। पश्चिम एशिया में तनाव और अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर पर निर्णय से पहले निवेशकों के सतर्क रुख के बीच बाजार में गिरावट आई।

सेंसेक्स शुरुआती लाभ को गंवाते हुए अंत में 138.64 अंक गिरावट के साथ 81,444.66 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स एक समय 346.29 अंक तक टूट गया था। निफ्टी भी 41.35 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,812.05 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''पश्चिम एशिया में जारी तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण घरेलू बाजार शुरुआती बढ़त बरकरार रखने में विफल रहे।



### एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225 और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त में रहे, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में सर्वाधिक 1.79 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले, बजाज फिनसर्व और एनटीपीसी नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, इंडसइंड बैंक में 5.12 प्रतिशत की तेजी आई। टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और मारुति भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।

## तुर्किये की कंपनी सेलेबी की याचिका पर सुनवाई टली...




**मुंबई।** उच्च न्यायालय ने बुधवार को मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. (एमआईएएल) द्वारा अनुबंध समाप्त किए जाने के खिलाफ तुर्किये की कंपनी सेलेबी की याचिका पर सुनवाई 25 जून तक के लिए स्थगित कर दी। मुंबई उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों के मामले की सुनवाई आगे टाले जाने के अनुरोध के बाद इसे स्थगित करने का निर्णय किया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान को तुर्किये के समर्थन को लेकर भारत में हो रही तीखी प्रतिक्रिया के बीच, भारत के विमानन सुरक्षा नियामक बीसीएएस ने इस महीने की शुरुआत में राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। इसके बाद, एमआईएएल के साथ इसका अनुबंध समाप्त कर दिया गया। जमीनी रखरखाव और हवाई अड्डे से जुड़ी सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी ने सुरक्षा मंजूरी रद्द करने और अनुबंध समाप्त करने के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया है।

# हीरो मोटोकॉर्प 'बैटरी एज ए सर्विस' मॉडल पेश करेगी

- जुलाई से विडा वीएक्स 2 में मिलेगी यह सुविधा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प अगले महीने से अपने आगामी इलेक्ट्रिक स्कूटर विडा वीएक्स2 के लिए 'बैटरी-एज-ए-सर्विस' (बीएएएस) मॉडल पेश करेगी।

बीएएएस एक शुल्क आधारित मॉडल है, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की कीमत में उसकी बैटरी की कीमत को अलग रखा जाता है। इससे बैटरी के लिए सीधे स्वामित्व के बजाय उपयोग के हिसाब से भुगतान या किराए का विकल्प मिलता है।इससे ईवी की लागत कम हो जाती है और उसे खरीदना आसान हो जाता है।

यह विशेष रूप से बैटरी के खराब होने और उसे बदलने के बारे में चिंतित लोगों के लिए आकर्षक है। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि लचीले 'पे-एज-यू-गो' स्वामित्व मॉडल के साथ बीएएएस सदस्यता समाधान अग्रिम स्वामित्व लागत को काफी कम कर देगा, जिससे इलेक्ट्रिक परिवहन अधिक किफायती और व्यापक ग्राहक आधार के लिए सुलभ हो जाएगी।

# पीएनबी ने रक्षक प्लस बचत खाता योजना में 17 करोड़ बांटे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- 26 दिवंगत कर्मियों के परिवारों को राशि वितरित

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने इस साल 11 जून तक अपनी प्रमुख 'रक्षक प्लस योजना' के तहत 26 दिवंगत रक्षा एवं अर्द्धसैन्य कर्मियों के परिवारों को 17.02 करोड़ रुपये वितरित किए हैं। बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पीएनबी ने बयान में कहा कि यह भारत की रक्षा करने वाले बहादुर सैनिकों के प्रति बैंक के अटूट समर्थन की पुष्टि करता है। बयान के अनुसार, बैंक की 'रक्षक प्लस योजना' में व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा में किसी के जान गंवाने पर एक करोड़ रुपये और स्थायी व पूर्ण विकलांगता एवं हवाई दुर्घटना के मामले में 1.5 करोड़ रुपये दिए जाते हैं। इस योजना में आंशिक विकलांगता 'कवरेज' और वर्दीधारी लोगों की आवश्यकताओं के अनुरूप व्यापक लाभ शामिल हैं। पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक (बीएआरएम) विनय गुप्ता ने कहा, शहीदों के परिवारों के साथ खड़े रहना हमारा कर्तव्य है।




### असीम बलिदान के प्रति सम्मान

रक्षक प्लस योजना के माध्यम से पीएनबी वित्तीय सहायता से कहीं अधिक प्रदान करता है। यह उनके असीम बलिदान के प्रति हमारे सम्मान और स्थायी समर्थन को दर्शाता है।

# इजराइल-ईरान तनाव बढ़ने से चांदी नई ऊंचाई पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- चांदी की कीमत बढ़कर 1,08,200 रुपए प्रति किलोग्राम पर
- सोने 540 रुपए की तेजी के साथ 1,00,710 रुपये प्रति 10 ग्राम

इजरायल-ईरान संघर्ष के छठे दिन भी जारी रहने के बीच निवेशकों का सुरक्षित निवेश वाली परिसंपत्तियों में झुकाव बढा है। इससे बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 1,08,200 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई, जबकि सोना 540 रुपये बढ़कर एक लाख रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर रहा।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। सराफा संघ के अनुसार, मंगलवार को पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 1,07,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। शुक्रवार को चांदी ने 1,08,100 रुपये प्रति किलोग्राम के अपने पिछले सर्वकालिक उच्चस्तर को फिर से छुआ। फरवरी, 2012 के बाद पहली बार अंतरराष्ट्रीय बाजार में यह 37 डॉलर प्रति औंस के स्तर को पार कर गई। रुपये में कमजोरी से घरेलू बाजारों में सर्राफा कीमतों को समर्थन मिल रहा है।' सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 540 रुपये बढ़कर 1,00,710 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। वैश्विक स्तर पर, हाजिर सोना 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,380.97 डॉलर प्रति औंस पर रहा। कोटक सिक्योरिटीज के अनुसार, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव पर व्यापारियों का ध्यान केंद्रित होने के कारण डॉलर में मजबूती आने से सोने की कीमतें 3,400 डॉलर प्रति औंस से नीचे बनी हुई हैं। इस ब्रोकरेज फर्म ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के बिना शर्त आत्मसमर्पण करने के आह्वान और ईरानी नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के खिलाफ संभावित हमलों की चर्चाओं ने ''संघर्ष में अमेरिका की प्रत्यक्ष भागीदारी की आशंकाओं को बढ़ा दिया है।

### हाजिर चांदी बढ़कर 37.18 डॉलर प्रति औंस

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर चांदी 0.15 प्रतिशत बढ़कर 37.18 डॉलर प्रति औंस हो गई। आनंद राठी शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स के एवीपी (जिंस एवं मुद्रा) मनीष शर्मा ने कहा, ''बाजार प्रतिभागी निकट भविष्य में सतर्कतापूर्वक तेजी का रुख अपनाए हुए हैं, क्योंकि उन्हें आज रात होने वाली अमेरिकी एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की बैठक से और अधिक संकेतों का इंतजार है।''

## टाटा कंज्यूमर के निदेशक बालाजी ने कहा, हर कार्य को तेजी से बदल रहा

# एफएमसीजी कारोबार पर एआई का गहरा असर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- कंपनियां ही भविष्य में मूल्य सृजन के अगले चरण का नेतृत्व करेंगी

दैनिक उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनी टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स (टीसीपीएल) के निदेशक पीबी बालाजी ने बुधवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) इस क्षेत्र के लगभग हर कार्य को तेजी से बदल रही है।

इसके साथ ही बालाजी ने कहा कि एआई को अपने परिचालन में गहराई तक अपनाने वाली कंपनियां ही भविष्य में मूल्य सृजन के अगले चरण का नेतृत्व करेंगी। बालाजी ने कंपनी की वार्षिक आमसभा (एजीएम) को संबोधित करते हुए कहा कि एआई मांग के पूर्वानुमान से लेकर माल स्टॉक के अनुकूलन और मूल्य निर्धारण तक सभी कार्यों को प्रभावित कर रहा है।

### टीसीपीएल भविष्य के लिए तैयार

बालाजी ने कहा कि डिजिटल-केंद्रित विपणन और अत्यधिक स्थानीय बाजार के अनुकूल उत्पादों की पेशकश जैसी गतिविधियां एफएमसीजी क्षेत्र में ब्रांड के नियमों को फिर से लिख रही हैं। उन्होंने कहा कि टीसीपीएल भविष्य के लिए तैयार एफएमसीजी ताकत बनने के लिए इन प्रवृत्तियों का लाभ उठा रही है।



### प्रीमियम की तरफ रुझान देखा जा रहा

निदेशक ने कहा, ''एआई, प्रतिभा और डिजिटल पारिस्थितिकी में कंपनी का निवेश उसे अधिक सटीकता और रफ्तार के साथ काम करने में मदद करेगा। बालाजी ने कहा, उपभोक्ताओं में स्वास्थ्य को लेकर बढ़ती जागरूकता और बेहतर एवं जैविक विकल्पों की मांग के कारण 'प्रीमियम' की तरफ स्पष्ट रुझान देखा जा रहा है।

### शुद्ध लाभ में 23 फीसदी की वृद्धि

टाटा समूह के बैनर तले पांच साल पहले गठित टीसीपीएल ने बदलते समय को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। यह कई श्रेणियों एवं ब्रांड के तहत परिचालन कर रही है। बालाजी ने कहा कि कंपनी का राजस्व सालाना 13 प्रतिशत की दर से बढ़ा है जबकि इसके शुद्ध लाभ में 23 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### शीर्ष दस कंपनियों में से एक

टीसीपीएल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुनील डिसूज़ा ने कहा कि कंपनी अब भारत की शीर्ष 10 एफएमसीजी कंपनियों में से एक बन चुकी है। इसके वृद्धि व्यवसाय में टाटा संपन्न, आरटीडी, टाटा सोलफुल, कैपिटल फूड्स और ऑर्गेनिक इंडिया शामिल हैं, जो अब इसके भारतीय व्यवसाय का 28 प्रतिशत हैं।

**खबर संक्षेप**

## अभा क्षत्रिय महासभा का अधिवेशन लखनऊ में 22 को

**जबलपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का राष्ट्रीय प्रतिनिधि सभा, साधारण सभा का अधिवेशन 22 जून को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान सभागार, विभूति खंड गोमती नगर लखनऊ में आयोजित है। इस आयोजन में भाग लेने जबलपुर से एड. दमयंती राय चौहान, कुंवर सिंह राजपूत, कुलदीप सिंह सिसोदिया, मनोज सिंह भदौरिया, विजय सिंह वैस जबलपुर-लखनऊ ट्रेन से 20 जून को रवाना होंगे।

## 3 सदस्यीय समिति शिक्षिकाओं, प्राचार्य की शिकायतों की करेगी जांच

**जबलपुर।** अंजुमन इस्लामिया अंग्रेजी माध्यम मढ़ाताल शाखा की शिक्षिकाओं एवं प्राचार्य द्वारा गत दिवस एक-दूसरे की, की गई शिकायत के निराकरण हेतु तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया। समिति में सेफउल्लाह अंसारी प्राचार्य अंजुमन इस्लामिया उमावि गोहलपुर, मो. इदरीस प्राचार्य अंजुमन इस्लामिया उमावि मढ़ाताल, साजदा खान प्राचार्य अंजुमन इस्लामिया उमावि गोहलपुर होंगे। प्रबंध समिति ने यह निर्णय लिया है कि जांच के दौरान श्रीमती जाकिया परवीन का स्थानांतरण गोहलपुर शाखा में रहेगा, जबकि उनके स्थान पर शबीना अंसारी को आगामी आदेश तक प्राचार्य अंजुमन इस्लामिया अंग्रेजी माध्यम उमावि मढ़ाताल नियुक्त किया गया है।

## किन्नरों की मनचाही वसूली हो बंद

**जबलपुर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने ये मांग मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश मोहन यादव से की है कि उत्तर प्रदेश की तर्ज़ पर किन्नरों द्वारा बधाई राशि बच्चा होने पर 500 रुपए और विवाह में 1100 रुपए निश्चित हो ये नियम सख़्ती से उत्तर प्रदेश में पालन हो रहा है और न मानने वालों के लिए शिकायत नंबर हो ताकि शादी विवाह और बच्चा होने पर किसी भी अप्रिय घटना और मानसिक प्रताड़ना से बचा जा सके, ये समस्या प्रत्येक परिवार की है जिसे आशीर्वाद के नाम पर प्रताड़ित होना पड़ता है और पैसा न मिलने पर गंदी गलियाँ ,बद्दुआ और नंगा नाच देखना पड़ता है, इसे मध्यप्रदेश में शीघ्र लागू करें, इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसोदिया, डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष जबलपुर), एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. प्रशांत जैन, डॉ. दिगंत पाठक, डॉ. आशीष डेंगरा, एड. अंकित मिश्रा, एड. विवेक शुक्ला, कमरुल इस्लाम ख़ान, एड. रोशन मन्ध्यानी, अजय चौहान, विनीत कुमार शामिल हुए।

# जेल में भगवान श्रीकृष्ण ने की नटखट लीलाएं

## कैदियों को रिझाया, मटकी फोड़ी, गोवर्धन पर्वत उठाया, भागवत कथा में सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने किया लीलाओं का वर्णन

**जबलपुर।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस केंद्रीय जेल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस भगवान श्री कृष्ण की नटखट लीलाओं ने सभी श्रोताओं का मन मोह लिया। नन्हे कन्हैया ने कथा स्थल पर कैदियों को रिझाया, माखन चोरी की, मटकी फोड़ की लीला की और भक्तों को माखन का वितरण किया। इसके बाद जैसे ही कन्हैया ने गोवर्धन पर्वत उठाया, जेल अधिकारियों और बंदियों ने कन्हैया के जयकारे लगाते हुए पुष्प वर्षा कर भगवान को 56 भोग लगाए।

### लीलाओं का रसमय वर्णन

व्यास पीठ से भागवत कथा प्रवक्ता शिव मंदिर कचनार सिटी (बड़े शंकर जी) विजय नगर के मुख्य आचार्य एवं मां दक्षिणेश्वरी धाम के संस्थापक सुरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओ का रसमय वर्णन किया, जिसे सुनकर जेल के अधिकारी, कर्मचारी तथा बंदी श्रोता भक्ति रस में डूब गए। कथा के पूर्व देवी-देवताओं का पूजन-अर्चन आचार्य अमित उपाध्याय ने संपन्न कराया। भजन गायक शिवा विश्वकर्मा ने भजनों की प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर बंदी श्रोता नृत्य करने लगे।




### कन्हैया जी का पूजन आरती की

जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर एवं उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश ने कन्हैया जी का पूजन किया। उप जेल अधीक्षक रूपाली मिश्रा, सहायक जेल अधीक्षक प्रशांत चौहान, हिमांशु तिवारी, अंजू मिश्रा एवं ओम प्रकाश दुबे ने भगवान की आरती की।



## खेल रखरखाव समिति ने प्लेन हादसे मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**जबलपुर।** अहमदाबाद प्लेन हादसे में लगभग 290 यात्रियों की आकस्मात मौत से पूरा हिन्दुस्तान ही नहीं विश्व के सभी देश सकते में हैं। 18 जून को राइट टाउन स्टेडियम परिवार एवं भंवरताल गार्डन परिवार के सभी सदस्यों द्वारा मृत आत्माओं की शांति के लिए तथा उनके परिवारजनों को गहन दुःख को बर्दास्त करने ईश्वर से शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई। इस अवसर पर शरदचन्द्र पालन, गोविंद मिश्रा, मुकेश सोनी, अतुल पांडे, जैन साहब, राज वर्मा, राजा जैन, मुकेश पटेल, कमलेश तिवारी, राजेश सराफ, मातृछाया फाउंडेशन से दिलीप रजक, बंटू जैन, राजा जैन, पिंटू सोनकर, मुरली सुंदरानी, सुनील यादव, श्याम श्रीवास्तव, पंकज पांडे, सुबोध साहू, राजेश पहलवान, अमर पहलवान, राहुल नामदेव, अभिषेक जैन, दिलीप सोनकर, अरविंद खरे, अरविंद शुक्ला, मनोज सराफ, अजीत दुबे, राजेश रोहरा, धर्मेन्द्र अशरानी सहित अनेक सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

## सहायिकाओं को दो माह का नहीं मिलता वेतन, फिर भी काम करने मजबूर

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजकुमार यादव ने बताया कि इस मंहगाई के दौर में जहां मध्यान्ह भोजन वितरित करने वाली सहायिकाओं को चार हजार रुपए न्यूनतम वेतन पर कार्य करना पड़ रहा है जिससे अपना जीविकोपार्जन करना मुश्किल पड़ रहा है, वहीं मई और जून माह का वेतन उन्हें नहीं मिलता, जबकि मई और जून माह में समय-समय पर स्कूल आकर उन्हें साफ-सफाई करना, जून माह में बच्चे आने पर भोजन लेना और बच्चों को वितरित करना ये सभी कार्य करने पड़ते हैं ऐसे में उन्हें दो माह किसी प्रकार से शासन से कोई राशि प्राप्त न होना, उन्हें अनदेखा करना है जबकि उन पर ही उनका परिवार निर्भर रहता है। अतः संगठन शासन से मांग करता है कि उन्हें मई और जून दोनों माह का वेतन दिया जाए। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, शहीर मुमताज़, हेमंत ठाकरे, राजेश सहारिया, फिलिप एंथोनी, रऊफ खान, एनोस विक्टर, सुरेंद्र चौधरी, गुडविन चार्ल्स आदि ने शासन से मांग की है कि उन्हें मई और जून दोनों माह का वेतन दिया जाए।



## मिलोनीगंज व्यापारी संघ के अध्यक्ष बने अमित जैन

**जबलपुर।** मिलोनीगंज व्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए अमित जैन गोलू सर्वसम्मति से चुना गया है व्यापारी संघ की बैठक संरक्षक गणेश अग्रवाल के निवास स्थान पर रखी गई थी जिसमें सभी संरक्षकों ने व्यापारी एवं वरिष्ठ जनों की सहमति से गोलू जैन को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। बैठक का संचालन पूर्व अध्यक्ष अशोक गुप्ता अशीष असाटी.राहुल अग्रहरि के द्वारा किया गया। सभी संरक्षक एवं वरिष्ठ जनों ने व्यापारी की हित में ध्यान रखते हुए संदीप गुप्ता सचिव कोषाध्यक्ष अमर अग्रवाल को नियुक्त किया। संरक्षक मंडल से राकेश पाठक, सुबोध साहू, गणेश अग्रवाल, राजेश जैन, पहलाद अग्रवाल, वरिष्ठ गोविंद चौरसिया सभी ने निर्णय लिया।

# वंशानुगत बीमारी है सिकलसेल, बचाव के लिए जागरूकता जरूरी

**जबलपुर।**

आज का दिन विश्व सिकल सेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य सिकल सेल रोगके बारे में जागरूकता बढ़ाना है। सिकल सेल रोग एक आनुवंशिक रक्त विकार है जो दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रभावित करता है। यह रोग असामान्य रूप से आकार की लाल रक्त कोशिकाओं की विशेषता है, जो गंभीर दर्द, संक्रमण और अन्य जटिलताओं का कारण बन सकता है। केंद्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद् आयुष मंत्रालय के सदस्य एवं मप्र मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी में होम्योपैथी संकाय के अंतर्गत बोर्ड ऑफ स्टडी के सदस्य डॉ. एके द्विवेदी के अनुसार इस रोग में रक्त की लाल कोशिकाएं अर्द्धचंद्राकार हो जाती है और शरीर में ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित हो जाती है। इससे मरीज को थकान, तेज दर्द, रक्ताल्पता, हड्डियों की समस्याएं और अंग विकृति हो सकती है। यह स्थिति कभी-कभी जानलेवा भी हो सकती है। इसलिए इस बीमारी को यदि समय रहते पहचाना जाए और सही जानकारी हो तो हम इसे अगली पीढ़ियों तक फैलने से रोक सकते हैं। यह केवल चिकित्सकीय प्रयास नहीं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। हमारा प्रयास है कि हम इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम पूरे वर्ष भर आयोजित करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने की कोशिश करें। डॉ. द्विवेदी के अनुसार सामान्य लाल रक्त कोशिकाएं गोल और लचीली होती हैं, जिससे वे रक्त वाहिकाओं के माध्यम से आसानी से घूम सकती हैं। सिकल सेल रोग से पीड़ित लोगों में, हीमोग्लोबिन असामान्य होता है और लाल रक्त कोशिकाएं कठोर और चिपचिपी हो जाती हैं, जिससे वे सिकल या दरांती के आकार की हो जाती हैं। ये सिकल कोशिकाएं रक्त वाहिकाओं में फंस सकती हैं और रक्त के प्रवाह को अवरुद्ध कर सकती हैं, जिससे दर्द, ऊतक क्षति, और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।



# युवा संस्था लाल स्कूल गलगला ने सिन्धी मूवी का आयोजन किया

**जबलपुर।** सिन्धी युवा संस्था लाल स्कूल गलगला युवा शाखा द्वारा पारिवारिक मनोरंजन कार्यक्रम के अंतर्गत समदरिया मॉल में "The Sindh Story" मूवी दिखाई गई जिसमें लव जिहाद के बढ़ते मामलों का शिकार हो रही युवा पीढ़ी को कैसे बचाया जाए इसके बारे में बताया गया। मूवी में बड़ी संख्या में महिला शक्ति की उपस्थिति थी।

कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक अभिलाष पांडेय, हरी रोहाणी, विजय रोहाणी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. जय रोहाणी, विशाल किशनानी, निक कुंदवानी, भावेश नथानी, राकेश दासवानी, दिव्यम पहुजा, जीतू, दिनेश कुकरेजा, राहुल तुलसानी, आलोक मिश्रा, रोहित ओसवाल, अमन, मुकेश जेसवानी, मयंक मातानी, रोशन पेशवानी, मदन केसवानी, रमेश बालानी, गोपीचंद खत्री, मोती आहुजा सहित बड़ी संख्या में माता, बहनें एवं वरिष्ठजनों की उपस्थिति रही।



## जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने सौंपा सांसदों को ज्ञापन

# रानी दुर्गावती एवं शंकर शाह रघुनाथ शाह को मिले वास्तविक सम्मान : सूरज

**हरिभूमि, जबलपुर।**

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल ने जबलपुर के सांसद द्वय आशीष दुबे लोकसभा एवं सुमित्रा बाल्मीकि राज्यसभा से भेंट कर जबलपुर की विरासत और हमारे लिए गर्व सम्मान का प्रतीक रहीं गोंडवाना राजवंश की वीरांगना रानी दुर्गावती एवं अमर शहीद राजा रघुनाथ शाह शंकर शाह के वास्तविक सम्मान के लिए जदयू की पुरानी मांग के विषय में फिर से मांग पत्र सौंपा जिस पर उन्होंने मांग की की डुमना एयरपोर्ट का नाम रानी दुर्गावती के नाम पर रखा जाए एवं मदन महल स्टेशन का नाम अमर शहीद राजा रघुनाथ शाह शंकर शाह के नाम पर रखा जाए साथ ही साथ मध्य प्रदेश का सबसे बड़े फ्लाई ओवर जिसका उद्घाटन प्रस्तावित है जो की राजा रघुनाथ शाह एवं शंकर शाह जी के राज्य सीमा के अंतर्गत निर्मित हो रहा है उसका नाम भी रघुनाथ शंकर शाह रखकर उन्हें वास्तविक सम्मान और आने वाली पीढ़ी को उनके बलिदान से अवगत कराया जाए सांसद आशीष दुबे एवं सुमित्रा बाल्मीकि जी ने इन प्रस्तावों के प्रति अपनी सहमति दी और उन्होंने आवश्यत किया कि इस प्रस्ताव को संबंधित मंत्रालय से पास करवाएंगे और अपनी तरफ से पूरा सहयोग प्रदान करेंगे जदयू प्रदेश अध्यक्ष के साथ एडवोकेट आर जी बर्मा और अन्य साथी गण उपस्थित थे।





## गौरीघाट में पिछले 20 दिनों से निरंतर स्वच्छता अभियान जारी

**जबलपुर।** अनु आनंद आश्रय फाउंडेशन ने माँ नर्मदा सेवा समिति के संग गौरीघाट में पिछले 20 दिनों से निरंतर स्वच्छता अभियान जारी रखा है, घाट में हो रहे प्रदूषण को मद्देनज़र रखते हुए ये कार्यक्रम जारी रहेगा। हम सब ने मिलकर ठाना है नर्मदा को स्वच्छ बनाना है। इस मौके पर विशेष रूप से सदस्य अभिषेक, हर्षु, ओम, अभय, अमित, अंश, बिट्टू, रितेश, संदीप, रवि, सुभाष, अर्जुन, डॉली, पूनम, रिंकू, सुमित, अनुराग आदि उपस्थित रहे।

## खेमराज झारिया बने राष्ट्रीय अध्यक्ष



**जबलपुर।** पूर्व जीएसटी छत्तीसगढ़ स्टेट कमिश्नर, बहुजन चेतना विकास मोर्चा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विभिन्न पदों पर आसीन खेमराज झारिया को मेहरा समाज महासंघ में सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। खेमराज झारिया सामाजिक न्याय में हमेशा निरंतर लड़ाई लड़ने वाले लोगों को संविधान के प्रति जागरूक करने वाले शिक्षा के प्रति हमेशा प्रेरित करने एवं समाज के कर्णधार लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक मदद करने वाले मार्गदर्शक रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त होने पर मेहरा समाज ने बधाई प्रेषित की है।



## मदन महल स्टेशन पर चेस्ट स्क्रीनिंग शिविर संपन्न

**जबलपुर।** मदन महल रेलवे स्टेशन पर टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 17 जून को निःक्षय शिविर डॉ. बीसीएस राव मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के निर्देशन पर डॉ. संतोष ठाकुर जिला क्षय एवं एड्स अधिकारी के आदेशानुसार डॉ. संदीप चौहान के मार्गदर्शन में धीरेन्द्र कुमार तिवारी, टीबी हेल्थ बिजिटर जबलपुर रेलवे अस्पताल द्वारा श्रीमती डॉली सक्सेना मदन महल स्टेशन प्रबंधक के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें टीबी विभाग द्वारा पोटेवल मशीन द्वारा 63 लोगों की चेस्ट स्क्रीनिंग की गई तथा 12 लोगों को अतिरिक्त जांच हेतु फेलोपन ट्यूब दिया गया। इस कैम्प को सफल बनाने में टीबी विभाग से डॉ. नितीश मिश्रा, सीमांत ढिमोले, पीएमडीटी कोआर्डिनेटर, एसटीएस आनंद प्रजापति, नेहा एसटीएलएस तथा रेलवे से श्रीमती डॉली सक्सेना, सतीश श्रीवास्तव, सतेन्द्र दुबे, आरएस चौबे, भगवानदास, शर्मिला पटेल का सक्रिय योगदान रहा।

# महाकोशल चेम्बर ने मप्र विद्युत मंडल मुख्यालय विखंडन का विरोध किया

## मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप का किया अनुरोध

**जबलपुर।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर अनुरोध किया है कि मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के पुनः विखंडन के लिए किए जा रहे प्रयास में हस्तक्षेप करते हुए जबलपुर की अस्मिता के प्रश्न पर उत्पन्न विरोध का समाधान करें। बताया गया राज्य शासन जबलपुर स्थित विद्युत मंडल के मुख्यालय का पुनः विघटन करते हुए पावर मैनेजमेंट कंपनी के इंडिपेंडेंट पावर प्रोड्यूसर अनुभाग, स्टेट प्लानिंग सेल व पावर मैनेजमेंट कंट्रोल रूम जैसे अति महत्वपूर्ण विभागों को भोपाल स्थानांतरित करने की योजना बना रहा है, जो कि जबलपुर के मध्यप्रदेश विद्युत मंडल मुख्यालय की अस्मिता का प्रश्न है।चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नाग्देव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष युवराज जैन गढ़ावाल, अखिल मिश्र, हेमराज अग्रवाल, गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, राजेश चण्डोक, अनिल जैन पाली, समीर पाल, विनोद पहारिया, हरनारायण सिंह राजपूत ने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में समस्त प्रदेश के अंचलों को समरूप प्रधानता दिए जाने के बीच विद्युत मंडल मुख्यालय के पुनः विघटन के अपवाद को दूर करने का आग्रह किया है।

# प्राणघातक हमले के आरोपियों में पुलिस का खौफ नहीं

## कार्यवाही न होने पर पुनः सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।**

निरभव निरवैर सेवक जत्थे के दमनीत सिंह प्रिंस भसीन ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि दिलीप सिंह सग्गू के ऊपर किये गये प्राणघातक हमले को लेकर रांझी सिख संगत एवं निरभव निरवैर सेवक जत्थे, मन्नत वाली महाकाली समिति के साथ प्रतिनिधि मण्डल पुलिस अधीक्षक से मिला, जिसमें पुलिस अधीक्षक को बताया गया कि आज भी दिलीप सग्गू के छोटे भाई कुलदीप सिंह सग्गू की हालत में कोई विशेष सुधार नहीं है एवं आज भी वे वेंटीलेटर के माध्यम से नागपुर में इलाजरत हैं। पिछले सप्ताह सभी समाज के वर्गों द्वारा ज्ञापन दिया गया था जिसमें आज दिनांक तक न कोई कार्यवाही हुई है और न ही एफआईआर की धाराओं में बढ़ोत्री हुई है एवं आज भी आरोपी अवैध आहते एवं क्षेत्र में आवाजाही संचालित कर रहे हैं। प्रतिनिधि मण्डल ने मांग की है कि शीघ्र ही आरोपियों पर गंभीर धाराओं के साथ ठोस कार्यवाही की जाये जिससे भविष्य में घटना की पुनरावृत्ति न हो।रांझी व्यापारी एवं अन्य लोगों ने इस घटना पर रोष व्यक्त कर कार्यवाही न होने पर रांझी बंद का आव्हान किया है। ज्ञापन के दौरान रांझी के विभिन्न संगठन, रांझी सिख संगत, निरभव निरवैर सेवक जत्थे, मन्नत वाली महाकाली समिति, हिन्दू उत्सव समिति रांझी के सदस्य प्रतिनिधि मण्डल में दमनीत सिंह प्रिंस भसीन, टीटू जग्गी, पं. रमेश शर्मा, पंकज दुआ, तपन अधिकारी, कुलदीप सिंह सग्गू, नंदा ब्रदर्स, उदित पिल्ले सहित अन्य उपस्थित रहे।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं श्रीमती रूपल पारेख पत्नि श्री करण पारेख निवासी-1030, गोल बाजार, भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड, जबलपुर म.प्र. 482001, शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मैं उक्त पते पर निवासरत हूँ। मेरे विवाह के पूर्व मेरा नाम रूपल बाबरिया पिता हरीश बाबरिया था, जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। विवाह के बाद मुझे श्रीमती रूपल पारेख पत्नि श्री करण पारेख के नाम से जाना व पहचाना जाता है, जो कि मेरे आधार कार्ड व पेनकार्ड में दर्ज है। उक्त दोनों नाम (मेरे स्वयं) एक ही व्यक्ति के हैं। अत: आधार कार्ड व पेन कार्ड के आधार पर मेरा नाम पासपोर्ट में दर्ज करने वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्रांक-स.क्र. 11/2025-26/ दिनांक 18-06-2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अनूप सिंह कुशवाहा पिता श्री अजित सिंह ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक 1110 पचपेढी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000398700 पर दर्ज भूमि पर निर्मित भूतल 1350 वर्गफुट प्रथम तल 1000 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीममि दुर्गा बाई पटैल पति श्री गुलाम सिंह का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.11**
**नगर निगम, जबलपुर**

# मोदी की ट्रंप को दो टूक से कांग्रेस के हर झूठ का हो गया पर्दाफाश

भाजपा ने बुधवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत ने कांग्रेस के हर झूठ का 'पर्दाफाश' कर दिया है। कांग्रेस हमेशा देश के बीर जवानों को अपमान करती है। उसके शौर्य पर हर कहीं सवाल उठाती है।

## मालवीय ने कांग्रेस को सुनाई खरी-खरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातचीत ने कांग्रेस के हर झूठ का 'पर्दाफाश' कर दिया है और यदि विपक्षी दल को इस पर विश्वास नहीं है तो उसे पाकिस्तान का 'साझेदार' माना जाना चाहिए। भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि कांग्रेस और उसकी ट्रोल सेना इस तथ्य को पचा नहीं पा रही है कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत को किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की न तो आवश्यकता है और न ही इसे स्वीकार करता है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट किया कि कांग्रेस को केवल अपनी छोटी-मोटी बातों के लिए भारत की दृढ़ और सैद्धांतिक विदेश नीति को बदनाम करना बंद करना चाहिए।

*कांग्रेस, उसकी ट्रोल सेना इस तथ्य को पचा नहीं पा रही*

*अमित ने कहा कांग्रेस दृढ़ और सैद्धांतिक विदेश नीति को बदनाम करना बंद करे*

### . किसी भी दल को विश्वास नहीं तो उसे पाक का साझेदार माना जाए



#### जयराम भी राहुल के समान जन्मजात झूठे

मालवीय ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के तहत भारत को 'कमजोर, तीसरी दुनिया के देश'के रूप में देखा जाता था। उनका कहना था कि आज, भारत एक उभरती हुई शक्ति है, विश्व स्तर पर एक चमकता सितारा। कोई भी झूठ उस सच्चाई को कम नहीं कर सकता। उन्होंने रमेश पर 'राहुल गांधी की तरह जन्मजात झूठा' होने का भी आरोप लगाया, क्योंकि कांग्रेस नेता ने ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री मोदी की ताजा बातचीत पर व्हाइट हाउस से जनवरी में दिए गए वक्तव्य को अभी के अमेरिकी बयान के रूप में उद्धृत किया था।

#### पड़ोसी के अनुरोध पर हमले रोके गए: पूनावाला

भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने मुख्य विपक्षी दल पर निशाना साधा और कहा कि 'कांग्रेस के हर झूठ का पर्दाफाश हो गया है। भाजपा के कई नेताओं ने कांग्रेस



पर उस वक्त हमला बोला जब प्रधानमंत्री मोदी ने पहले ट्रंप के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और उन्हें स्पष्ट रूप से कहा कि भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान पर हमले पड़ोसी देश के अनुरोध पर 'रोके' थे न कि अमेरिका द्वारा मध्यस्थता या किसी व्यापार समझौते की पेशकश के कारण। ट्रंप के साथ हुई बातचीत में मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी दी और यह स्पष्ट किया कि भारत ने कभी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की है और भविष्य में भी कभी स्वीकार नहीं करेगा।

## पाकिस्तान और कांग्रेस साझेदारः प्रदीप भंडारी



भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने पलटवार करते हुए कहा कि मोदी ने ट्रंप को स्पष्ट कर दिया कि किसी तीसरे देश ने मध्यस्थता नहीं की और भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान गोलियां चलाएगा, तो भारत बम से जवाब देगा। उसके बाद भी अगर कांग्रेस को भारत के रुख पर भरोसा नहीं है, तो यह माना जाना चाहिए कि पाकिस्तान और कांग्रेस साझेदार हैं।

#### जयराम ने सर्वदलीय बैठक में बातचीत की जानकारी मांगी थी




कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री को सर्वदलीय बैठक बुलाकर सभी राजनीतिक दलों को यह बताना चाहिए कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर उनकी क्या बातचीत हुई है?

## खबर संक्षेप

### सांसद बर्क समेत 23 के खिलाफ चार्जशीट पेश

**आगरा।** जामा मस्जिद सर्वे के दौरान बवाल में आरोपी सांसद जियाउर्रहमान बर्क समेत 23 के



खिलाफ एसआईटी ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। सांसद व विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को नामजद आरोपी बनाया गया था। जफर अली एडवोकेट की भी गिरफ्तारी कर ली थी।

### घूमने निकले 3 बुजुर्गों सहित 4 की मौत

**आगरा।** यहां के थाना ट्रांस क्षेत्र के शाहदरा फ्लाई ओवर पर दर्दनाक हादसा हुआ। बुधवार सुबह



लखनऊ मंडी से मैक्स में आम भरकर ला रही गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। मैक्स अनियंत्रित हो गई। मैक्स डिवाइडर में टकराकर पलट गई। हाईवे किनारे सुबह टहलने के लिए निकले 3 लोग दब गए। चालक गंभीर घायल हो गया।

### राजस्थान कांग्रेस के 2 विधायकों को सजा

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में 11साल पहले सड़क जाम करने और भीड़ इकट्ठा करने



के मामले में कांग्रेस के दो विधायक को दोषी करार दिए गए हैं। एसीजेएम कोर्ट ने शाहपुरा से विधायक मनीष यादव और लाडनूं के विधायक मुकेश भाकर को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोनों को 1-1 साल की सजा सुनाई है।

### कोरोना से 24 घंटे में 4 मौतें, एक्टिव केस बढ़े

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए वैरिएंट से मरने वालों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में



4 मौतें हुई हैं। महाराष्ट्र में 2 और दिल्ली, केरल में 1-1 मरीज ने जान गंवाई। अब तक 113 की मौत हुई है। मृतकों में सबसे ज्यादा केरल में 36,महाराष्ट्र में 31 है। दिल्ली में भी 13 मौतें हुई हैं। 6,483 एक्टिव केस हैं।

## सरकार के आदेश पर विवाद के बाद बोले मुख्यमंत्री फडणवीस

# तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी सीखने की कोई 'अनिवार्यता' नहीं, हिंदी को बताया वैकल्पिक

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य के छात्रों के लिए हिंदी सीखने की 'अनिवार्यता' नए आदेश में हटा दी गई है और अब किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। फडणवीस ने देहू में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि अंग्रेजी को व्यापक रूप से बढ़ावा दिया जाता है, लेकिन भारतीय भाषाओं की अकसर उपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि भाषाओं को लेकर विवाद अनावश्यक है। राज्य सरकार ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर कहा था कि मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पहली से 5 वीं कक्षा तक के छात्रों को हिंदी 'सामान्य रूप से' तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाई जाएगी। संशोधित सरकारी प्रस्ताव (जीआर) में कहा गया है कि हिंदी अनिवार्य होने के बजाय 'सामान्य रूप से'तीसरी भाषा होगी, तथा यदि किसी स्कूल में प्रति कक्षा 20 विद्यार्थी हिंदी के अलावा किसी अन्य भारतीय भाषा का अध्ययन करने की इच्छा व्यक्त करते हैं तो उन्हें इससे बाहर रहने का विकल्प दिया गया है।

*कांग्रेस ने सरकार पर मराठी लोगों की छाती में 'छुरा घोंपने' का आरोप लगाया*

### किसी भी तीसरी भारतीय भाषा का विकल्प दिया



मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पहले हिंदी को अनिवार्य कर दिया था, लेकिन अब सरकारी आदेश में उस अनिवार्यता को हटा दिया गया है। नए सरकारी आदेश के अनुसार छात्र किसी भी तीसरी भारतीय भाषा का विकल्प चुन सकते हैं। नईशिक्षा नीति (एनईपी) में त्रि-भाषा फॉर्मूला प्रस्तावित किया गया है। फडणवीस ने कहा कि नीति के अनुसार मातृभाषा अनिवार्य है और इसके अलावा छात्र दो अन्य भाषाएं सीखेंगे, जिनमें से एक भारतीय भाषा होनी चाहिए। फडणवीस ने कहा कि स्वाभाविक रूप से, कई लोग तीन भाषाओं में से एक के रूप में अंग्रेजी को चुनते हैं।

#### अब हमने नियम को हटा दिया

उन्होंने कहा कि पहले हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में प्रस्तावित किया गया था क्योंकि इसके शिक्षक अच्छी संख्या में उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अब उस नियम को हटा दिया है। किसी भी भारतीय भाषा को तीसरी भाषा के रूप में चुना जा सकता है। यदि कम से कम 20 छात्र हैं, तो एक शिक्षक उपलब्ध कराया जाएगा। यदि आवश्यक हो, तो ऑनलाइन शिक्षा की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जहां हर कोई अंग्रेजी को बढ़ावा देता है, वहीं भारतीय भाषाओं की अकसर उपेक्षा की जाती है, जो उचित नहीं है। फडणवीस ने कहा कि भारतीय भाषाएं अंग्रेजी से बेहतर हैं। मैं समझता हूं कि अंग्रेजी संचार की भाषा है, लेकिन एनईपी की वजह से मराठी ज्ञान की भाषा बन गई है।

#### किसी तीसरी भाषा सीखने में नुकसान कैसा?

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह (ठाकरे) इस बात पर जोर दे रहे हैं कि केवल दो भाषाएं पढ़ाई जानी चाहिए और तीसरी भाषा नहीं थोपी जानी चाहिए। मैंने उन्हें समझाने की कोशिश की कि केंद्र ने काफी विचार-विमर्श के बाद एनईपी में त्रि-भाषा फॉर्मूला पेश किया है। उन्होंने कहा, कि यदि पूरा देश त्रि-भाषा फॉर्मूले का पालन कर रहा है, तो महाराष्ट्र दो-भाषा प्रणाली नहीं अपना सकता। फडणवीस ने कहा कि तमिलनाडु सरकार ने त्रि-भाषा फॉर्मूले को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन अदालत ने उसकी याचिका स्वीकार नहीं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि किसी तीसरी भारतीय भाषा को सीखने में क्या नुकसान है? उन्होंने कहा कि एनईपी को देशभर के विशेषज्ञों द्वारा गहन विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। एनईपी पर काम करते समय बच्चों की संज्ञानात्मक शक्ति, उनकी मानसिक क्षमताओं का विकास कैसे किया जाए, इन सभी को ध्यान में रखा गया है।

### छोटे बच्चों को 3 भाषाएं सीखने के लिए मजबूर न करें: राज



राज ठाकरे ने कहा कि हमें पहली और दूसरी कक्षा के छोटे बच्चों को तीन भाषाएं सीखने के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए। हमारे पास तीन भाषाएं, उनके विकल्प नहीं होने चाहिए। जब छठी कक्षा से अब तक तीसरी भाषा पढ़ाई जाती है तो पहली कक्षा से इसे मजबूर करने की क्या जरूरत है?राज ने कहा कि महाराष्ट्र में मूल रूप से शिक्षकों की कमी है। आप शिक्षकों पर अधिक भाषाएं पढ़ाने का बोझ क्यों डाल रहे हैं? क्या राज्य सरकार यह नीति इसलिए ला रही है ताकि आईएएस अधिकारियों के लिए हिंदी बोलना आसान हो जाए और उन्हें मराठी बोलना और सीखना न पड़े? अगर यह सरकार मराठी है तो यह अनिवार्यता वापस ले ली जाएगी। उन्होंने राज्य के स्कूलों से अपील की कि वे सरकार के 'जानबूझकर भाषायी विभाजन पैदा करने के गोपनीय एजेंडे' को विफल करें।

#### पिछले दरवाजे से की जा रही है नीति लागू

कुछ मराठी समर्थक संगठनों ने सरकार पर आरोप लगाया कि वह शुरू में पीछे हटने के बाद 'पिछले दरवाजे' से नीति को पुनः लागू कर रही है। विपक्षी कांग्रेस ने सरकार पर मराठी लोगों की छाती में 'छुरा घोंपने' का आरोप लगाया। फडणवीस ने कहा कि जीआर में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि मराठी अनिवार्य है, जबकि हिंदी वैकल्पिक है।

## शिवराज ने मदद का दिया भरोसा

# बीजों, कीटनाशकों से संबंधित कानूनों को हम सख्त बनाएंगे

'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के दौरान यह बात कही



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि सरकार बीज और कीटनाशक कानूनों को सख्त बनाएगी और किसानों के लिए गुणवत्तापूर्ण लागत सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा कानूनों में संशोधन कर सकती है। चौहान ने कहा कि कई किसानों ने 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के दौरान बीज और कीटनाशकों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई है। कृषक समुदाय तक पहुंच बनाने देशव्यापी अभियान 29 मई को ओडिशा के पुरी से शुरू किया गया था। अभियान का 12 जून को गुजरात के बारडोली में समापन हुआ। चौहान ने कहा कि अभियान बहुत सफल रहा। हमने 721 जिलों के 1.43 लाख गांवों में 1.34 करोड़ किसानों से सीधे संपर्क किया। जनजातीय, आकांक्षी और सीमावर्ती जिलों सहित 60,281 कार्यक्रम किए। घटिया बीज,कीटनाशकों की शिकायतें मिली हैं। इसलिए बीज अधिनियम को और अधिक सख्त बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाएंगे।

#### 'एक राष्ट्र-एक कृषि एक टीम'

चौहान ने अभियान को 'एक राष्ट्र-एक कृषि-एक टीम' बताते हुए कहा कि यह केंद्र और राज्यों का एक सहयोगात्मक प्रयास था जिसमें आईसीएआर और कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) के 8,280 वैज्ञानिकों की 2,170 टीमें शामिल थीं। इस दौरान नए शोध, प्रत्येक जिले की मिट्टी की सेहत और जलवायु की स्थिति के आधार पर फसल सलाह और प्राकृतिक/जैविक खेती के लाभ पर चर्चा की गई। चौहान ने कहा हमें किसानों से कई सुझाव मिले हैं जो बहुत उपयोगी हैं। कृषि संबंधी योजना और नीतियां बनाते समय हम उन सुझावों को ध्यान में रखने की कोशिश करेंगे। वैज्ञानिक किसानों की प्रतिक्रिया के आधार पर शोध भी करेंगे और प्रगतिशील किसानों द्वारा किए गए कई नवाचार को लोकप्रिय बनाया जाएगा। इस अवसर पर कृषि मंत्री ने कहा कि हर जिले में केवीके को एक नोडल एजेंसी बनाने का फैसला किया है।

#### कीटनाशक अधिनियम में संशोधन करेंगे

कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि बीज अधिनियम, 1966 में एक साल के भीतर बदलाव लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। नकली कीटनाशकों की बिक्री को रोकने के लिए कीटनाशक अधिनियम, 1968 में संशोधन किया जाएगा। कृषि मंत्रालय गैर-प्रमाणित बीजों को विनियमित करने और अधिनियम के तहत अपराधों के लिए दंड बढ़ाने के तरीकों पर विचार कर रहा है।

## बुलंदशहर में दर्दनाक हादसा

# पुलिया से टकराकर पलटी कार, पांच लोग जिंदा जले

एजेंसी ▶▶ बुलंदशहर



उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में एक कार पुलिया से टकराकर पलट गई और फिर आग लग गई। कार सवार 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई। जहांगीराबाद थाना इलाके में जहांगीराबाद-बुलंदशहर मार्ग पर गांव चांदौक चौराहे के पास बदायूं की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार पुलिया से टकरा गई। एक युवती की हालत गंभीर है। ये सभी बदायूं में शादी समारोह से दिल्ली लौट रहे थे। हादसे की वजह ड्राइवर को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है। गांव चमनपुरा निवासी तनवीर अहमद दिल्ली में रहते हैं। उनकी पुत्रियां गुलनाज, मोमिना, पुत्र तनवीज अहमद, एक अन्य किशोरी निदा और जुबेर अली निवासी खैरपुर बल्ली के साथ दो वर्षीय पुत्र जैनुल बुधवार सुबह कार से दिल्ली जाने के लिए निकले थे।

## क्लासरूम घोटाले में ईडी का एक्शन

# मनी लान्ड्रिंग में ठेकेदारों के 37 ठिकानों पर की छापेमारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में ईडीने क्लासरूम निर्माण घोटाला मामले में 37 ठिकानों पर छापेमारी की है। ईडी ने घोटाले की मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत कई ठिकानों पर छापा मारा है। ईडी ने दिल्ली भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की एफआईआर पर संज्ञान लेते हुए पीएमएलए के तहत आपराधिक मामला दर्ज करने के बाद छापेमारी की है। ईडी ने एफआईआर में दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप था कि स्कूलों में 12,000 से अधिक कक्षाओं या अर्ध-स्थायी संरचनाओं के निर्माण में 2,000 करोड़ की वित्तीय अनियमितताएं की गई थीं। सिसोदिया ने 193 स्कूलों में 2400 से अधिक कक्षाओं का निर्माण कराया था।

## नाबालिग की गुहार पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

# माय लॉर्ड मेरी शादी खत्म कीजिए... ससुर ने उसको कैद करके रखा था

फिलहाल दोस्त के साथ फरार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में एक नाबालिग लड़की ने अपनी शादी को रद्द करने की मांग की है। याचिका में 16 साल की लड़की ने पति पर विवाह के लिए दबाव डालने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ भी निर्देश देने की मांग की है। याचिका में आरोप लगाया गया कि उसकी इच्छा के विरुद्ध नौ दिसंबर 2024 को शादी कर दी गई, जब उस समय वह साढ़े सोलह वर्ष की थी। लड़की ने दावा किया कि उसके ससुर ने उसे कैद में रखा हुआ था।



#### परिवार ने जबरन कराया था बाल विवाह

लड़की की इच्छा शिक्षा जारी रखने की थी, पर इसका बाल विवाह करा दिया गया और इस विवाह को बनाए रखने का विरोध करने की वजह से उसकी जान को खतरा है। नाबालिग ने दावा किया कि वह फिलहाल अपने एक दोस्त के साथ फरार है और उसे डर है कि अगर वे बिहार लौटेंगे तो उन्हें मार दिया जाएगा।

#### नाबालिग की सुरक्षा सुनिश्चित करे बिहार और दिल्ली पुलिस

शीर्ष कोर्ट ने बिहार के पुलिस महानिदेशक और दिल्ली पुलिस आयुक्त को निर्देश दिया कि वे अपनी शादी को रद्द करने की मांग कर रही नाबालिग लड़की को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करें। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि लड़की और उसके दोस्त को अपनी जान को खतरा है। अधिकारी उनसे संपर्क करके आवश्यक सहायता प्रदान करें।

## साहित्य अकादमी ने सम्मान से नवाजने का किया ऐलान

# हिंदी में सुशील शुक्ल समेत 24 भाषाओं के लेखकों को 'बाल साहित्य पुरस्कार' मिलेंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साहित्य अकादमी ने हिंदी में सुशील शुक्ल, अंग्रेजी में नितिन कुशलप्पा एमपी और उर्दू में गज़नफर इकबाल समेत 24 भारतीय भाषाओं के लेखकों को 2025 के प्रतिष्ठित बाल साहित्य पुरस्कार से नवाज़ने का बुधवार को ऐलान किया। अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव के हवाले से बताया गया है कि एक उत्कीर्ण ताम्रफलक तथा 50 हजार की सम्मान राशि दी जाएगी।

#### हिंदी में 'एक बटे बारह' पुरस्कृत

हिंदी में शुक्ल को उनकी कहानी 'एक बटे बारह' के लिए पुरस्कार मिलेगा। अंग्रेजी में नितिन कुशलप्पा एमपी को 'दक्षिण, साउथ इंडियन मिथ्स एंड फैब्लस रीटोल्ड' , उर्दू में इकबाल को 'कौमी सितारे' व मैथिली में मुन्नी कामत को 'चुक्का' , बांग्ला में त्रिदिब कुमार चट्टोपाध्याय को 'एखोनो गाये कांटा देय' , गुजराती में कीर्तिदा ब्रह्मभट्ट को 'टिंचक', मराठी में सुरेश सावंत को 'आभालमाया'और पंजाबी में पाली खादिम (अमृत पाल सिंह) को 'जादू पत्ता',भोगीलाल पाटीदार को 'पंखेरुवं नी पीड़ा' , संस्कृत में प्रीति पुजारा को 'बाल विश्वम', संथाली में हरलाल मुर्मू को 'सोना मिरु-अग संदेश',नेपाली में साङमु लेप्चा को 'शांति वन' ,असमिया में सुरेंद्र मोहन दास को 'मैनाहंतर पद्य' , बोडो में बिनय कुमार ब्रह्मा को 'खान्थि बोसोन आरो आखु दानाय' , डोगरी में पीएल परिहार 'शौक' को 'नन्हीं टोर' , कोंकणी में नयना आडारकार सम्मानित होंगे।

## गुजरात के जल संसाधन मंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# सौराष्ट्र और केरल में बारिश से हाहाकार, कई लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ सौराष्ट्र

गुजरात के कुछ हिस्सों, खासकर सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात में भारी बारिश के मद्देनजर जल संसाधन मंत्री कुंवरजी बावलिया ने गांधीनगर के सेक्टर-8 में राज्य जल डेटा सेंटर में बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का दौरा किया। मानसून के लिए तैयारियों का आकलन और बारिश से होने वाले नुकसान को रोकने के लिए निर्देश दिए। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री बावलिया ने स्थानीय जलाशयों में जल स्तर बढ़ने पर समय पर अलर्ट सुनिश्चित करने के लिए विभागों के बीच सक्रिय समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। जान-माल के नुकसान को रोकने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाएं। यहां कई लोगों की मौत की खबर थी।

### जानमाल के नुकसान रोकने को हर स्तर पर कदम उठाए जाएं



#### केरल में ऑरेंज अलर्ट, लोगों को राहत शिविरों में भेजा



तिरुवनंतपुरम। केरल के कई हिस्सों में बारिश के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित होने के बीच भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कन्नूर और कासरगोड जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया। पिछले कुछ हफ्तों के दौरान राज्य में भारी बारिश ने कहर बरपाया है, कई जगहों पर लोगों को राहत शिविरों में स्थानांतरित किया गया है क्योंकि उनके घर और आसपास के इलाके जलमग्न हो गए हैं।

**केंद्र ने हिमाचल को 2,006 करोड़ किए मंजूर:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति ने हिमाचल प्रदेश को 2023 की बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं के बाद की स्थिति में रिकवरी और पुनर्निर्माण योजना के लिए केंद्रीय सहायता के रूप में 2006.40 करोड़ की मंजूरी दी है।

**कई राज्यों में भारी बारिश की संभावना :** चक्रवाती प्रसार तथा मॉनसूनी गतिविधि के चलते अरुणाचल , छत्तीसगढ़, कर्नाटक, बंगाल में गंगा के मैदानी इलाकों, गुजरात, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा, ओडिशा और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक के अलग-अलग इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की आशंका है।


राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन-2047
विश्व सिकल सेल दिवस-2025
राज्य स्तरीय कार्यक्रम
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मंगुभाई पटेल, राज्यपाल
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मुख्य अतिथि
मंगुभाई पटेल
राज्यपाल, मध्यप्रदेश
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
19 जून, 2025 । अपराह्न 12:30 बजे
तलुन खेल मैदान, बड़वानी
स्वस्थ भविष्य की ओर मध्यप्रदेश
• जनजातीय बहुल जिलों में एक करोड़ से अधिक स्क्रीनिंग पूर्ण की गई, जिसमें 29,227 सिकल सेल रोगी एवं 2,03,758 सिकल वाहक चिन्हित
• परिवारों की काउंसलिंग कर 80 हजार से अधिक काउंसलिंग कार्ड वितरित
• नेशनल सिकल सेल पोर्टल के माध्यम से स्क्रीनिंग, जांच एवं रोगियों की सतत मॉनिटरिंग
• गर्भावस्था में सिकल सेल रोग की जांच एवं प्रबंधन के विशेष प्रयास एवं नवाचार
• रोगियों को नि:शुल्क उपचार, नि:शुल्क औषधियां एवं ब्लड ट्रांसफ्यूजन की सम्पूर्ण व्यवस्था उपलब्ध
• आदिवासी इलाकों में सिकल सेल रोग के प्रति जागरुकता हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार
• मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा प्रबंधकीय एवं चिकित्सकीय स्टाफ का निरंतर प्रशिक्षण
• गंभीर इन्फेक्शन से बचने के लिए वैक्सीनेशन की उपलब्धता सुनिश्चित
• सिकल सेल रोगियों के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र/UDID कार्ड/पेंशन योजनाओं का लाभ
• आदिवासी स्कूलों, कॉलेजों, छात्रावासों में निरंतर स्क्रीनिंग, जांच शिविर एवं एन.जी.ओ., स्वयंसेवी संस्थाओं की सहायता से प्रचार-प्रसार
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11046/25

## खबर संक्षेप




### चुनावों को अमान्य करे अदालत : जैन

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ के अध्यक्ष अनिल जैन ने दिल्ली उच्च न्यायालय से सितंबर 2024 में कराये गए संघ के चुनावों को अमान्य घोषित करने का अनुरोध किया है जिससे कार्यकारी समिति के नाराज सदस्यों ने 27 जून को बैठक बुलाई है। राज्य संघों द्वारा पिछले साल जैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था। एआईटीए की एक मान्यता प्राप्त इकाई ने उस समय आरोप लगाया था कि जैन ने संघ में अपने पद का उपयोग निजी फायदे के लिए किया था। हालांकि नयी संस्था का चुनाव कराने वाली एजीएम (आम सालाना बैठक) से पहले अविश्वास प्रस्ताव को वापस ले लिया गया था।

### भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बर्लिन रवाना



**नई दिल्ली।** भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम 21 से 25 जून तक होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बुधवार को बर्लिन के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है। कप्तान अराइजीत सिंह हुंडल के नेतृत्व में भारतीय टीम आज सुबह बेंगलुरु से रवाना हुई। आमिर अली टीम के उप कप्तान हैं। टीम 21 जून को मेजबान जर्मनी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम इसके बाद 22 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी और राउंड रोबिन चरण के अपने अंतिम मैच में स्पेन के खिलाफ खेलेगी। सभी मैच बर्लिन में होंगे।

### रेडिट ने तेंदुलकर को बनाया ब्रांड दूत




**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने बुधवार को महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को अपना ब्रांड दूत नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि रेडिट प्रशंसकों को अब 'रेडिट कम्यूनिटी' में तेंदुलकर के साथ जुड़ने के विशेष अवसर मिलेंगे। अपने आधिकारिक रेडिट प्रोफाइल के माध्यम से महान बल्लेबाज तेंदुलकर अपने व्यक्तिगत विचार, मैच की जानकारी और विशेष सामग्री साझा करेंगे। बयान में कहा गया है, 'आने वाले महीनों में तेंदुलकर भारत के साथ-साथ दुनिया भर के अन्य बाजारों में रेडिट के लिए एक नए मार्केटिंग अभियान में भी दिखाई देंगे।'

# इंटर मिलान को मोंटेरे ने बराबरी पर रोका

एजेंसी ▶▶| पासाडेना

इंटर मिलान को क्लब विश्व कप में मंगलवार रात मोंटेरे ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। चैंपियन्स लीग फाइनल में हार के बाद इटली की टीम इंटर मिलान का यह पहला मैच था। स्पेन के अनुभवी स्टार सर्जियो रामोस ने पहले हाफ में हेडर से शानदार गोल दागकर मोंटेरे को बढ़त दिलाई। लॉटेरो मार्टिनेज ने मध्यांतर से पहले गोल दागकर स्कोर 1-1 किया लेकिन इटली की टीम लगभग 62 प्रतिशत समय गेंद को अपने कब्जे में रखने के बावजूद दूसरा गोल नहीं कर सकी।



# टेस्ट सीरीज में रोहित से अधिक कोहली की कमी खलेगी : बॉयकॉट

एजेंसी ▶▶| लीड्स



पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ज्योफ्री बॉयकॉट का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला में भारत को रोहित शर्मा से अधिक विराट कोहली की कमी खलेगी। दोनों के हाल ही में इस प्रारूप से संन्यास लेने से शुक्रवार से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला में मेहमान टीम की संभावनाओं को 'नुकसान' पहुंचेगा।

भारत और इंग्लैंड अगले छह हफ्तों मे पांच टेस्ट खेलेंगे और नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। बॉयकॉट ने 'डेली टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, 'विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास लेने से भारत की इंग्लैंड को हराने की संभावनाओं को नुकसान पहुंचेगा। कोहली सबसे बड़ा नुकसान हैं क्योंकि वे तीनों प्रारूप में उनके सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज रहे हैं। भारत द्वारा बहुत अधिक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेले जाने और बहुत कम आराम किए जाने के कारण, इसका बहुत असर पड़ता है और दिमाग थक जाता है।' इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कोहली की अनुपस्थिति को एक बड़ा झटका बताया।

## भारत-इंग्लैंड टेस्ट लीड्स के पिच को लेकर क्यूरेटर ने जताई संभावना

# पहले दिन तेज गेंदबाज ढाएंगे कहर फिर बल्लेबाज लगाएंगे रनों की झड़ी

एजेंसी ▶▶| लीड्स

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट लीड्स में 20 जून से खेला जाएगा। लीड्स आमतौर पर किसी सीरीज के बीच में टेस्ट मैच की मेजबानी करता है, लेकिन यहां शुरुआती मैच के आयोजन ने बहुत अधिक ध्यान खींचा है। भारतीय टीम सोमवार को यहां पहुंची।

इंग्लैंड ने यहां एक ट्रेनिंग सेशन आयोजित किया, जहां दिन के दौरान पिच को ढककर रखा गया था। भारत ने लीड्स में पिछले दो दशक में बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। टीम को 2021 में यहां अपने पिछले मैच में पारी की हार का सामना करना पड़ा था। लीड्स के मैदान प्रमुख रिचर्ड रॉबिन्सन ने कहा है कि यहां असामान्य रूप से शुष्क मौसम और इंग्लैंड की आक्रामक खेल शैली ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए 'अच्छी सतह' की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

### तेज गेंदबाजों के अनुकल पिच की मांग

रॉबिन्सन ने 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा, 'वे (इंग्लैंड) बस एक अच्छी सतह चाहते हैं, ताकि हम गेंद की लाइन पर हिट कर सकें। वे यही चाहते हैं।' रॉबिन्सन को उम्मीद है कि शुरुआती दिन पिच तेज गेंदबाजों की मदद करेगी, लेकिन अपेक्षित गर्मी के कारण सपाट हो जाएगी। पिच न केवल इंग्लैंड की बैजबॉल शैली (आक्रामक खेलने की शैली) के अनुकूल होगी, बल्कि यह अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को भी मुकाबले में बने रहने का अधिक मौका देगी।



### राहुल सबसे सीनियर खिलाड़ी

रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम में केएल राहुल सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे, जिन्हें सेना (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में अपने साधारण रिकॉर्ड को देखते हुए काफी कुछ साबित करना होगा। बल्लेबाजी क्रम में यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं जो सीनियर टीम के साथ इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर आए हैं। करुण नायर ने पिछली बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था। वह टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक भी जड़ चुके हैं।




### पहली श्रृंखला में इंग्लैंड की कड़ी चुनौती का लुत्फ उठा रहे गिल

पहली बार टेस्ट श्रृंखला में भारत की अगुआई करने की तैयारी कर रहे शुभमन गिल इंग्लैंड के लगातार बदलते मौसम की चुनौती का सामना कर रहे हैं जबकि सीनियर बल्लेबाज लोकेश राहुल भी इन परिस्थितियों में खेलने को लेकर उतने ही उत्साहित हैं। बीसीसीआई द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो में कप्तान गिल सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने साझा किया कि जब वे इंग्लैंड में खेलने के बारे में सोचते हैं तो उनके दिमाग में क्या आता है।

### ड्यूक बॉल, नंबर एक

गिल ने कहा, 'ड्यूक बॉल, यह नंबर एक है। मौसम जो हमेशा बदलता रहता है, वह रोमांचक और कठिन है। और दर्शकों का माहौल।' राहुल ने कहा, 'यहां टेस्ट क्रिकेट खेलना मुझे उत्साहित करता है। यहां की गर्मियां स्वदेश की गर्मियों से अलग है, यह कुछ ऐसा है जिसमें मुझे क्रिकेट खेलने में मजा आता है। जब सूरज निकलता है तो क्रिकेट खेलना बहुत अच्छा लगता है। तीसरी बात है रेस्तरां और खाने के विकल्प।'

### मौसम, हॉट चॉकलेट

स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने कहा, 'स्विंग और सीम, भारत यहां काफी मैच जीत रहा है।' शुक्रवार को पहले टेस्ट में पदार्पण के दावेदार माने जा रहे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन ने कहा, 'मौसम, हॉट चॉकलेट, ड्यूक गेंद।' आठ साल बाद संभावित वापसी के लिए तैयार करुण नायर ने कहा, ''जज्बा, टेस्ट और संस्कृति।''

## विंबलडन

# दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा को वाइल्ड कार्ड

एजेंसी ▶▶| लंदन

दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा विंबलडन में वापसी कर रही हैं और उन्हें इस साल के टेनिस टूर्नामेंट के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। क्वितोवा 2011 और 2014 की विंबलडन चैंपियन हैं। वह पिछली बार 2023 में इस ग्रास कोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेलीं थी।

पिछले साल विंबलडन टूर्नामेंट के दौरान वह पहली बार मां बनी। कोर्ट से 17 महीने दूर रहने के बाद क्वितोवा ने फरवरी में टेक्सास के ऑस्टिन में डब्ल्यूटीए टूर में वापसी की और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 572वें स्थान पर हैं। चेक गणराज्य की क्वितोवा बुधवार को मुख्य ड्रॉ में एकल वाइल्ड कार्ड पाने वाली एकमात्र गैर ब्रिटिश खिलाड़ी रहीं। महिला ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड पाने वाली अन्य सात खिलाड़ियों में हीथर वॉटसन, हैरियट डार्ट और जोडी बुरेज शामिल हैं। पुरुष वर्ग में डैन इवान्स सहित सात ब्रिटिश खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड दिया गया हे। पुरुष वर्ग में एक वाइल्ड कार्ड की घोषणा बाद में की जाएगी।

### राडुकानू का पीछा करने वाले को टिकट खरीदने से रोका

**लंदन।** टेनिस खिलाड़ी एमा राडुकानू का पीछा करने के आरोपी ने विंबलडन के टिकट हासिल करने की कोशिश की लेकिन ऑल इंग्लैंड क्लब की सुरक्षा प्रणाली ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। ब्रिटिश मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीबीसी और अन्य ने बताया कि उस व्यक्ति ने 30 जून से शुरू होने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए सार्वजनिक मतपत्र के माध्यम से टिकट के लिए आवेदन करने की कोशिश की लेकिन उसके नाम को हटा दिया गया। फरवरी में दुबई चैंपियनशिप में उस व्यक्ति ने 22 वर्षीय राडुकानू के प्रति 'अड़ियल व्यवहार' दिखाया था जो एक मैच के दौरान भीड़ में उसे देखकर परेशान हो गईं थीं। इससे एक दिन पहले उस व्यक्ति ने राडुकानू के लिए एक पत्र छोड़ा था और उसकी तस्वीर ली थी जिससे 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन परेशान हो गईं थी।

## विश्व पैरा चैंपियनशिप की ब्रांड दूत बनीं कंगना



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सह राजनीतिज्ञ कंगना रनौत को बुधवार को सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। 'फैशन' और 'क्वीन' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोरने वाली 39 वर्षीय कंगना वर्तमान लोकसभा में हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं। कंगना ने कहा, 'भारत के पैरा एथलीट हर दिन क्या संभव है, इसे फिर से लिख रहे हैं। मैं उनका समर्थन करने और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं।'

## महिला टी20 विश्व कप 2026

# भारत और पाकिस्तान में 14 जून को होगा महामुकाबला

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मैच में 14 जून को एजबेस्टन में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद और मेजबान इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम घोषित किया जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी। अगले साल होने वाला यह टूर्नामेंट 24 दिन तक चलेगा जिसकी शुरुआत 12 जून से होगी और समापन पांच जुलाई को होगा। टूर्नामेंट के 33 मुकाबले



इंग्लैंड के सात स्थानों पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का पहला मैच 12 जून को एजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होगा जबकि भारत और पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत एजबेस्टन में ही करेंगे। एजबेस्टन के अलावा मैच हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी मैदान और लॉर्ड्स पर खेले जाएंगे।


**न्यायालय श्रीमान मुख्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण बिलासपुर (छ.ग.)**

कृपाशंकर गौतम ...आवेदक

**विरूद्ध**

राजा बैगा वगैरह ...अनावेदकगण

प्र.क्र.-1885/2023
पेशी-21.07.2025
आदेश दिनांक 09.05.2025
P.N. 2456

प्रति,
शिवराज कोल पिता रामप्रसाद कोल उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम व पोस्ट इंदवार, जिला उमरिया (म.प्र.)

आपके विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदक कृपाशंकर गौतम के द्वारा रू. 20,00,000/-(बीस लाख रूपये) क्षति पूर्ति राशि वसूली करने हेतु अनावेदकगण के विरूद्ध क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण संस्थित किया गया है। आपको इस न्यायालय में दिनांक 21.07.2025 को दिन के 11:00 बजे दावा प्रकरण का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिरी) होने के लिए नोटिस/समंस का प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर/अधिवक्ता के द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके, तथा उन सभी दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहे जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है। आपको सूचित किया जाता है कि, आप उक्त तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो आपके विरूद्ध दावा की एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए दावा का निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारणवश पेशी तारीख 21.07.2025 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनांक 10/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)

**(सिराजुद्दीन कुरैशी)**
**मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण**
**बिलासपुर (छ.ग.)**



**पश्चिम मध्य रेल**

जबलपुर मंडल वाणिज्य विभाग

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता हे। **कार्य का प्रकार** : मल्टीपर्पस स्टॉल, **कैटलॉग क्र.** : JBP-C-MPS-12-25, **ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय** : 30.06.2025 11:00 बजे

| स्टेशन | लॉट क्र. | यूनिट क्र. | ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| पिपरिया | MPS-JBP-PPI-MPS-49-25-2 | PPI-MPS - 4 | 30.06.2025 11:30 Hrs |
| बनखेड़ी | MPS-JBP-BKH-MPS-62-25-1 | BKH-MPS -1 | 30.06.2025 11:40 Hrs |
| जैतवारा | MPS-JBP-JTW-MPS-64-25-1 | JTW-MPS -1 | 30.06.2025 11:50 Hrs |
| खुरई | MPS-JBP-KYE-MPS-66-25-1 | KYE-MPS -1 | 30.06.2025 12:00 Hrs |
| पिपरिया | MPS-JBP-PPI-MPS-48-25-2 | PPI-MPS -3 | 30.06.2025 12:10 Hrs |
| नरसिंहपुर | MPS-JBP-NU-MPS-73-25-1 | NU-MPS-1 | 30.06.2025 12:20 Hrs |
| श्रीधाम | MPS-JBP-SRID-MPS-71-25-1 | SRID-MPS-1 | 30.06.2025 12:30 Hrs |
| नरसिंहपुर | MPS-JBP-NU-MPS-54-25-1 | NU-MPS-2 | 30.06.2025 12:40 Hrs |
| करेली | MPS-JBP-KY-MPS-65-25-1 | KY-MPS-1 | 30.06.2025 12:50 Hrs |
| बांदकपुर | MPS-JBP-BNU-MPS-63-25-1 | BNU-MPS-1 | 30.06.2025 13:00 Hrs |
| सोहागपुर | MPS-JBP-SGP-MPS-69-25-1 | SGP-MPS-1 | 30.06.2025 13:10 Hrs |
| मदन महल | MPS-JBP-MML-MPS-51-25-2 | MML-MPS-2 | 30.06.2025 13:20 Hrs |
| रीवा | MPS-JBP-REWA-MPS-34-25-2 | REWA-MPS-4 | 30.06.2025 13:30 Hrs |
| मैहर | MPS-JBP-MYR-MPS-18-25-1 | MYR-MPS-1 | 30.06.2025 13:40 Hrs |
| मकरोनिया | MPS-JBP-MKRN-MPS-67-25-1 | MKRN-MPS-1 | 30.06.2025 13:50 Hrs |
| पथरिया | MPS-JBP-PHA-MPS-68-25-1 | PHA-MPS-1 | 30.06.2025 14:00 Hrs |
| जबलपुर | MPS-JBP-JBP-MPS-2-25-1 | JBP-MPS-2 | 30.06.2025 14:10 Hrs |

संभावित बोली दाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in). पर E-Auction Leasing मॉडयूल देखें लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सुचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता)
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वणिज्य), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-241 Date 18/06/25<br>2025_UAD_431634_1 | संभाग क्रमांक 06-अंतर्गत दमोह पेट्रोल पंप से बल्देवबाग मार्ग के नाले में चेम्बर निर्माण कार्य। (निगम मद) | तीन माह<br>3.63/- लाख | 2000/-<br>3640/- | 03/07/2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**

**तृतीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-235 Date 18/06/25<br>2025_UAD_431630_1 | संभाग क्रमांक 06-अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड अंतर्गत नंदन विहार स्थित नंदन संस्कार स्कूल के पीछे सड़क का निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | तीन माह<br>2.96/- लाख | 2000/-<br>2965/- | 03/07/2025 |
| 2 | PRO-235 Date 18/06/25<br>2025_UAD_431630_2 | संभाग क्रमांक 06-अंतर्गत राजीव गांधी वार्ड में शास्त्री विहार कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | तीन माह<br>4.21/- लाख | 2000/-<br>4219/- | |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**



**कार्यालय कलेक्टर, जनजातीय कार्य तथा अनु. जाति विभाग सतना (म.प्र.)**

**विज्ञापन / इस्तहार**

वर्ष 2025-26 में सतना जिले में संचालित जिला स्तरीय एवं विकास खण्ड स्तरीय उत्कृष्ट छात्रावासों में कक्षा 9वीं एवं 10वीं हेतु गणित, विज्ञान, अंग्रेजी के कोचिंग शिक्षकों / कोचिंग केन्द्रो से कोचिंग कराया जाना है। कोचिंग शिक्षकों की शैक्षणिक योग्यता स्नातक की परीक्षा में संबंधित विषय से 60% या अधिक अंक होना चाहिए कोचिंग शिक्षकों का चयन विकासखण्ड स्तर पर स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांकों के आधार पर मैरिट कम में किया जावेगा।

11वीं, 12वीं के कोचिंग हेतु गणित, भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान, अंग्रेजी तथा कॉमर्स समूह के एकाउण्टस, एप्लाईड अर्थशास्त्र हेतु एक - एक शिक्षकों / कोचिंग केन्द्रो से कोचिंग कराया जाना है। कोचिंग शिक्षको की शैक्षणिक योग्यता स्नातकोत्तर की परीक्षा में संबंधित विषय में 60% या अधिक अंक होना चाहिए। कोचिंग शिक्षकों का चयन विकासखण्ड स्तर पर स्नातकोत्तर परीक्षा में प्राप्त प्राप्तांकों के आधार पर मैरिट क्रम में किया जावेगा एवं कोचिंग हेतु एक छात्रावास में एक कोचिंग शिक्षक का चयन मान्य किया जावेगा, दूसरे छात्रावास के कोचिंग हेतु आवेदन पत्र मान्य नही होगा ।

प्रत्येक छात्रावास में एक कम्प्यूटर शिक्षक से प्रत्येक रविवार को कोचिंग कराई जाना है कम्प्यूटर संबंधी कोचिंग हेतु प्राप्त आवेदनों में कम्प्यूटर संबंधी श्रेष्ठ योग्यताधारी को वरीयता दी जावेगी। कक्षा 9वी 10वीं, 11वीं एवं 12वीं विषय कोचिंग शासकीय / अशासकीय शिक्षकों / कोचिंग केन्द्रो से कोचिंग कराया जाना है। कोचिंग हेतु आवेदन पत्र एवं योग्यता संबंधी अंकसूची की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा तथा शासकीय शिक्षकों द्वारा प्राचार्य / संस्था प्रमुख से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर निम्नानुसार निर्धारित प्रपत्र में प्रस्ताव पूर्ण जानकारी एवं सहपत्रों के साथ संबंधित छात्रावास के अधीक्षक / अधीक्षिका के पास दि. 22.06.2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत किये जा सकेगें कोचिंग हेतु प्रतिकाल खण्ड रू. 300/- मानदेय निर्धारित है।

**कोचिंग हेतु प्रस्तावित छात्रावासों के नाम**

| क्र. | जिला | विकास खण्ड का नाम | जिला/विकास खण्ड में संचालित छात्रा. का नाम | कोचिंग हेतु कक्षा 9 से12वीं तक के विषय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सतना | सोहावल | जिला स्तरीय उत्कृष्ट बालक छात्रा. सतना | उपरोक्तानुसार |
| 2 | -"- | | जिला स्तरीय उत्कृष्ट कन्या छात्रा. सतना | -"- |
| 3 | -"- | नागौद | जिला स्तरीय उत्कृष्ट बालक छात्रा. नागौद | -"- |
| 4 | -"- | | जिला स्तरीय उत्कृष्ट कन्या छात्रा. नागौद | -"- |
| 5 | -"- | मझगवां | जिला स्तरीय उत्कृष्ट बालक छात्रा. चित्रकूट | -"- |
| 6 | -"- | | जिला स्तरीय उत्कृष्ट कन्या छात्रा. चित्रकूट | -"- |
| 7 | -"- | रामपुर बघेलान | जिला स्तरीय उत्कृष्ट बालक छात्रा. रामपुर बघेलान | -"- |
| 8 | -"- | उचेहरा | जिला स्तरीय उत्कृष्ट बालक छात्रा. उचेहरा | -"- |

**कोचिंग हेतु निर्धारित प्रपत्र में संबंधित शिक्षक जानकारी उपलब्ध करावें**

| क्र. | शिक्षक का नाम | पद | योग्यता | श्रेणी/ प्रतिशत | कार्यरत स्थान | निवास का पता | उत्कृष्ट छात्रावास से निवास की दूरी | उत्कृष्ट छात्रावास से कार्यरत स्थान की दूरी | पदाकित वि. ख. का नाम | कोचिंग देने हेतु विषय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |

**जिला संयोजक,**
**जनजातीय कार्य तथा अनु.जाति विभाग, जिला सतना (म.प्र.)**

G-14491/25




हाईकोर्ट ने कहा अभियोजन की स्वीकृति का मामला ट्रायल के समक्ष उठायें

# भ्रष्टाचार के प्रकरण में स्मार्ट सिटी जबलपुर के सहायक यंत्री को राहत नहीं

हरिभूमि जबलपुर।

भ्रष्टाचार के आरोपी में अभियोजन की स्वीकृति सक्षम प्राधिकरण के द्वारा प्रदान नहीं किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि ट्रायल कोर्ट में गवाहों की परीक्षण प्रारंभ हो गया है। एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि याचिकाकर्ता सक्षम प्राधिकरण द्वारा अभियोजन की अनुमति नहीं दिये जाने का मामला ट्रायल कोर्ट के समक्ष उठाने के लिए स्वतंत्र है।

स्मार्ट सिटी जबलपुर में सहायक यंत्री के पद पर पदस्थ आदित्य सिंह की तरफ से भ्रष्टाचार के प्रकरण में अभियोजन की स्वीकृति आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के द्वारा दिये जाने को चुनौती दी गयी थी। याचिका में कहा गया था कि तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी नगर पंचायत जयसिंहनगर जिला शहडोल द्वारा जिला चयन समिति द्वारा पारित संकल्प के आधार पर साल 1995 में उन्ह उपयंत्री के पद नियुक्त किया गया था।

एकलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि जुलाई 2021 के पारित आदेष से याचिकाकर्ता को जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड जिला जबलपुर में सहायक यंत्री (प्रभारी) के पद पर पदस्थ किया गया था। इसके पूर्व याचिकाकर्ता संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास



विभाग कार्यालय जबलपुर में उपयंत्री के पद पर पदस्थ था। उक्त अवधि में उसके विरुद्ध रिश्वत मांगने में विरुद्ध लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के प्रावधानों के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। याचिकाकर्ता के खिलाफ अभियोजन शुरू करने के लिए लोकायुक्त के द्वारा सक्षम प्राधिकारी यानी आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से अनुमति मांगी गई थी। याचिकाकर्ता के खिलाफ अभियोजन की अनुमति मई 2023 को प्रदान की गयी थी।

याचिकाकर्ता ने स्वीकार किया है कि ट्रायल कोर्ट में गवाहों का परीक्षण प्रारंभ हो गया है। याचिकाकर्ता को यह स्वतंत्रता प्रदान की जाती है कि वह समक्ष प्राधिकरण के द्वारा अभियोजन की अनुमति प्रदान नहीं करने का मुद्दा ट्रायल कोर्ट के समक्ष उठाने के लिए स्वतंत्र है। अभियोजन पक्ष पर यह साबित करने का दायित्व होगा कि प्राधिकारी द्वारा वैध मंजूरी दी गई है।

# नदियों के किनारे न हो कोई भी निर्माण कार्य

हाईकोर्ट ने सीधी सीएमओं सहित अन्य को नोटिस

**जबलपुर।** सीधी जिले में कोटहा क्षेत्र से निकलने वाली हिरन नदी व सूखा नाला नदी के किनारे अतिक्रमण किये जाने को चुनौती देने वाले मामले को काफी गंभीरता से लिया। एसीजे संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में अंतरिम राहत प्रदान करते हुए नदी किनारों पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न किये जाने के निर्देश दिये है। इसके साथ ही युगलपीठ ने सीधी सीएमओं सहित अन्य को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। यह जनहित याचिका आदित्य नारायण सिंह की ओर से दायर की गई है। जिनकी ओर से अधिवक्ता सत्यप्रकाश मिश्रा ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि सीधी जिले के कोटहा क्षेत्र में हिरन नदी व सूखा नाला नदी है, जिसके दोनों ओर व्यापक रूप से अतिक्रमणकारियों ने कब्जा कर निर्माण कर लिया है, जिससे नदियों का अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है। इतना ही नहीं बारिस के मौसम में अतिक्रमण के कारण स्थिति भयावह हो जाती है। उक्त मामले में संबंधित अधिकारियों से शिकायत किये जाने के बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। मामले में प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन विभाग, कलेक्टर सीधी, एसडीओं, तहसीलदार व सीएमओं सीधी सहित दिवाकर सिंह व हल्के सोनी सहित अन्य को पक्षकार बनाया गया है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात न्यायालय ने उक्त अंतरिम राहत देते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

बरगी से लापता पीड़ित महिला ग्रेटर नोएडा में की गई रेस्क्यू

# सायबर ठगों के झूठे अपहरण का पर्दाफाश

हरिभूमि जबलपुर।

बरगी पुलिस ने सायबर ठगो द्वारा रची गई एक फर्जी अपहरण और बंधक बनाने की कहानी का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने पीड़ित महिला का रेस्क्यू किया और अब उसकी काउंसलिंग की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा ने कंट्रोलरुम में पत्रकारों से चर्चा में बताया कि गत 23 अप्रैल 2025 को एक 36 वर्षीय श्रीमती विनीता (काल्पनिक नाम) बरगी में स्थित अपने मायके में मेहमानी करने आई थी। 26 अप्रैल को 2025 को दोपहर लगभग 12 बजे बरगी जाने का कहकर निकली और जो फिर घर नहीं पहुंची। लड़की की मां और पति ने उसे काफी तलाश किया। उसके बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जब जांच शुरु की तो एक चौंकाने वाली बात सामने आई। जांच के दौरान पुलिस को परिजनों ने बताया कि अज्ञात मोबाइल नम्बर धारक द्वारा श्रीमती विनीता (काल्पनिक नाम) को अपहरण कर बंधक बनाने एवं पैसों की मांग करने, शरीर के आर्गन निकालकर शरीर बरगी एवं जबलपुर में फैंकने की धमकी दी गयी है। आडियो वीडियो व्हाटसएप कॉल और व्हाटसएप मैसेज पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 140(1), 140(2), 140(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में टीमों द्वारा उदयपुर, जैसलमेर, दिल्ली आदि कई



शहरों में दबिश दी गयी प्रकरण में तकनीकी जानकारी के आधार पर थाना प्रभारी बरगी श्री कमलेश चौरिया के नेतृत्व में टीम ने ग्रेटर नोएडा, दिल्ली में दबिश देते हुये दिनांक 16 जून 25 को महिला को सकुशल दस्तयाब किया। महिला से पूछताछ करने पर पाया गया कि श्रीमती विनीता (काल्पनिक नाम) एक आशा कार्यकर्ता है। होली के आसपास श्रीमती विनीता (काल्पनिक नाम) से साइबर ठग द्वारा संपर्क किया गया, जिसके द्वारा लॉटरी जीतने से सोना-चांदी के आभूषण मिलने के संबंध में लालच देकर पैसों की मांग की गई। महिला ठग की बातों में आ गई और उसके द्वारा ठगो के खातों में पैसे डाले गए। बाद में ठग द्वारा और पैसों की मांग यह कहते हुए की गई कि उसे सोने के साथ पुलिस ने पकड़ लिया है अगर महिला और पैसे नहीं देती है तो उसे भी पुलिस पकड़ लेगी, जिससे महिला डर गई और उसके द्वारा साइबर ठग की बातों में आकर अलग अलग समय पर लगभग 4 लाख रुपए साइबर ठग के खाते में डाले गए।

साइबर ठग की बातों से और घर वालो से पैसों के संबंध में पूछताछ से परेशान होकर महिला द्वारा कही बाहर जाकर पैसा कमाकर अपने आभूषण लेने का सोचा गया और महिला 27 अप्रैल 2025 को बिना अपने घर वालो को बताए चली गई थी। लगभग 1 माह तक दिल्ली, मुंबई, सूरत इत्यादि शहरों में घूमती रही तथा साइबर ठग के संपर्क में रही जो महिला को लगातार गुमराह करता रहा। 1 जून 2025 को साइबर ठग की बातों में आकर महिला द्वारा घर वालो को गुमराह करते हुये अपने अपहरण के संबंध में और उनसे पैसों की मांग करने हेतु स्वयं अपने अपहरण के कुछ वीडियो बनाकर साइबर ठग को भेजे जिसे ठग द्वारा महिला के घर वालो को भेजकर पैसों की मांग की गई। साइबर ठग द्वारा महिला के परिजनों को विदेशी व्ही.पी.एन. से संपर्क कर लगातार धमकियां दी जा रही थी।

मौसम विभाग ने की मानसून आगमन की घोषणा

# मानसूनी दस्तक के साथ झमाझम के आसार

हरिभूमि जबलपुर।

मौसम विभाग ने पूरे मप्र में मानसून के दस्तक देने की अधिकारिक घोषणा कर दी है। जबलपुर मौसम विज्ञान का कहना है कि छत्तीसगढ़ के ऊपर हवा का कम दबाव का क्षेत्र बन चुका है। बुधवार की देर रात से गुरुवार तक जबलपुर में भी मानसून सक्रिय हो जाएगा। जबलपुर संभाग के डिंडौरी, मंडला, सिवनी और कटनी में अच्छे बारिश होने के सामाचार मिले हैं लेकिन जबलपुर में बुधवार को तेज धूप व गर्मी रही। शाम को हल्के बादल छाए लेकिन बूंदाबांदी करने के बाद बादल निकल गए। यद्यपि संभाग के आसपास बारिश होने के बाद तापमान में गिरावट आई है लेकिन गर्मी की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ा। मानसून अगले दो दिनों में छत्तीसगढ़ को भिगोते हुये जबलपुर में झमाझम बारिश के साथ पहुंच सकता है।



पश्चिमी मध्यप्रदेश के ऊपर मानसून की सक्रियता बनी हुई है। जबकि पूर्वी मध्यप्रदेश के जिले मानसून का इंतजार कर रहे हैं। कल सुबह बूंदाबांदी हुई, दिन में मौसम साफ हुआ, धूप भी निकली, फिर बादल छाए रहे। बादलों की वजह से उमस रही, वहीं तापमान औसत से नीचे आया। मौसम विभाग के अनुसार हवा में नमी बढ़ने से प्री मानसून की गतिविधियां बढ़ गई हैं। छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में मानसून पहुंच गया है। चक्रवात की वजह से कहीं कहीं बारिश हो सकती है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि मानसून अभी छत्तीसगढ़ में सक्रिय है। 19-20 जून तक जबलपुर में प्रवेश कर सकता है। अभी बंगाल की खाड़ी में ही हवायें सक्रिय हैं। जहां तक आसमान में हवा के कम दबाव का क्षेत्र है, वह स्थानीय बादलों से ही बन रहा है। इसलिए फिलहाल छुटपुट वर्षा ही हो सकती है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य और न्यूनतम तापमान 25.08 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 1 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 67 प्रतिशत और सायंकाल 36 प्रतिशत आंकी गई। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ छुटपुट वर्षा हो सकती है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 40.8 और न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। गत वर्ष आज के दिन के वर्षा नहीं हुई थी और कुल वर्षा का आंकड़ा 9.6 मिमी पहुंच चुका था। जबकि इस वर्ष अभी तक मात्र 11.4 मिमी वर्षा हुई है।

## जबलपुर रेल मंडल में राजभाषा को बढ़ावा देने के निर्देश

**जबलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 190 वीं बैठक संपन्न हुई । इस अवसर पर अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (प्रशा.एवं सामा.) सुनील टेलर ने अपने स्वागत उद्बोधन में समिति के अध्यक्ष एवं मंडल रेल प्रबंधक सहित सभी सदस्यों/प्रतिनिधियों का बैठक में स्वागत करते हुए बताया कि जबलपुर मंडल पर रेल परिचालन के साथ-साथ भारत सरकार की राजभाषा नीतियों का प्रभावी कार्यान्वयन प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों में एवं मुख्यालय राजभाषा विभाग द्वारा समय समय पर जारी निर्देशों का मंडल पर पूर्ण रूप से अनुपालन किया जा रहा है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सदस्यों को निर्देश दिए की सभी नाम/पदनाम/सूचना बोर्ड आदि द्विभाषी रूप में होना सुनिश्चित किया जाए साथ ही राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के दस्तावेजों का द्विभाषीकरण भी सुनिश्चित किया जाए।

5 दिन बाद चंगुल से छूटकर भागी पीड़िता, एफआईआर दर्ज

# अपहरण के बाद महिला को बंधक बनाकर किया रेप

हरिभूमि जबलपुर।

गौर तिराहे पर एक महिला का अपहरण किया गया और कार से उसे महगांव ले गए जहां पांच दिनों तक उसे बंधक बनाकर रखा और उसके साथ बलात्कार किया। महिला अपनी सास के साथ लखनादौन जिला सिवनी से अपने दो साल के बच्चे का इलाज कराने जबलपुर आई थी। पांच दिन के बाद महिला आरोपियों के चंगुल से छूटकर अपने गांव भिलमा लखनादौन पहुंची और पूरी घटना परिजनों को बताई। इसके बाद महिला ने अपने परिजनों के साथ आकर जबलपुर के महिला पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज कराई।

पुलिस के मुताबिक ग्राम भिलमा लखनादौन जिला सिवनी निवासी एक महिला 11 जून को सुबह अपनी सास व दो साल के बच्चे के साथ बरगी बांध पहुंची। जहां पर उसने स्नान किया। इसके बाद बस में बैठकर जबलपुर आई. गौर तिराहा के पास महिला को गर्मी के कारण उल्टियां होने लगी, लिहाजा तीनों बस से उतरकर सड़क किनारे बैठे आटो का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान बच्चा रोया तो उसे चुप कराने के लिए महिला किराना दुकान बिस्किट लेने चली गई। इसी दौरान एक सफेद रंग की कार में उसके परिचित विश्वनाथ उर्फ विष्णु लोधी व उसका साथी विक्की पहुंच गए. जिन्होने जबलपुर तक छोडऩे के लिए कहा, महिला ने कहा कि सास भी साथ में आई है। विश्वनाथ ने यह कहते हुए कि



गाड़ी मोड़कर सास को भी बिठा लेगे. और कार तेजी से बरगी की तरफ ले गया। शोर मचाने पर भी कार नहीं रोकी। महगांव ले जाकर उसे पांच दिनों तक बंधक बनाकर रेप किया।

सास काफी देर तक इंतजार करती रही, जब बहू व पोता नहीं आया तो गौर पुलिस चौकी पहुंचकर बहू व पोते के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई. इस बीच पीड़ित महिला किसी तरह आरोपी के चंगुह से भागकर अपने गांव भिलमा पहुंची और घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी, तब जाकर महिला पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराइ। पुलिस ने आरोपी विश्वनाथ उर्फ विष्णु लोधी और उसके साथी विक्की के खिलाफ अपहरण और रेप का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी अभी फरार है।

टास्क देकर 2 लाख 69 हजार हड़पे

# वर्क फ्राम होम के नाम पर धोखाधड़ी

**जबलपुर।** शहर के बेरोजगार युवा इन दिनों साइवर ठग घर बैठे पैसा कमाने का लालच देकर टास्क देकर उनके खाते खाली कर रहे हैं। अधारताल थानांतर्गत महज 24 घंटे के भीतर टास्क देकर वर्क फ्रामहोम के माध्यम से साइवर ठगी की दूसरी घटना सामने आई है। इसके पहले साइवर ठग ने एक युवती को टास्क देकर कमीशन का लालच देकर उसके खाते से 87 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए थे। वहीं अब एक युवक भी ऐसी ही साइवर ठगी का शिकार हो गया। अधारताल थानांतर्गत अंबेडकर कालोनी में रहने वाले युवक ने इंटरनेट पर वर्क फ्राम होम सर्च किया था। कुछ ही देर बाद उससे व्हाट्स अप पर मैसेज के माध्यम से उसके संबंध में पूरी जानकारी लेने के बाद अज्ञात जालसाज ने उसका खाता खोला। जिसमें उसने अपने बैंक की जानकारी भेजी। फिर अज्ञात ने उसके खाते में 100 रुपये भेजे। उसने उसी वालेट में अपने खाते से 200 रुपये एड किए। इसके बाद जालसाज ने कई टास्क देकर उसे कमीशन का प्रलोभन देकर उसे उलझाते हुए 2 लाख 69 हजार 482 रुपये हड़प लिये। अज्ञात जालसाज पर धारा 420 का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। अधारताल थाना प्रभारी प्रवीण कुमरे ने बताया कि अंबेडकर कालोनी निवासी मोहम्मद इरफान इंटरनेट पर वर्कफ्राम होम जॉब सर्च कर रहा था। उसने एक साइट खोली तो उसके पास व्हाट्स अप पर एक मैसेज आया। जिसमें उससे पूरी जानकारी मांगी गई। इसके बाद इरफान का खाता खोला गया। उसने अपने बैंक की जानकारी भरी। इरफान के खाते में 100 रुपये भेजे गये। उसने उसी वालेट में 200 रुपये एड कर 300 रुपये का प्रोडक्ट खरीदा। जिसका कमीशन 330 रुपये प्राप्त हुआ। टास्क का सिलसिला लगातार चलता रहा। जालसाज ने इरफान को टास्क देकर 22 हजार रुपये 999 का प्रोक्ट खरीदने कहा। जिसका कमीशन इरफान को 7199 रुपये दिया। इसी तरह ४९९९९ रुपये के प्रोक्ट को खरीदने पर 19999 रुपये कमीशन बना। जिसे जालसाज ने फ्रीज कर दिया और कहा कि एक हिडन टास्क कम्पलीट करना है। जिसकी कीमत 65228 रुपये थी। इस टास्क को भी इरफान ने कम्पलीट किया पर उसे 16115 रुपये कमीशन नहीं मिलने पर जब इरफान ने अज्ञात व्यक्ति से पूछा तो उसने कहा कि एक लाख 17 हजार रुपये हेडलिंग फीस जमा करना होगी तभी एमाउंट मिलेगा। इस तरह अज्ञात जालसाज ने वर्कफ्राम होम का झांसा देकर इरफान को टास्क में उलझकर 2 लाख 69 हजार रुपये हड़प लिए।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक- डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240